

4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार समाज जागरण RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्ष: 1 अंक: 346 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 06 अक्टूबर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 14 मूल्य 05 रुपया


## 'अपने 41 डिप्लोमैट वापस बुलाए', विदेश मंत्रालय की दो टूक, टूडो को भारत का अल्टीमेटम

नई दिल्ली. भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह भारत में अपनी राजनयिक उपस्थिति में समानता सुनिश्चित करने के मुद्दे पर कनाडा के साथ चर्चा कर रहा है. मीडिया में आई खबरों के अनुसार भारत ने कनाडा से दो टूक कहा है कि 10 अक्टूबर तक वो 41 डिप्लोमैट को वापस बुला ले. भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमारा फोकस भारत में कनाडा के डिप्लोमैट को कम करने पर है. भारत में इनकी संख्या बहुत ज्यादा हो चुकी है और ये लगातार भारत के आतंरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं.

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, "हमने भारत में कनाडा की राजनयिक उपस्थिति में समानता की मांग की और चर्चा जारी है. उन्होंने कहा, हमारा ध्यान कनाडा की राजनयिक उपस्थिति में समानता सुनिश्चित करने पर है. दो हफ्ते पहले, नई दिल्ली ने ओटावा से भारत में अपनी राजनयिक उपस्थिति कम करने के लिए कहा था. जून में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की "संभावित" संलिप्तता के कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में गंभीर तनाव में आ गया था.

### भारत और कनाडा में राजनयिकों की संख्या में बराबरी होना जरूरी

अरिंदम बागची ने कहा है कि भारत और कनाडा में राजनयिकों की संख्या में बराबरी होना जरूरी है. ये कनाडा पर निर्भर करता है कि वो किस राजनयिक को अपने उच्चायोग के साथ रखेगा. हमारी चिंताएं राजनयिकों की उपस्थिति में समानता से जुड़ी हुई हैं. हमारा ध्यान दो चीजों पर है पहला- कनाडा में ऐसा माहौल हो जहां भारतीय राजनयिक अच्छे से काम कर सकें और दूसरा राजनयिक क्षमता के मामले में समानता हासिल करना.





### कनाडा के आरोपों को बेतुका और प्रेरित बताकर खारिज किया था

भारत ने आरोपों को "बेतुका" और "प्रेरित" कहकर खारिज कर दिया और इस मामले के लेकर ओटावा के एक भारतीय अधिकारी को निष्कासित करने के बदले में एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित कर दिया था. भारत सरकार ने कहा है कि कनाडा ने निज्जर की हत्या के दावे के समर्थन में अभी तक कोई सार्वजनिक सबूत उपलब्ध नहीं कराया है. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हाल ही में कहा था कि कनाडा के साथ चल रही समस्या देश में आतंकवाद, उग्रवाद और हिंसा को कनाडा सरकार के समर्थन के कारण पिछले कुछ साल से बनी हुई है. जयशंकर ने कहा कि मौजूदा स्थिति को गतिरोध नहीं कहा जा सकता है.

## इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन (भारत) द्वारा नोएड़ा पुलिस आयुक्त का किया गया सम्मान

गौतमबुद्धनगर/समाज जागरण



पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह को नोएड़ा पुलिस द्वारा किये गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। वहीं पुलिस और मीडिया के साथ अच्छे तालमेल व पत्रकारिता की गरिमा अक्षुण बनाए रखने समेत कई अन्य मुद्दों पर 'चाय पर' चर्चा की गई।

इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन (भारत) के पदाधिकारियों द्वारा गौतमबुद्धनगर पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह से उनके कार्यालय में नोएड़ा पुलिस द्वारा उत्कृष्ठ कार्य करने पर आयुक्त को संस्था ने सम्मान पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। और पत्रकार व पत्रकारिता की गरिमा को अक्षुण बनाए रखने के साथ तमाम मुद्दों पर चर्चा भी हुई, और संस्था की ओर से पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। इस मौके पर इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पंडित, संरक्षक व वरिष्ठ पत्रकार आलोक द्विवेदी, संरक्षक नंद गोपाल वर्मा, संरक्षक व वरिष्ठ पत्रकार आर बी उपाध्याय, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव रमन ठाकुर, अमित भाटी, सुमन चौधरी, प्रमोद यादव, अभिषेक, आमिर, प्रखर वार्ष्णेय, ब्रह्मानंद झा, दीपू पंडित, सूंदर सिंह समेत कई अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।

## श्री कुलदीप गुप्ता को जोनल रेलवे उपयोगकर्ता सलाहकार समिति मे सदस्य नियुक्त किए जाने पर हर्ष का माहौल।

नोएडा समाज जागरण डेस्क



नोएडा के उद्यमी तथा भारत विकास परिषद के अध्यक्ष डॉ कुलदीप गुप्ता को भारत सरकार मे जोनल रेलवे उपयोगकर्ता

**जेडआरयूसीसी के सदस्य स्टेशन मास्टर या टिकट कलेक्टर या ट्रैवलिंग टिकट परीक्षक को बुलाने के लिए अधिकृत होता हैं, जो किसी भी स्टेशन पर किसी भी चीज की जांच करने के लिए तुरंत उपलब्ध हैं।**

सलाहकार समिति के सदस्य नियुक्त किए जाने पर परिवार तथा व्यापारी वर्ग मे हर्ष का माहौल है। आज सुबह से ही उनको चारों तरफ के ढेरो बधाई मिलने का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात तक जारी रहा। इस अवसर पर अविनाश सिंह युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष ने कहा है **'नोएडा के प्रति इनका प्यार और समर्पण प्रेरणादायक है।'**

प्रिय कुलदीप भाई, आपके द्वरा प्राप्त इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरा वैश्य अग्रवाल समाज नोइडा गौतम बुद्ध नगर का हर निवासी अपने को गौरान्वित महसूस करते हुए नोइडा गौतम बुद्धनगर की धरा के निवासियों का आपके द्वरा इन सुवर्णिप पल का सुखद अहसास हुम सबको कराने के लिये कोटि कोटि बधाई शुभकामनाएं ईश्वर आपकी हर गतिविधि में दिव्य भाग्य की वर्षा करें। मैं आपको भविष्य के सभी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता हूं। सुरेन्द्र गर्ग

## न्यूजीलैंड ने चैंपियन इंग्लैंड की निकाली हेकड़ी, 9 विकेट से रौंदकर वनडे वर्ल्ड कप में मचाया हाहाकार

नई दिल्ली. आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के 13वें एडिशन का आगाज धमाकेदार अंदाज में हुआ है. पिछली बार की उप विजेता न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड (ENG vs NZ) को हराकर वनडे वर्ल्ड कप में विजयी शुरूआत की है. युवा बैटर रचिन रवींद्र और ओपनर डेवोन कॉनवे की धमाकेदार शतकीय पारी के दम पर कीवी टीम ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए वर्ल्ड कप 2023 के पहले मुकाबले में इंग्लैंड को 9 विकेट से पराजित किया. इसके साथ ही न्यूजीलैंड ने 4 साल पहले इंग्लैंड के हाथों फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया.

इंग्लैंड की ओर से रखे गए 283 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने ओवर 36 .2 ओवर में 1 विकेट पर जीत दर्ज कर ली . रचिन रवींद्र ने 96 गेंदों पर 11 चौकों और 5 छक्कों की मदद से नाबाद 123 रन बनाए. डेवोन कॉनवे ने 121 गेंदों पर 19 चौकों और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 152 रन की पारी खेली. कॉनवे और रचिन ने दूसरे विकेट के लिए 273 रन की साझेदारी की.


### रचिन रवींद्र ने रचा इतिहास

रचिन रवींद्र ने वनडे विश्व कप में न्यूजीलैंड के लिए सबसे तेज शतक ठोका. उन्होंने अपनी सेंचुरी 82 गेंदों पर पूरी की जिसमें 9 चौके और 4 छक्के शामिल थे. रचिन विश्व कप इतिहास में सबसे कम उम्र में शतक जड़ने वाले बैटर बन गए हैं. उन्होंने यह उपलब्धि 23 साल 321 दिन की उम्र में हासिल की. रचिन वर्ल्ड कप डेब्यू में शतक जड़ने वाले पांचवें कीवी खिलाड़ी बन गए हैं. 10 के स्कोर पर गिर चुका था

## 275 करोड रुपए की परसवाड़ा बगलीपाठ सिंचाई परियोजना को मंजूरी,मुख्यमंत्री आज करेंगे वर्चुअल शिलान्यास

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(06 अक्टूबर )जल संसाधन राज्यमंत्री रामकिशोर नानो कावरे के विधानसभा क्षेत्र परसवाड़ा को विकास की एक और उपलब्धि मिली है। 275 करोड़ रुपए की लागत वाली परसवाड़ा बगलीपाठ माइक्रो प्रेशराइज सिंचाई परियोजना को कैबिनेट बैठक में मंजूरी प्रदान कर दी गई है ।जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जनपद पंचायत परसवाड़ा के अध्यक्ष समल धुर्वे ने परसवाड़ा बगलीपाठ माइक्रो सिंचाई परियोजना की स्वीकृति अनुशंसा किए जाने पर जानकारी देते हुए बताया कि आयुष एवं जल संसाधन राज्यमंत्री राम किशोर नानो कावरे जी की दूरदर्शिता, लगन एवं क्षेत्र की जनता के प्रति सेवा भावनाओं के कारण 275 करोड़ रुपए की यह योजना स्वीकृत हुई है।



माननीय मंत्री श्री कावरे जी द्वारा मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के विगत 22 फरवरी को लामता आगमन पर अपने भाषण में बगलीपाठ योजना को स्वीकृति दिलाए जाने की मांग की थी। मंत्री जी की मांग पर मुख्यमंत्री जी द्वारा मंच से इस योजना को स्वीकृत करने की घोषणा की थी। इसी तारतम्य में बजट 2023-24 में इस योजना को शामिल किया गया। यह योजना परसवाड़ा तहसील के ग्राम बगलीपाठ के निकट बंजर नदी पर प्रारंभ की जायेगी। आधुनिक तकनीक से बंजर नदी के पानी को लिफ्ट कर होज सिस्टम पाइप के माध्यम से किसानों के खेत तक सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराया जायेगा। आजादी के 75 वर्षों बाद भी परसवाड़ा में कोई ऐसी बड़ी योजना संचालित नहीं थी। जिससे असिंचित भूमि पर आवश्यकतानुसार सिंचाई की जा सके। बगलीपाठ माइक्रो सिंचाई परियोजना परसवाड़ा क्षेत्र के 30 गांव कुमादेही, कालेगांव, परार्पुर, सैला, मालखेड़ी, मोहगांव, खापा, घाना, कोरजा, दलवाड़ा, हरार्भाट, सरेखा, धनवार ठेकेदारी, धनवार रैयत, झुलुप, नारना, परसाटोला, चरेगांव, कश्मीरी भीलेबानी, सुरवाही, खैरलांजी ठेकेदारी, खैरलांजी रैयत, चंदिया, धानुटोला, मजगांव माल, सांडा, मजगांव रैयत, तीरगांव, गरारी बेहरा को शामिल किया गया है।

## पंजाब विधायक डॉ अमनदीप कौर ने बिलासपुर प्रत्याशी डॉ उज्वला के लिए चुनावी रैली कर किया चुनावी शंखनाद

### विधायक बोलीं बिलासपुर बदलाव के लिए है तैयार मिल रहा भारी समर्थन

बिलासपुर। आम आदमी पार्टी ने विशाल बदलाव यात्रा निकाल कर चुनावी बिगुल फूंक दिया पंजाब आम आदमी पार्टी की विधायक अमनदीप की अगुवाई में पार्टी के इस आयोजन में अप्रत्याशित भीड़ जुटी. क्षेत्रभर से आए हजारों लोगों की यह भीड़ चर्चा का विषय बनी हुई है. भीड़ देखकर गदगद पार्टी के पंजाब विधायक डॉ. अमन दीप कौर ने यह कह दिया कि यह कोई भीड़ नहीं, यह हमारे पार्टी के प्रति भावनात्मक लगाव है.

अमनदीप ने कहा, जनता उन दो पार्टियों को जान चुकी है. पहचान चुकी है, उनके वादाखिलाफी किसी से छुपी नहीं है. जनता ने जिस भाजपा को अपना पूरा समर्थन दिया इस पार्टी ने अपनी सरकार रहते कुछ विकास नहीं कराया. कांग्रेस ने भी इस इलाके का इसलिए उपेक्षा किया, क्योंकि यहां भाजपा को समर्थन देते थे.

अमन दीप ने कहा, इस बिलासपुर में स्वास्थ्य व शिक्षा की कमी है, जिसे पूरा कर जनता को मूलभूत अधिकारों को दिलाने आप पार्टी न केवल चुनाव लड़ेगी, बल्कि हर वो लड़ाई लड़ेगी, जिससे जनता का भला हो सके. पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव व बिलासपुर विधान सभा से आप प्रत्याशी उज्वला कराड़े ने कहा



कि पार्टी को सभी वर्गों का भरपूर समर्थन मिल रहा है. दिल्ली व पंजाब की तर्ज पर पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल छत्तीसगढ़ का भी विकास करेंगे. हमारी पार्टी की बदलाव यात्रा रैली तक सीमित नहीं रहेगी. इसे मतदान में बदलकर पूरी व्यवस्था को बदला जाएगा

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष खगेश चंद्राकर ने कहा कि सब पार्टिया महिला आरक्षण को लेकर केवल बात कर रही हैं लेकिन आम आदमी पार्टी ने बिलासपुर से महिला शक्ति को वोट देकर ये साबित कर दिया की आम आदमी पार्टी बोलती नही करती है सरकार बनने पर केजरीवाल की 10 गारंटी छत्तीसगढ़ में लागू की जाएगी।

क्यों की आम आदमी पार्टी जो कहती है वो करती है।

### कार्यकताओं में दिखा गजब का जोश

आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा के दौरान कार्यकताओं में गजब का जोश देखने को मिला बदलाव यात्रा जिस जिस मार्ग से गुजरी करवा बनता चला गया लोग स्वमेव जुड़ते चले गए जिससे ऐसा प्रतीत हुआ की लोग अब बिलासपुर में दोनो पार्टियों से ऊब गए हो।

## व्यापारी एकता दिवस के रूप मे मनाया गया प्रदेश चैयरमैन नवनीत गुप्ता के जन्मदिन

नोएडा समाज जागरण डेस्क




उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश चैयरमैन श्री नवनीत गुप्ता के जन्मदिन पर जहाँ ढेर सारी बधाई मिला वही उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के द्वारा बड़ी धूम-धाम से व्यापारी एकता दिवस के रूप मे मनाया गया। इस आशय की जानकारी यूपी व्यापार मंडल (फ) के नाम से एक व्हाटसप ग्रुप से मिला। भूमि शर्मा के द्वारा एक पोस्टर शेयर की गई जिसमें विकास जैन प्रदेश अध्यक्ष युवा व्यापार मंडल एवं अन्य व्यापारी साथी के द्वारा श्री गुप्ता को पुष्प गुच्छ देकर जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाए देते हुए नजर आ रहे है। इसके अलावा दिन पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।


## देवरिया हत्याकांड: योगी सरकार ने लिया कड़ा एक्शन, SDM-CO समेत 15 अधिकारी सस्पेंड, जानें क्या है मामला ?

लखनऊ. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो अक्टूबर को देवरिया में जमीन विवाद को लेकर एक ही परिवार के पांच लोगों समेत कुल छह लोगों की हत्या के मामले में कथित लापरवाही पर एक उपजिलाधिकारी और एक पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित 15 पुलिस और राजस्व कर्मचारियों को निलंबित करने के आदेश दिए हैं. सरकार की ओर से जारी एक अधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई. बयान के अनुसार, जिले की रुद्रपुर तहसील के फतेहपुर गांव में हुई घटना की जांच रिपोर्ट से कर्मचारियों और अधिकारियों की ओर से अपने कर्तव्यों के निवर्हन में काफी लापरवाही बरतने का खुलासा हुआ है.

इसके बाद, मुख्यमंत्री ने एसडीएम योगेश कुमार गौड़, पुलिस क्षेत्राधिकारी जिलाजीत, दो तहसीलदार, तीन लेखपाल, एक थाना प्रभारी, दो उपनिरीक्षक, एक हेड कांस्टेबल और चार कांस्टेबल को निलंबित करने का आदेश दिया. बयान के अनुसार, "...दिवंगत सत्य प्रकाश दुबे द्वारा 'ग्राम समाज' की भूमि पर अवैध कब्जे के संबंध में आईजीआरएस (एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली) के तहत कई शिकायतें पुलिस और राजस्व विभाग को ऑनलाइन भेजी गईं थीं और दोनों विभागों के संबंधित अधिकारियों द्वारा इस पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए समाधान नहीं किया गया."

शोक संदेश

ॐ ॐ



भारतीय योग संस्थान

कोंडली जिला के अध्यक्ष

करण सिंह वर्मा जी का

हृदय गति रूकने से निधन हो गया

ॐ शांति

# वन्यजीवों के साथ जियो और जीने दो

दैनिक समाज जागरण

आज पृथ्वी पर मनुष्य नामक जीव ने अपना साम्राज्य स्थापित कर लिया है। इसीलिये अब मनुष्य यह भूल बैठा है , कि पृथ्वी में अन्य जीव जंतुओं को भी रहने का उतना ही अधिकार है जितना मनुष्य को। मनुष्य और वन्यप्राणी एक सिक्के के दो पहलू हैं। सृष्टि के प्रारंभ से वे एक दूसरे के पूरक रहे हैं। हमारे पौराणिक ऐतिहासिक ग्रंथो में यदाकदा मानव और वन्य प्राणियों के प्रगाढ़ संबंधों के प्रमाण मिल जाते हैं। वस्तुतः मनुष्य जीवजगत और वनस्पति एक दूसरे के पूरक भी हैं। इनके हितों में कोई टकराव नहीं है। किन्तु मानव जैसे-जैसे सभ्य होता गया, वह सह-विकास, सहसृजनात्मकता और सहयोग की भावनाओं को नजर अंदाज कर उनकी जान का दुश्मन बन गया, वह उन्हें मनोरंजन, शानो-शौकत और धन जोड़ने का साधन समझने लगा! परिणामस्वरुप वन्यप्राणियों की खालें और उनसे बनने वाली अन्य वस्तुयें सजावट के काम आने लगीं। वन्यजीव विनाश का बाजार गर्म हो गया! वन्य प्राणियों की संख्या न्यून होते लगी और उनका जीवन ही नहीं अब तो उनका अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है! हमारे देश में जीवन संरक्षण की परंपरा बहुत पुराना है, धर्म कला आदि सभी में जीवनधारियों. का समान महत्व दिया गया है। भारतीय संस्कृति तथा दर्शन में तो मानव सहित अन्य जीवधारियों को प्रकृति की सृजन योजना का अभिन्न अंग माना गया है! आदिकाल में शिकार जोखिम और बहादुरी का प्रतीक था, तो मध्यकाल में यह शान-शौकत का काम समझा जाने लगा तथा आजकल तो यह व्यवसाय में बदल गया है। यह एक सुखद अनुभव है कि अब पूरी दुनिया के अधिकांश लोग वन्यप्राणी संरक्षण की जरूरत महसूस करने लगे हैं। यह एक शुभ लक्षण है। प्रदेश में वन्व प्राणियों के संरक्षण की दिशा में प्रभावी कदम उठाये गये हैं। प्रदेश में शिकार पर पूर्ण प्रतिबंध है। प्रदेश में राष्ट्रीय उद्यान तथा अभ्यारणों में प्राकृतिक रहवास, संरक्षण तथा विकास के साथ-साथ वैज्ञानिक रुप से सफलतापूर्वक वन्यप्राणियों का प्रबंध किया जा रहा है। इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान केन्द्रीय सहायता प्राप्त प्रोजेक्ट टाइगर के अंतर्गत प्रबंधित है। अभ्यारणों में बसे ग्रामीणों के समग्र विकास के लिए भी विकास योजनाएं चलाई जा रही हैं। वन्यप्राणी संरक्षण की समूची योजना को जनता से जोड़ने, पारस्परिक समझ और सहयोग के मुद्दे को व्यवहारिक ढंग से जनता तक प्रचारित किया जा रहा है। प्रदेश में वन्य प्राणियों के संरक्षण एवं विकास के फलस्वरुप इनकी संख्या में वृद्धि हुई है। इन वनों में विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत वन्य प्राणियों के लिये समुचित पानी, चराई, नियंत्रण एवं सहान गश्त के माध्यम से वन्य प्राणियों के. रिहायशी स्थानों को सुरक्षित रखकर बन अपराधों पर नियंत्रण रखा जा रहा है! अभ्यारणों एवं राष्ट्रीय उद्यानों में स्थित अथवा उनके सीमावर्ती ग्रामों का पर्यावरणीय विकास भी किया जा रहा है! वन्य प्राणियों से जो जनहानि अथवा पशुहानि होती है, उसकी क्षतिपूर्ति शासन द्वारा की जाती है! हिंसक वन्य प्राणियों के द्वारा व्यक्ति के घायल होने की स्थिति में क्षतिपूर्ति की राशि अधिकतम पांच हजार प्रतिव्यक्ति देने का प्रावधान है। इसी प्रकार हिंसक वन्य प्राणियों द्वारा मारे गये व्यक्तियों के परिवार को क्षतिपूर्ति की राशि दस हजार रुपये प्रति व्यक्ति देने का प्रावधान है।

भारत सरकार ने वन्य प्राणियों के अस्तित्व की अनिवार्यता को महसूस कर उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वर्ष 1971 में पूरे राष्ट्र में शिकार पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कर प्रभावी कदम उठाया. राज्य सरकारों ने वर्ष 1974 में वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम बनाकर उन्हें प्राकृतिक वातावरण में स्वछंद रहने के लिये उनकी संख्या में वृद्धि करने के लिये राष्ट्रीय उद्यानों एवं अभ्यारणों की स्थापना की! इस दिशा में निरंतर प्रयासों के परिणाम स्वरुप अब राष्ट्रीय उद्यानों एवं अभयारण्यों की संख्या पर्याप्त बढ़ चुकी है। प्रदेश में राष्ट्रीय उद्यान और अभ्यारण स्थापित करने के लिये उन क्षेत्रों का चयन किया गया है, जो वन्य प्राणियों के लिये उपयुक्त है अथवा जहां लुप्त हो रही वन्य प्रजातियां थी!वन्य प्राणियों के संरक्षण का एकमात्र तरीका संबंधित वन क्षेत्र को राष्ट्रीय उद्यान अथवा अभ्यारण के अंतर्गत लाकर वहां उन्हें पूरी सुरक्षा प्रदान करता है। इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय उद्यानों एवं अभ्यारणों की स्थापना की गई है। प्रदेश का इन्द्रावती राष्ट्रीय उद्यान, बारह सिंघा की दक्षिणी नस्ल का आखरी आश्रयस्थल है! ह्यवह दिन प्रदेश के लिये अत्यंत अशुभ दिन होगा जब वहां के सुंदर सघन साल वनों में हरिण परिवार के शानदार सदस्य बारह सिंघे की आवाज गूंजना बंद हो जायेगी।ह्ल इस सदी के प्रारंभ में जब प्रसिद्ध प्रकृतिविद् मिस्टर ब्रांडर ने यह आशंका व्यक्त की थी तब उन्हें क्या मालूम था कि वे भविष्यवाणी करने जा रहे हैं। बस्तर में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान है। मध्यप्रदेश में बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान को वर्ष 1982 से बाघ तथा श्रंगधारी वन्य प्राणियों की बढ़ती आबादी को आवास स्थल का रूप देने के लिये चार गुना क्षेत्र में बढ़ा दिया गया है।

**– सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

# जाओ संजय ! तुम भी जाओ

दैनिक समाज जागरण

आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह भी जेल यात्रा पर निकल गए । केंद्र सरकार की ' न खाऊंगा और न खाने दूंगा' योजना के तहत संजय सिंह को बीती रात प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया। प्रवर्तन निदेशालय की सहोदर सीबीआई पहले ही संजय सिंह के साथी मनीष सिसौदिया और संजय जैन को जेल यात्रा पर भेज चुकी है। सरकार की नजर में ये तीनों 'महाखाऊ' हैं और न जाने कितना खा चुके हैं। आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल की सेहत पर अपने साथियों की गिरफ्तारी से कोई फर्क नहीं पड़ता। वे अब पहले से ज्यादा तंदरुस्त नजर आने लगे हैं। जब-जब उनका कोई साथी जेल जाता है ,केजरीवाल की सेहत सुधर जाती है।

संजय सिंह को जेल जाना ही था ,संजय ने अपनी जेल यात्रा का इंतजाम खुद किय। संजय लगातार सरकार के लिए संसद में समस्या खड़ी कर रहे थे । हमारे उदार 'सदनप्रभु' ने संजय को पहले ही सदन से निलंबित कर दिया था । कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सिफारिश के बावजूद भी संजय को बहाल नहीं किया गया। संजय सदन के बाहर धूनी रमाये बैठे रहे। मुझे लगता है कि संजय का 'स्टेमिना' देखकर ही सरकार को ये आशंका हुई होगी कि संजय ने खूब जमकर खाया है ,इसलिए उन्हें गिरफ्तार करना देशहित में ही नहीं आम आदमी पार्टी के हित में भी है। आम आदमी पार्टी का ख्याल सबसे ज्यादा सरकार ही रखती है।

संजय के प्रति हमारी सहानुभूति इसलिए भी है क्योंकि वे एक मुखर सांसद हैं। वे जनता की आवाज को मुखर बनाने के लिए कांग्रेसियों से ज्यादा प्रभावी और मौलिक नारे गढ़ते है। उनकी आवाज भी डॉ मनोज झा की तरह बुलंद है और संसद की दीवारों से टकराकर प्रतिध्वनि करती है अर्थात गूंजती है। ध्वनि से ज्यादा प्रतिध्वनि का असर होता है। इसे अंग्रेजी वाले 'ईको' कहते है। तेज आवाज में बोलने वालों की वजह से संसद का 'ईको सिस्टम' खराब होता है । इसलिए सदन के नेता कोशिश करते हैं कि तेज आवाज में बोलने वाले सांसदों को काबू में रखा जाये । वे न मानें तो उन्हें निलंबित कर दिया जाय। यानि ' न रहे बांस और न बजे बांसुरी।'

सरकार संस्कारित और सनातनी सरकार है। उसे मालूम है कि ' न नौ मन तेल होगा और न राधा नाचेगी ।इसीलिए जहाँ जहाँ ज्यादा तेल नजर आता है सरकार उसे कम करा देती है। ये फामूर्ला प्रामाणिक फामूर्ला है। यही वजह है कि इसे न केवल सांसदों पर बल्कि पत्रकारों और वेब साइटों पर भी आजमाया जा रहा है। ' न्यूज क्लिक ' वालों पर इसका जोरदार इस्तेमाल हो रहा है । वे भी संजय सिंह की भांति बहुत जोर-जोर से सरकार के खिलाफ




बोलते हैं। अभिसार शर्मा और उर्मिलेश जी की आवाज भी संजय सिंह की भांति पैनी और प्रतिध्वनियां पैदा करने वाली है। इसलिए उन्हें भी हिरासत में लिया जाता है। संकेत दिए जाते हैं कि -' मान जाओ ! वरना संजय सिंह की तरह जेल यात्रापर भेज दिए जाओगे ' उर्मिलेश और अभिसार से परामर्श लेकर 'न्यूज क्लिक ' चलने वाले प्रबीर पुलकायस्थ को तो सरकार गिरफ्तार कर ही लेती ,वो तो भला हो है कोर्ट का जो उसने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी ,अन्यथा वे भी कब के 'जेलाटन' कर रहे होते।

लोकतंत्र की रक्षा के लिए तेज आवाज में बोलने वालों कोई मुश्कें कसना ही पड़तीं है। भाजपा सरकार को इस विधि का पता पूर्ववर्ती इंदिरा गाँधी की सरकार दे गयी थी । पुरानी सरकार का ' आपातकाल ' लगाने का फामूर्ला इस सबके मूल में है । भाजपा को ले-देकर सरकार चलाने का तजुर्बा कुल 16 साल का है जबकि कांग्रेस ने पांच दशक से ज्यादा सरकार चलाई है । इसलिए मजबूरन मौजूदा सरकार को कांग्रेस सरकार के अनुभवों से काम चलना पड़ता है। कांग्रेस के अन्वेषण ,कांग्रेस द्वारा किया गया विकास सब कुछ आज की सरकार के काम आ रहा है।सर्कार को कांग्रेस का आभारी होना चाहिए।

हमारी सरकार ने हाल ही में उज्वला योजना वालों के लिए रसोई गैस के सिलेंडर पर सब्सिडी बढ़ाई लेकिन इस लोकोपयोगी घोषणा का डंका बज ही नहीं पाया । उज्वला बहनों को मिले इस उपहार को न्यूज क्लिक और संजय सिंह ले डूबे । ये दोनों सरकार विरोधी काम करते है। आप इसे राष्ट्रविरोधी भी मान सकते हैं। न्यूज क्लिक वाले चीन से पैसे लेकर भारत सरकार के खिलाफ काम करते है। जबकि इस पर खुद भारत सरकार का एकाधिकार है । भारत सरकार 'पीएम केयर फंड' के लिए चीन से धन ले सकती है लेकिन न्यूज क्लिक वाले नही। न्यूज क्लिक वाले लेंगे तो उन्हें 'किक' कर दिया जायेगा । किया जा रहा है । सरकार खुद चीनी पैसे से चलने वाले 'पेटीएम' का विज्ञापन कर सकती है लेकिन आपको चीनी धन का इस्तेमाल नहीं करने दे सकती। ये सरकार की प्रतिष्ठा के खिलाफ है। सरकार की प्रतिष्ठा बचाने के लिए ही ईडी को मेहनत करना पड़ती है। बेचारी ईडी ! मुफ्त में बदनाम हो रही है। आप मानें या न माने मुझे तो अपनी ईडी और सीबीआई पर बहुत दया आती है। दोनों मन मारकर काम करते है। राष्ट्रहित की बात न होती तो ये दोनों एक भी आदमी को गिरफ्तार न करते फिर चाहे वो मनीष सिसोदिया होते या संजय सिंह या केरल वाले कप्पन मियाँ। ईडी और सीबीआई पहले भी थे लेकिन इतने निरीह और नख-दंतहीन नहीं थे। अब तो दोनों की दशा राजस्थानी कठपुतलियों जैसी हो गयी है । दोनों की डोर किसी और के हाथों में है ,जो उन्हें गुजराती स्टाइल में नचाता रहता है । जिसे बचाना होता है उसे बचाता रहता है । जिसे देश के बाहर भगाना होता है ,भगाता रहता है । न उनका ईडी कुछ बिगाड़ पाती है और सीबीआई। मुझे मेरे एक सांसद मित्र ने बताया कि ईडी और सीबीआई से बचने का एक स्त्रोत्र है। बिलकुल रामरक्षा स्त्रोत्र की तरह काम करता है । आप जी भर कर खाइये,खिलाइये केवल आपके हाथों में लक्ष्मी देवी की भांति कमल पुष्प होना चाहिए। जिसके हाथ में कमल पुष्प होता है उसे लक्ष्मी जी का वरदान मानकर अक्षुण्ण समझ लिया जाता है। कमल पुष्प प्रेमी को ईडी और सीबीआई सपने में भी पूछताछ के लिए नहीं बुला सकती,गिरफ्तारी तो बहुत दूर की बात है। आप ईडी और सीबीआई का रोजनामचा उठाकर देख लीजिये ,एक भी कमल पुष्पधारी नेता ,पत्रकार या समाजसेवी आपनो जेलयात्रा पर जाता नहीं दिखाई देगा। कमल पुष्प सरकार की तमाम गारंटियों में से एक गारंटी जैसा है। मेरी मानिये तो आप भी अपने यहां एक गड्ढा बनाकर उसमें कमल की क्यारी बना लें।

अपनी आदत से मजबूर होने की वजह से मै संजय सिंह की गिरफ्तारी का समर्थन नहीं कर सकता । मै न्यूज क्लिक के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के भी खिलाफ हूँ। मैं इन दोनों कार्रवाइयों को अलोकतांत्रिक मानता हू। किसी भी तंत्र में इस तरह की कार्रवाइयां नहीं होना चाहिए। लेकिन मेरी सुनता कौन है ? नक्कारखाने में भला तूतियों की आवाज सुनाई देती है ? फिर भी तूतियाँ हैं कि बजती रहतीं हैं ,लगातार बजती रहतीं है। आपातकाल में भी बजतीं थीं । आज भी बज रहीं है। कल भी बजेंगीं । टूटियां अपना काम बंद नहीं करतीं । वे हर नक्कारखाने में बजती हैं फिर चाहे नक्कारखाना सांपनाथ का हो या नागनाथ का।

**@ राकेश अचल**

# अभी के जनरेशन में प्यार का बुखार ज्यादा लग रहा, जो घरेलू हिंसा का एक बहुत बड़ा कारण है–ऋतुराज ।

## कहीं-कहीं तिरिया चरित्र नारियां लड़का को ब्लैकमेल करने लगती है ।

### *अभी की बेटियों में सहनशक्ति बहुत कम हो गई है, बड़े बुजुर्ग का सेवा, आदर सम्मान वाला संस्कार बिल्कुल विलुप्त होते जा रहे हैं, जो बढ़ते घरेलू हिंसा का प्रमुख कारण हैं।*

दैनिक समाज जागरण

**विश्वनाथ आनंद, वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल।**

गया (बिहार) 5 अक्टूबर 2023:- समाज सेवा के क्षेत्र में चर्चित व वरिष्ठ समाजसेवी पूजा ऋतुराज नव सृजन संस्था कदमकुंआ पटना की सचिव है , यह लगातार घरेलू हिंसा कैसे रुके, इस पर शोध करते रहती है। ऋतुराज बताती हैं कि मैं प्रतिदिन पांच से छः मामला घरेलू हिंसा का देखती हूं। जिसमें ज्यादातर मामला प्रेम विवाह रहता है और दहेज उत्पीड़न का रहता है। आज की लड़कियां ही नहीं शादीशुदा महिलाएं भी बिना सोचे समझे किसी भी लड़के से प्यार में पागल हो जा रही है , तो कहीं-कहीं तिरिया चरित्र नारियां लड़का को ब्लैकमेल करने लगती है कि शादी नहीं करोगे तो हम आत्महत्या कर लेंगे ,ऐसे में दोनों का शादी तो हो जाता है लेकिन शादी के बाद जो झेलना पड़ता है वो पति ही समझता है ।एक -एक दिन कष्टदायक हो जाता है, ऐसी हालत में उसे कोई मदद करने वाला नहीं मिलता, अभी के समाज में महिलाएं भी अपना इज्जत ताक पर रख दे रही है ,उसे अपने परिवार समाज का कुछ भी ख्याल नहीं रहता और प्रेम में पागल होकर पति रहते हुए दूसरे के पति से प्यार कर बैठती है।

बहुत शर्मसार कर देने वाली बात तब होती है जब चार-पांच बच्चों की मां किसी कुंवारा लड़का को प्रेम जाल में फंसा कर अपने घर में रखा रुपया पैसा जेवर लेकर घर से फरार हो जाती है , पति बेचारा बाहर में कमाता है और सारा पैसा अपनी पत्नी को दे देता है जमीन जायदाद भी पत्नी के नाम से ही लेता है और उसके साथ ऐसा धोखा करने वाली पत्नी का क्या कहना, इज्जत को तार तार कर देती है और गांव, समाज को भी महका देती है ,कहीं कहीं से ऐसा मामला सुनने को मिलता है की हंसी आती है, कुछ महिला पुरुषों में प्यार का बुखार ज्यादा ही चढ़ जाता है, कुछ पीड़ित युवा - लड़कियों का कॉल आता है। बताती है कि मेरे साथ कुछ लड़कों ने कोल्ड ड्रिंक में नसा का गोली डालकर पिला दिया और मेरे साथ गलत किया है। मुझे मदद कीजिए।

समाज में बुराइयां लगातार बढ़ते जा रहा है, अभी के जनरेशन में प्यार का बुखार ज्यादा लग रहा , जो घरेलू हिंसा का एक बहुत बड़ा कारण है। हम महिलाएं को ही ज्यादा दोषी मानते हैं।अभी की बेटियों में सहनशक्ति बहुत कम हो गई है ,बड़े बुजुर्ग का सेवा,आदर सम्मान वाला संस्कार बिल्कुल विलुप्त होते जा रहे हैं। अधिकतर सभी समाज में यही देखते हैं कि वहां की बहू बेटियां अपने डॉगी का साफ सफाई में कोई कटौती नहीं करती यहां तक की डॉगी का पॉटी भी खुद साफ कर लेती है, लेकिन उसके घर में बड़े बुजुर्ग का तबीयत खराब हो जाती है तो उन्हें एक गिलास पानी तक देना दुश्वार हो जाता है ।जहां वृद्धाओं को शारीरिक सेवा बहुत जरूरी होती है जो घर के परिवार ही कर सकते हैं उस जगह पर उन्हें कोई देखने वाला नहीं रहता यहां तक की पेंशन धारी बुजुर्गों वृद्ध महिलाओं का पेंशन तो उनके बाल बच्चों को बड़ा प्यारा लगता है ,लेकिन सेवा करना दुश्वार, यहां तक कि उनके सेवा के लिए पैसा देकर भी सेवा करवाना नहीं चाहते, उनके संपत्ति और पैसे पर पूरा अधिकार रखते हैं

जहां सभ्य समाज में हिंसा का कोई स्थान नहीं था परिवार में कभी छोटा-मोटा झगड़ा भी होता तो आपस में ही निपटा लेते थे आसपास के लोग नहीं जानते थे, घर के गार्जियन जो कहते थे वही होता था, एक समान खाना पहनना और परिवार में बहुत ही उसने प्यार इज्जत सम्मान भरा होता था , झगड़ा होने के बाद भी लोग एक साथ बैठकर खाते पीते थे। आज के माहौल में शिक्षा तो अनेकों प्रकार के हो गए हैं जहां शिक्षा से लोग ओतप्रोत है । वहीं ज्यादा घरेलू हिंसा देखने को मिल रहा है।

लोगों में एक से बढ़कर एक पहनावा हो गया है लोगों के पास पैसा भी बहुत है लेकिन प्रेम



स्नेह परिवार में बिल्कुल खत्म के कगार पर है ,हमको लगता है कि कुछ दिन में रिश्ता का भी नामो निशान मिट जाएगा , ये एक चिंतनीय स्थिति को रेखांकित करते हैं।

**हमारे देश में घरों के बंद दरवाजों के पीछे बड़े बुजुर्गो को प्रताड़ित किया जा रहा है।**

ग्रामीण क्षेत्रों, कस्बों, शहरों और महानगरों में भी घरों के बंद दरवाजों के पीछे बड़े बुजुर्गों को प्रताड़ित किया जा रहा है।

ऐसा काम निर्वाधगति से हो रहा है. मामूली बात को लेकर बतंगड़ बना रहता है,जैसे कहीं बहु खाना बनाने में ज्यादा रोटी बना दी या सब्जी में तेल मसाला ज्यादा डाल दी तो,या फिर मायके में रहने वाली तलाक लेकर जो बेटी रहती है। उसका चलती ज्यादा घर में चलता है। अपनी भाभियों पर ही चलती जमने लगती है,अधिकतर मामला ऐसा ही आता है,जिसमें बेटी के कारण मां अपने बहू बेटे से झगड़ा कर अलग रहती है, कहीं-कहीं भाई भाभी अपनी बहन की शादी में पैसा खर्च नहीं करने देते, माता-पिता भी बेटा के ही कहने पर चलते हैं और उन्हें बेटी से उतना लगाव नहीं रहता, मात्र दिखावा करते हैं कि बेटी को हम ज्यादा मानते हैं। लेकिन अंदरूनी बात यही है,जो धन कमाते हैं,वह बेटा के लिए ही कमाते हैं। किसी तरह से बेटी का शादी ब्याह कर देते हैं। जैसे तैसे कम खर्च में पार लग जाए वैसा ही लड़का ढूंढने में लगे रहते हैं।

चाहे बेटी का उम्र क्यों ना शादी से पार हो जाए। ऐसे में कई बेटियां मेरे पास आती हैं कि मेरा विवाह आप करा दीजिए और मैंम आप हमारी मां के सामान बन जाइए। तब बहुत अफसोस लगता है कि इतना ज्यादा बेटा बेटी में अंतर क्यों। आज भी बहुत सारी बेटियों को मायके में झेलना पड़ता हैं। इसलिए कहते है कि बेटियां सिर्फ ससुराल में ही प्रताड़ित नहीं होती, मायका में भी भाभियों के द्वारा तंग किया जाता है, तंग नन्द आत्महत्या तक कर ले रही है,

**बहुत शर्मसार कर देने वाली मामला भी सामने आता है, जिसमें सगा भाई भी बहन के साथ गलत संबंध बना लिया होता है**

बहुत शर्मसार कर देने वाली मामला आता है कि सगा भाई भी बहन के साथ गलत संबंध बना लिया होता है जो किसी से कहने लायक नहीं रहता ,पीड़ित बेटी की मां भी उसे किसी से कहने को नहीं कहती है, तो कभी काम करने वाली की बेटियों के साथ उसके पिता ही शारीरिक संबंध बनाता हैं और रोने चिल्लाने पर बहुत पीटता हैं और उल्टे इल्जाम लगाता हैं कि इसका किसी और से संबंध है, इसलिए मार रहे हैं, ऐसा मामला भी मेरे पास आता है । ऐसी महिलाएं जिनके पति दूर में नौकरी करते हैं। वैसी महिलाएं में ज्यादातर देखा गया है कि,सीधा सास ससुर, पति का फायदा उठाकर बहु किसी और से गलत संबंध बना लेती है और बाहर में तो घूमती फिरती है और भाई बनकर घर में ही बुलाने लगती है। ऐसा बहुत सारा मामला को निपटाना होता है,तो कहीं बाल बच्चा सहित ही किसी प्रेमी के साथ फरार हो जा रही है ।

**सीधा पति बेचारा अपना इज्जत बचाने के लिए पत्नी और बाल बच्चा को रखना चाहता है,**

पर पत्नी बाल बच्चा को इसलिए नहीं देती कि उसी के आधार पर पहला पति से पैसा लेकर दूसरे पति के साथ ऐश करेगे । अब तो ज्यादातर ऐसा मामला आ रहा है,जो गैर मर्दों से संपर्क बना रही है और अपने सीधे पति और उनके परिवार को बुरे तरह से फंसा रही है ,ऐसे में पीड़ित पति के लिए सरकार से कोई मदद भी नहीं मिलती ।तो कई महिलाएं अपने घर गृहस्ती में रहकर घर का काम में तन मन से दिन भर लगी रहती है फिर भी घर के लोग सराहना नहीं करते ,ऐसे में कामकाज करने वाली महिलाओं का मनोबल गिरता है ।

**सब लोग चाहता है कि मेरा बड़ाई हो,**

महिला को घर गृहस्थी के काम करने के बदले में कोई धन या वेतन नहीं मिलता और उनके घर का सारा कार्य को उनका कर्तव्य मानकर करना पड़ता है उसका कुछ भी महत्व नहीं दिया जाता, लेकिन उसके बदले में उसकी सराहना जरूर करनी चाहिए तभी तो उनका मनोबल बढ़ेगा, ऐसे ही छोटी-छोटी बातें बहुत सारी घरेलू हिंसा में बदल जाती है, जो बहुत ही निंदनीय है, ऐसे में धीरे-धीरे परिवार में स्नेहा में कमी व विश्वास टूट जाता है और घर बिखर जाता है, नारी शक्ति के बिना मनुष्य के कुछ भी नहीं कर सकता ।

**नारी घर के इंजन के समान है,कहां जाता है कि जहाँ नारी की पूजा होती है वहाँ पर देवताओं का वास होता है।**

बिना नारी वाले घर को भूतों का डेरा बताया गया है, और कहा गया है ह्व बिन घरनी घर भूत का डेराह्व। ऐसी मान्यता है कि जिस घर में नारी का आदर सम्मान नहीं होता है वहाँ पर लक्ष्मी का निवास नहीं होता है इसके बावजूद नारी आदिकाल से उपेक्षित होती चली आ रही है जबकि समय-समय पर इसकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है। वहीं पुरुष का भी उतना ही महत्व है।

**पुरुष भी दिन प्रतिदिन घरेलू हिंसा का शिकार हो रहे हैं।**

पुरुष पर भी पत्नियों द्वारा प्रताड़ित करने का आरोप लगातार आ रहा है, इतना ही नहीं परिवार के पूरे सदस्य भी हिंसा के शिकार हो रहे हैं और पूरा परिवार डिप्रेशन में चले जा रहे हैं,इतना ही नहीं,सबसे व्यापक प्रभाव बच्चों पर पड़ता है। सीटीस्कैन से पता चलता है कि जिन बच्चों ने घरेलू हिंसा में अपना जीवन बिताया है,उनके मस्तिष बहुत कमजोर रहते हैं। उनका याददाश्त ठीक नहीं रहता। और इन बच्चों का भी आदत झगड़ालू किस्म का हो जाता है। इसलिए हम सबसे महत्वपूर्ण बात यह कहेंगे कि पति पत्नी आपस में एक दूसरे को अच्छे से समझे कोई भी एक दूसरे को परेशान करते हैं तो खुद भी परेशान होते हैं,तो जीवन में खुश रहे। संतोषजनक जीवन जीना सीखें.

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित कर रहे पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा और रीना पाण्डेय

## पुलिस दंपती द्वारा बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने की अनूठी पहल

पुलिस का खौफ मिटा, बच्चो को बताया पुलिस सबकी मित्र

सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ विज्ञान के क्षेत्र में बढ़ते भारत के कदम पर आयोजित हुई कार्यशाला

कबाड़ के सामान से बच्चों ने बनाया वैज्ञानिक प्रोजेक्ट।





**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**

उन्नाव । खाकी वर्दी में पुलिस केवल अपराध ही नहीं बल्कि अशिक्षा के अंधकार को भी मिटा सकते हैं। यह साबित किया है उन्नाव पुलिस में तैनात उपनिरीक्षक पुलिस दंपती ने। एक तरफ जहां वह ईमानदारी से अपनी ड्यूटी करतें हैं, उतनी ही लगन व सच्चे से गरीब बच्चों के जीवन में शिक्षा का उजाला लाने की कोशिश करते हैं। ये हैं पुलिस कंट्रोल रूम उन्नाव में तैनात उप निरीक्षक अनूप मिश्रा अपूर्व और उनकी पत्नी उप निरीक्षक रीना पाण्डेय मिश्रा । अनूप मिश्रा को बच्चे पुलिस वाले अंकल कहते हैं, लोगों में वे वर्दी वाले मास्टर और उनकी पत्नी पुलिस वाली दीदी के नाम से लोकप्रिय हैं । वे बच्चों से बहुत प्यार करते हैं और निःस्वार्थ भाव से उन सभी की जरूरतों का ध्यान रखते हुए हर संभव मदद करते हैं । इसी कड़ी में सब इंस्पेक्टर पुलिस दंपती अनूप मिश्रा अपूर्व और रीना पाण्डेय मिश्रा के सहयोग व मार्गदर्शन में सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद अवस्थी के संचालन में परफेक्ट एकेडमी द्वारा निःशुल्क क्लासेस में पढ़ने वाले जरूरतमंद बच्चों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला " आओ संवारें बचपन ..." का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला में विज्ञान के क्षेत्र में भारत के बढ़ते कदम विषय के अंतर्गत कबाड़ से जुगाड़ के तहत विज्ञान प्रदर्शनी सहित चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व और उनकी पत्नी रीना पाण्डेय मिश्रा सब इंस्पेक्टर ने विज्ञान प्रदर्शनी का उदघाटन करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने, अपने आसपास की चीजों को नए पहलू से देखने, समझने व जानने के साथ क्षेत्रीय समस्याओं को वैज्ञानिक तरीके से हल करने से संबंधित मॉडल बनाकर प्रस्तुत करके विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ कर नवीन अनुसंधान करने हेतु बच्चों को प्रोत्साहित करना है। पुलिस दंपती द्वारा गरीब बच्चों को चंद्रायन 3 की सफल यात्रा , भारतीय वैज्ञानिकों का परिचय व उल्लेखनीय कार्यों और विज्ञान के क्षेत्र में भारत के बढ़ते कदम पर ज्ञानवर्धक जानकारी दी गई । कार्यशाला में आयोजित पुलिस की पाठशाला -" बाल संवाद " में पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व द्वारा कार्यशाला में उपस्थित बच्चों को बाल अपराध, गुड टच और बैड टच में फर्क, डिजिटल वर्ल्ड , मोटीवेशन फॉर सक्सेज, पर्यावरण आदि कई विषयों पर रोचक ज्ञानवर्धक जानकारी दी गई । सब इंस्पेक्टर रीना पाण्डेय मिश्रा ने बच्चों से कहा कि मन में पुलिस का डर नहीं डालें बल्कि मित्र और हितैषी समझें । किसी भी समस्या या मुसीबत में पड़ने पर जनपद पुलिस कंट्रोल रूम , 112, 1090, 1098 सहित कई अन्य हेल्पलाइन नंबर से संपर्क करके पुलिस सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया को समझाया । पुलिस दंपती ने कहा कि उनका उद्देश्य बच्चों के मन में पुलिस के प्रति मित्र भाव जागृत करना है । इस दौरान बच्चों ने पुलिस अंकल और आंटी से जमकर सवाल पूछे।बच्चों को पुलिस कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से समझाया गया। सभी बच्चे पुलिस अंकल और आंटी से मिलकर काफी उत्साहित और खुश दिखे। सभी में पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में जानने की जिज्ञासा दिखी।काफी बच्चों ने बोला की वो बड़े होकर पुलिस ही बनेंगे । बाल चौपाल द्वारा कार्यशाला में गरीब बच्चों के मध्य उनकी कलात्मक प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से " विज्ञान के क्षेत्र में भारत के बढ़ते कदम " विषय के अंतर्गत अयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जया यादव, द्वितीय - मयंक सोनकर, तृतीय - आशी सोनकर को मिला । कबाड़ से जुगाड के जरिए उत्कृष्ट विज्ञान मॉडल बनाने वाले सुमित राजपूत, अमित, उत्कर्ष , अविरल को "बाल वैज्ञानिक सम्मान" हेतु चयनित किया गया । सभी विजयी प्रतियोगी बच्चों को मुख्य अतिथि अनूप मिश्रा अपूर्व सब इंस्पेक्टर और रीना पाण्डेय मिश्रा सब इंस्पेक्टर द्वारा पुरुस्कार और उपहार प्रदान करके सम्मानित किया गया । इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में जया यादव, सृष्टि गुप्ता, बॉबी यादव, निहारिका सैनी, सिद्धार्थ ने उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया । राधिका मण्डल की सदस्या गुड़िया चौहान, अनामिका अग्निहोत्री, दिव्या शुक्ला, नीतू त्रिवेदी द्वारा सभी जरूरतमंद बच्चों को उपहार स्वरूप पठन सामग्री, फल, बिस्किट आदि का वितरण किया गया । दो दिवसीय कार्यशाला के समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनूप मिश्रा अपूर्व और रीना पाण्डेय मिश्रा द्वारा सरस्वती पूजन उपरांत दीप प्रज्वलित करके किया गया । कार्यक्रम में शामिल अतिथियों को परफैक्ट एकेडमी की संचालिका अस्मिता अवस्थी द्वारा "सेवा सम्मान प्रतीक चिन्ह" और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया । श्लोक अवस्थी द्वारा आए हुए अतिथियों को तुलसी का पौधा भी प्रदान किया

# गोंडवाना की वीरांगना रानी दुर्गावती की जन्म जयंती मनायी गयी

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**



लखनऊ । नवयुग कन्या महाविद्यालय के इतिहास विभाग के द्वारा बृहस्पतिवार को गोंडवाना की वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वी जन्म जयंती मनायी गयी।

प्रचार्या तथा अन्य प्रवक्ताओं ने रानी दुर्गावती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में विभागध्यक्ष प्रफेसर शोभा मिस्त्र रानी दुर्गावती के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 1524 में कालिंजर के चंदेल राजा कीर्ति सिंह के गा दुर्गाष्टमी के घर उनका जन्म हुआ इसी लिए उनका नाम दुर्गावती रखा गया । विवाह गोंडवाना के राजा संग्राम सिंह के पुत्र दलपट शाह से हुआ । पति की असमय मृत्यु के बाद पुत्र वीर नारायण की संरक्षिका के रूप में शासन सम्भाला। मुगलों से अपने साम्राज्य की रक्षा की और युद्धभूमि में लड़ते हुए घायल होने पर स्वयं अपनी कतर से अपने प्रणों की आहुति दी।

व्याख्यान के बाद छात्राओं ने स्पीच कंपटीशन में भाग लिया । निर्णायक मंडल में शामिल प्रफेसर सृष्टि स्त्रीवास्टवा तथा प्रफेसर जयोतिका राठोर ने बड़े स्टब से छात्राओं को सुना और निर्णय दिया निष्ठा यादव प्रथम सुरभि त्रिपाठी द्वितीय सुप्रिया गोपाल तृतीय सिमरन तथा वैष्णवी शुक्ला सांत्वना सोनम अवस्थी विशेष पुरस्कार। कार्यक्रम में इतिहास विभाग की ही प्रो.सुषमा त्रिवेदी का भी योगदान रहा। प्रचार्या प्रफेसर मंजुला उपाध्याय ने आशीर्वचन देते हुए रानी दुर्गावती के जीवन और संघर्ष से जुड़ी अनसुनी बातों पर प्रकाश डाला और छात्रों के प्रयासों को सराहा।

# चकबंदी : सीएम योगी का चला चाबुक, एक दर्जन लापरवाहों पर गिरी गाज

**- चकबंदी के मामलों के निपटारे में लेटलतीफी, लापरवाही और अनियमितता पर लिया गया एक्शन**

**- चकबंदी अधिकारी से लेकर लेखपालों के खिलाफ की गई कार्रवाई, कौशांबी के 6 लोगों को किया निलंबित**

**- निलंबन से लेकर एफआईआर और नौकरी से बर्खास्तगी की कड़ी कार्रवाई की गई**

लखनऊ, 5 अक्टूबरः चकबंदी संबंधी मामलों के निपटारे में लेटलतीफी, लापरवाही, अनियमितता पर मुख्यमंत्री की सख्त नाराजगी का असर दिखने लगा है। सीएम योगी के कड़े रुख के बाद चकबंदी विभाग में बड़े स्तर पर आधा दर्जन जिलों के चकबंदी अधिकारी से लेकर लेखपालों के खिलाफ कार्रवाई की गयी। चकबंदी आयुक्त ने सीएम योगी के निर्देश के बाद गुरुवार को कौशांबी में तिहरे हत्याकांड में पट्टे की भूमि विवाद में लापरवाही पर चकबंदी अधिकारी समेत 6 लोगों को निलंबित कर दिया है जबकि कुल एक दर्जन लोगों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। इनमें निलंबन से लेकर एफआईआर और यहां तक कि नौकरी से बर्खास्तगी की कार्रवाई भी की गई है। वहीं चकबंदी आयुक्त की ओर से पिछले एक माह में एक दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 16 सितंबर को एनेक्सी में राजस्व की समीक्षा बैठक में लापरवाही और भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये थे, जिसके बाद विभागीय स्तर पर उनकी लिस्ट तैयार की गयी। वहीं सीएम योगी से हरी झंडी मिलते ही ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। जानकारों की मानें तो अभी और अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सकती है।

### चकबंदी अधिकारी को नौकरी से किया बर्खास्त

चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि सीएम योगी की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि कौशांबी में तिहरे हत्याकांड में पट्टे की भूमि विवाद में लापरवाही पर चकबंदी अधिकारी मिथिलेश कुमार, सहायक चकबंदी अधिकारी अफजाल अहमद खां, तीन चकबंदी लेखपाल शिवेश सिंह, शीलवंत सिंह, रवि किरन सिंह और चकबंदीकर्ता राम आसरे को

# जनता दल यूनाइटेड महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को दिया गया ज्ञापन

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**



लखनऊ । जनता दल यूनाइटेड महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया लखनऊ में मीरा देवी पत्नी विनोद पासवान निवासी गुलजार नगर जिनकी ऐशबाग रेलवे स्टेशन के सामने चाय की दुकान थी उसे जबरन हटवा दिया गया है जबकि वहां पर अनलॉक अपना ठेला लगा रहे हैं समय-समय पर इसका नगर निगम द्वारा जुमार्ना भी जमा करवाया जाता था उनकी दुकान जाने के कारण इनका परिवार भुखमरी के कगार पर पहुँच गया है। बिहार नगर कॉलोनी लखनऊ ककोरी मोड़ पर मजदूरों की झुग्गी झोपड़ी हटाई जा रही बिना नोटिस के जबकि अमीरों के मकान भी अवैध बने हैं सरकार उनको नहीं हटा रही है।

वीरांगना रानी दुर्गावती के जन्म दिवस पर जनता दल यूनाइटेड के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने मुख्यमंत्री आवास पर गये। जनता दल यूनाइटेड महिला प्रकोष्ठ के प्रतिनिधिमंडल में निम्न लोग शामिल रहे मीरा देवी, दिव्या गौतम, मंजू देवी,सुभाष पाठक, कुसुम देवी, अजंतू कुमार, शेर बहादुर सिंह , आशा, पायल, हलीमा खान, सुनीता,दीपक आदि।

# स्वच्छता जागरुकता अभियान के अन्तर्गत आदर्श वैदिक कन्या इंटर कॉलिज में किया गया स्वच्छता जागरुकता शिविर का आयोजन।



माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त निदेशों के अनुपालन में दिनांक 02-10-2023 से दिनांक 08-10-2023 तक गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किये जाने निर्देशित किया गया। इसी श्रृंखला में स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 04.10.2023 को माननीय जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्वनगर के दिशा-निर्देशन में तथा श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्वनगर की अध्यक्षता में स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन भारतीय आदर्श वैदिक कन्या इंटर कॉलिज में किया गया। शिविर में बताया कि जिस प्रकार से हम अपने घर पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखते है, इसी प्रकार अपने कार्यालय स्थल व अन्य स्थानो पर पाये जाने वाली गंदगी को देखने पर तुरंत उसकी साफ-सफाई करें व कराये और अपने आस पास के क्षेत्रों में पायी जाने वाली गंदगी को भी साफ-सफाई कराया जाये, जिससे इस स्वच्छता ही सेवा अभियान को सफल बनाने में हम सब की भागीदारी रहे। उक्त कार्यक्रम में श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं स्टाफ व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलवी श्री बालचन्द नागर व अन्य उपस्थित रहे।

# 23 वें कैप्टन शशिकांत मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट का जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने किया शुभारंभ।



गौतम बुद्ध नगर 05 अक्टूबर 2023 /पाकिस्तानी सैनिकों से लोहा लेते हुए देश की खातिर अपनी जान कुर्बान कर देने वाले, गेलेंट्री अवार्ड सेना मेडल से सम्मानित शहीद कैप्टेन शशिकांत शर्मा की याद में गत 23 वर्षों से मानव सेवा समिति, डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोशिएशन एवं नोएडा स्पोर्ट्स ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में कैप्टेन शशिकांत शर्मा के शहीदी दिवस 5 अक्टूबर को 23वें कैप्टेन शशिकांत मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ज़िलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर, मनीष कुमार वर्मा, विशिष्ठ अतिथि पुलिस उपायुक्त रामबदन सिंह एवं पूर्व ज़िलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर एनपी सिंह के द्वारा नोएडा स्टेडियम पर संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में उपस्थित हुए ज़िलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शहीद की याद में होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता एवं आयोजन समिति के सदस्यों की प्रसंशा व शहीद कैप्टेन शशिकांत शर्मा के माता-पिता को नमन करते हुए इस प्रतियोगिता को शीघ्र ही राज्य स्तर की बनाने में आर्थिक व प्रशासनिक स्तर पर पूरे सहयोग की बात कही। विशिष्ठ अतिथि के रूप में रामबदन सिंह ने कहा कि देश के शहीद की याद में क्रिकेट जैसे खेल का आयोजन अपने आप में बहुत बड़ी बात है वो भी निरन्तर गत 23 वर्षों से, ऐसे खेल आयोजन को शासन स्तर पर भी मान्यता दिलाने का प्रयास व सहयोग करायेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व ज़िलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर एनपी सिंह ने इस प्रतियोगिता से सदैव जुड़े रहकर अपना पूरा सहयोग देने की बात कही व प्रतिभागी सभी खिलाड़ियों को शुभकामनायें दी। पुलिस उपायुक्त रामबदन सिंह ने ज़िलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा को बॉल फैंकी जिसे ज़िलाधिकारी ने शानदार ड्राइव खेलकर आज के मैच का शुभारंभ किया। उद्घाटन मैच ग्रास रूट क्रिकेट अकादमी व स्टार क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया जिसमें टास जीतकर ग्रास रूट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बीस ओवर में 9 विकेट के नुक्शान पर 125 रन बनाए जिसमें राज ने 29 बॉल पर 25 रन एवं रितिक अरोड़ा ने 3 चौके के साथ 21 बॉल में 23 रन बनाये। स्टार क्रिकेट अकादमी की ओर से शानू ने 3 व रितिक ने दो विकेट झटके। जवाब में खेलने उतरी स्टार क्रिकेट टीम ने पूरे बीस ओवर खेलकर 125 रन बनाए जिससे आज का मैच टाई हो गया। स्टार के बल्लेबाज शानू सैनी ने 48 बॉल में 67 रन व सुमित अग्रवाल ने 29 बॉल खेलकर 25 रन का योगदान दिया। ग्रास रूट की ओर से सुमित बैनीवाल ने सर्वाधिक 4 विकेट प्राप्त किये। मैच की समाप्ति पर शानू सैनी को यूके भारद्वाज एवं सुभाष शर्मा द्वारा मेन ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया। अम्पायरिंग में डीडीसीए के अंपायर सतेंद्र व रविंदर तथा स्कोरर अतुल रहे। कार्यक्रम के दौरान शहीद कैप्टेन शशिकांत को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कैप्टेन शशिकांत के पिता फ़्ला० लेफ़्टी० जेपी शर्मा व माता सुदेश शर्मा, भाई डॉक्टर नरेश शर्मा, ड़ा० नरेश की पत्नी ड़ा० संगीता शर्मा के अतिरिक्त वरिष्ठ अधिवक्ता अमित खेमका, सुरेश शर्मा, महेंद्र अवाना, आर के शर्मा, सुधीश चौधरी, अधिवक्ता कमल निझावन, एम एल शर्मा, राकेश शर्मा, आजाद सिंह, मनीष शर्मा, अतुल गौड़, भूपेन्द्र शर्मा, शुभम भारद्वाज, राजेंद्र सिंह, शिवा भारद्वाज, सुरेखा गौड़, संसृति भारद्वाज, अमन भारद्वाज सहित नगर के अनेकों गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

# यूपी की कृषि संस्कृति से अवगत होंगे दो लाख से अधिक किसान

## दिसंबर में लखनऊ में संभावित है कृषि कुंभ 2.0, आयोजन को ग्लोबल बनाने में जुटी योगी सरकार

लखनऊ, 5 अक्टूबरः देश-दुनिया के लगभग दो लाख से अधिक किसान यूपी की कृषि संस्कृति से अवगत होंगे। इसके लिए योगी सरकार दिसंबर में संभावित कृषि कुंभ 2.0को अभूतपूर्व बनाने की तैयारियों में जुट गई है। नवीन तकनीक व नवाचार से भी यूपी के किसान अवगत होकर तकनीकी रूप से और संपन्न होंगे। इसका आयोजन लखनऊ स्थित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में कराया जाएगा। 2017 में योगी सरकार के गठन के पश्चात 2018 में कृषि कुंभ 1.0 आयोजित किया गया था, जो काफी सफल रहा।

### कृषि कुंभ का दूसरा एडिशन कारगर बनाने पर जोर

विगत दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्चस्तरीय बैठक ली थी। इसमें कृषि कुंभ के दूसरे संस्करण में 02 लाख से अधिक किसानों की प्रतिभागिता पर उनका जोर रहा। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की कृषि एवं संवर्गी सेक्टर की ख्यातिलब्ध कंपनियों/संस्थाओं, कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्रों, प्रगतिशील किसानों को आमंत्रित करने का निर्देश दिया था। इसमें जापान, इजरायल, जर्मनी, यूएसए समेत कई देशों में खेती-किसानों के नए कार्यों को जानने के लिए इनके सहभागिता पर भी बल दिया।

### कृषि से जुड़े कई विषयों पर होगी चर्चा

कृषि कुंभ के दौरान गौ-आधारित प्राकृतिक खेती, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने की तैयारियों, श्री अन्न के प्रोत्साहन, एफपीओ आधारित व्यवसाय, खेती की लागत को कम करने, पराली प्रबन्धन के साथ-साथ $1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था वाले राज्य में कृषि सेक्टर के योगदान को बढ़ाने के प्रयासों पर चर्चा भी पर सीएम का जोर रहा। इसमें कृषि के विभिन्न आयामों से जुड़े विषयों पर चर्चा-विमर्श, व्याख्यान, कृषि ड्रोन का प्रदर्शन, कृषि प्रदर्शनी आदि भी लगेगी।

### उपलब्धियों से भरा था कृषि कुंभ 1.0

2017 में योगी सरकार बनने के बाद 2018 में पहला कृषि कुंभ लगा था। इसकी सराहना पूरे देश में की गई थी। कृषि व अन्य विभागों की तरफ से एक लाख से अधिक किसानों ने प्रतिभाग किया था। 14 सत्रों में कई विषयों पर चर्चा भी हुई। इसमें 300 से अधिक कंपनियों व संस्थाओं ने हिस्सा लिया था। इसमें दो करोड़ की राजस्व प्राप्ति भी हुई थी। पराली प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला भी हुई थी। कृषि कुंभ 1.0 काफी उपलब्धियों भरा रहा।

# राशन कार्ड धारक/लाभार्थी का ई-पॉस मशीन पर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण/अंगूठा लगवाने के पश्चात तुरंत राशन न देने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध होगी कठोर कार्रवाई।

## खाद्यान्न न मिलने या कम मिलने पर संबंधित अधिकारी, क्रियाशील कॉल सेंटर या टोल फ्री नंबर 18001800150 पर कर सकते हैं शिकायत।

उत्तर प्रदेश शासन एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के निदेर्शों के क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि संज्ञान में आ रहा है कि जनपद में कतिपय विक्रेताओं द्वारा खाद्यान्न वितरण अवधि में ई-पॉस मशीन से बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण करते हुए तत्समय लाभार्थियों को खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जोकि नियमानुसार उचित नहीं है। उक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जिला पूर्ति अधिकारी ने समस्त क्षेत्रीय कार्यालय खाद्य तथा रसद विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उचित दर विक्रेताओं द्वारा राशन कार्ड धारक/लाभार्थी का ई-पॉस मशीन पर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण/अंगूठा लगवाने के पश्चात तुरंत खाद्यान्न का वितरण कराना सुनिश्चित किया जाए और यदि बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण/अंगूठा लगवाने के पश्चात तुरंत खाद्यान्न वितरित नहीं किया जाता है, तो ऐसे उचित दर विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने राशन कार्ड धारकों का आह्वान करते हुए कहा कि यदि उचित दर विक्रेता द्वारा ई-पॉस मशीन पर अंगूठा लगाने के तुरंत बाद खाद्यान्न नहीं दिया जाता या कम खाद्यान्न दिया जाता है, तो ऐसी स्थिति में संबंधित तत्काल अपनी शिकायत संबंधित तहसील में उप जिलाधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक के साथ-साथ जिला पूर्ति अधिकारी या क्रियाशील कॉल सेंटर एवं टोल फ्री नंबर 18001800150 पर भी दर्ज कर सकते हैं। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# ग्रुप हाउसिंग सोसायटी तथा बहुमंजिली इमारतों में मतदेय स्थल बनाए जाने के उद्देश्य से डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई संपन्न।



भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप ग्रुप हाउसिंग सोसाइटीज एवं बहुमंजिली इमारतों में मतदेय स्थल बनाए जाने के उद्देश्य से आज जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। आयोजित बैठक में भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप बहुमंजिली इमारतों में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से मतदेय स्थलों के प्रस्ताव का आलेख्य प्रकाशन बैठक में उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया गया। जिला मजिस्ट्रेट ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि वर्तमान में विधानसभा क्षेत्र 61 नोएडा में 9 मतदान केंद्र बदलने एवं 27 अतिरिक्त मतदेय स्थल बनाए जाने तथा विधानसभा क्षेत्र 62 दादरी में 25 मतदान केंद्र बदलने व 18 अतिरिक्त मतदेय स्थलों के प्रस्तावों का आलेख्य प्रकाशन किया गया है। विधानसभा क्षेत्र 63 जेवर से कोई भी प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। बैठक में राजनीतिक दलों प्रतिनिधियों ने जिला मजिस्ट्रेट को अवगत कराया कि प्रस्ताव की संख्या कम है, मतदेय स्थलों को और बढ़ाया जा सकता है। जिला मजिस्ट्रेट मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप जो भी मतदेय स्थल संबंधित प्रस्ताव राजनीतिक दलों के द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे उन पर विचार किया जाएगा तथा भारत निर्वाचन आयोग की मानकों के अनुरूप पाए जाने पर मतदेय स्थलों को बढ़ाया, घटाया या बदला जा सकता है। इस महत्वपूर्ण बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, उप जिला अधिकारी सदर अंकित कुमार उप जिलाधिकारी दादरी आलोक गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर चारुल यादव तथा सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष तथा सांसद व विधायक गणों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# जनपद के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए रोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर

जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा आगामी 06 अक्टूबर को हाईरैंक विजिनेस स्कूल नोएडा में वृहद रोजगार मेले का किया जाएगा आयोजन

आगामी 06 अक्टूबर को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में 25 प्रतिष्ठित कंपनियों के द्वारा लिया जाएगा साक्षात्कार उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के मंशा के अनुरूप एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 06 अक्टूबर को जिला सेवायोजन कार्यालय गौतम बुद्ध नगर द्वारा प्रातः 10:00 बजे से हाईरैंक विजिनेस स्कूल प्लॉट नंबर ए 42 सुशील मार्ग, इंस्टीट्यूशनल एरिया सेक्टर 62 नोएडा में बृहद हद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी संग प्रिय आनंद ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 06 अक्टूबर को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में 25 प्रतिष्ठित कंपनियों के द्वारा उपस्थित होकर रोजगार के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजित होने वाले रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यार्थी की आयु 18 से 30 वर्ष एवं शैक्षिक योग्यता बी.बी.ए, बी.सी.ए, एम.बी.ए, स्नातक, परास्नातक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अतः उक्त पात्रता रखने वाले इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियां आगामी 06 अक्टूबर को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में अपने सभी दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय एवं स्थान पर पहुंचकर प्रतिभाग कर सकते हैं। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम

# उत्तर प्रदेश का यह कैसा जिला जहां नहीं थम रहा भ्रष्टाचार का सिलसिला

**स्वास्थ्य विभाग के एक बाबू ने नर्सिंग होम, पाली क्लीनिक तथा लैब के रजिस्ट्रेशन करवाने का खोल रखा है रेट**

**भ्रष्टाचारी बाबू का वेतन से नहीं भरता पेट इसलिए रिश्वत लेने का बांध रखा है रेट**

**राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं उपभोक्ता फोरम ट्रस्ट नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष जल्द ही स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर भ्रष्टाचारी बाबू की करेंगे शिकायत**

**जनपद में बिना पंजीयन चल रहे नर्सिंगहोम ,पॉलीक्लिनिक तथा लैब का संरक्षण दाता बना हुआ है मुख्य चिकित्सा कार्यालय का बाबू**

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता**
**आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक जहां उत्तर प्रदेश के अन्य जनपद में बने मेडिकल कॉलेज तथा जिला अस्पताल का समय-समय पर औचक निरीक्षण करते रहते हैं वहीं उन्होंने मेडिकल कॉलेज व जिला अस्पताल तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को खत्म करने का आदेश जारी किया था वहीं उन्होंने उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में भ्रष्टाचार करने वाले कर्मचारियों के ऊपर कठोर कार्रवाई करने का भी काम किया है उन्होंने उत्तर प्रदेश के समस्त जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार करने वालों के ऊपर कड़ी कार्रवाई कर उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजने का काम जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी करेंगे। उनका यह बड़ा बयान भले ही अन्य जनपदों में लागू होता नजर आ रहा है किंतु जनपद के स्वास्थ्य विभाग में जबरदस्त भ्रष्टाचार व्याप्त है फिर चाहे वह मरीज को लूटने की बात हो या फिर उनके तीमारदारों की जेब में डकैती डालने की बात हो स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी कहीं भी इन मामलों में पीछे नहीं हटते परंतु भ्रष्टाचार की उल्टी गंगा तो मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय से ही बहती है मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में एक बाबू ने तो जनपद में बिना पंजीयन पॉलीक्लिनिक बिना पंजीयन हॉस्पिटल बिना पंजीयन लैब चलाने वालों को अभय दान दे रखा है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जनपद के एक नर्सिंग होम संचालक ने नर्सिंग होम तथा अपना नाम ना बताने की शर्त पर बताया की मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में कमरा नंबर 17 में बैठे विकास कुमार बाबू के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि यह ऐसे बाबू हैं जिनके संरक्षण में जनपद में बिना पंजीयन नर्सिंग होम बिना पंजीयन पॉलीक्लिनिक बिना पंजीयन लैब यदि चलना है तो इन बाबू से आशीर्वाद लेना पड़ता है। हालांकि नर्सिंग होम संचालक ने तो यह भी बताया कि यह बाबू पिछले दो साल से मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में अपनी मजबूत कुर्सी पकड़े बैठे हुए हैं स्वास्थ्य महकमे में कई लोगों का स्थानांतरण हुआ लेकिन इन बाबू का पिछले दो सालों में आज तक कहीं भी स्थानांतरण नहीं हुआ है इसका सही कारण यह है कि जनपद में बिना पंजीयन चल रहे नर्सिंग होम पॉलीक्लिनिक व लैब से महिनवारी के रूप में उनके पास अच्छी खासी रकम आती है संचालक ने तो यह भी बताया कि यदि रजिस्ट्रेशन करना है तो इन बाबू ने रेट लिस्ट भी बना रखी है ।जिसमें पॉलीक्लिनिक के रजिस्ट्रेशन का चार्ज 60 हजार रुपये, नर्सिंग होम के रजिस्ट्रेशन का चार्ज 90 हजार रुपये तथा लैब के रजिस्ट्रेशन का चार्ज 35 हजार रुपये रुपए का रेट भी खोल रखा अब ऐसे बाबू पर आखिरकार क्यों कार्यवाही नहीं होती है जो भ्रष्टाचार की पूरी लिस्ट बनाए अपने विभाग में बैठा हुआ है हालांकि इस मामले को राष्ट्रीय मानवाधिकार उपभोक्ता फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि यह मामला प्रकाश में आया है और जल्द ही इस मामले की शिकायत वह उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर करेगे। तथा ऐसे भ्रष्ट बाबू के ऊपर कठोर कार्रवाई करवाने का काम करेंगे वहीं उन्होंने बताया कि इस बाबू के पास अकूथ संपत्ति है आखिर एक सरकारी विभाग के बाबू के पास कितनी संपत्ति कैसे हो सकती है उन्होंने कहा कि आय से अधिक संपत्ति की वह निष्पक्ष जांच कराएंगे

# पुत्री के अपहरण का नामजद मुकदमा दर्ज कराने के लिए एसपी के द्वार पहुंचा पिता

***मलवा पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर झाड़ा पल्ला, बेटी की सकुशल बरामदगी के लिए दर-दर की ठोकर खा रहा बेबस पिता***

***पीड़ित बाप ने पुलिस कप्तान को सुनाया दुःखड़ा, नामजद एफआईआर दर्ज कराने की गुहार***

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता**
**आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। गुरुवार को अपहरण की गयी पुत्री की सकुशल बरामदगी को लेकर पुलिस अधीक्षक की चौखट पर गुहार लगाने पहुंचे पीड़ित पिता नारायण सिंह पुत्र शिवबोधन सिंह निवासी खानपुर ने पुलिस कप्तान को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसकी पुत्री की काफी दिनों से तबीयत खराब चल रही थी जिसकी वजह से वह बीती 26 सितंबर को शहर के आबूनगर इलाके में स्थित स्मिता नर्सिंग होम में उपचार कराने के लिए आई थी और इलाज कराने के बाद वापस घर नहीं पहुंची। पीड़ित पिता ने बताया कि पुत्री जब घर नहीं पहुंची तो उसकी



काफी खोजबीन की गई और रिश्तेदारों से भी जानकारी हासिल करने का प्रयास किया गया, किंतु उसका कोई पता नहीं चला। पिता ने बताया कि 27 सितंबर को वह मलवा थाने पहुंचा और थानाध्यक्ष को पुत्री के अचानक गायब होने की जानकारी दिया, जिस पर मलवा थाने में पुत्री की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई, जबकि उसने पुत्री द्वारा अपहरण किए जाने का फोन आने की बात भी पुलिस को बताई थी। पिता ने बताया कि मलवा थानाध्यक्ष को नामजद प्रार्थना पत्र देने के बावजूद भी पुलिस पुत्री के अपहरण होने का मुकदमा नहीं लिख रही है और उसे लगातार धमकी अभी दी जा रही है। पिता ने बताया कि उसकी पुत्री ने फोन द्वारा ये भी बताया था कि सुशील उर्फ धुन्नू पुत्र मूलचंद, विनय कुमार पुत्र सुखराम, कैलाश पुत्र टाई, अनिल पुत्र मूलचंद आदि ने सुनियोजित तरीके से झांसे में लेकर बहला फुसलाकर उसका अपहरण कर लिया है। पिता ने बताया कि उक्त लोगों के द्वारा उसे धमकी भी दी जा रही हैं और उसकी पुत्री को जान का खतरा है तथा घर वाले भी भय के वातावरण में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। पीड़ित पिता की फरियाद सुनने के बाद पुलिस अधीक्षक ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने के बाद नामजद मुकदमा दर्ज कराने के साथ ही पुत्री की सकुशल बरामदगी व आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस की शिकायतो के निस्तारण के लिए आवश्यकतानुसार क्षेत्र में जाकर नियमनुसार शिकायतो का निस्तारण कराए और फोटो सहित रिपोर्ट से अवगत कराए

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता**
**आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर राजस्व वादों के निस्तारण के सम्बंध में बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती सी. इंदुमती की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार अपने से संबंधित राजस्व वाद जो काफी महीनों से लंबित है, का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाय, के लिए रोस्टर बनाकर अपने अपने कोर्ट में दोनो पक्षों की सुनवायी करके नियमानुसार वादों का निस्तारण करे और इसकी निगरानी अपर जिलाधिकारी(वित्त/राजस्व) साप्ताहिक समीक्षा करे और रिपोर्ट से अवगत कराए। उन्होंने कहा कि अविवादित राजस्व वादों को निस्तारण समयबद्धता के साथ ही हाल में किया जाय। उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार शासन की मंशानुरूप प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक अपने अपने कार्यालय में बैठकर आम जन मानस की शिकायतो को सुने और उनका



निस्तारण नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण ढंग से करे। उन्होंने कहा कि अपने अपने कोर्ट का मुआयना कर संबंधित पत्रावलियों को अवश्य देखे साथ ही रिपोर्ट से अवगत कराए। लेखपाल, कानूनगो द्वारा लगाई गयी रिपोर्ट क्षेत्र में क्रास वेरिफिकेशन भी करें। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस एवं सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस की शिकायतो के निस्तारण के लिए आवश्यकतानुसार क्षेत्र में जाकर नियमनुसार शिकायतो का निस्तारण कराए और फोटो सहित रिपोर्ट से अवगत कराए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) विनय कुमार पाठक, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) धीरेन्द्र प्रताप, उपजिलाधिकारी सदर प्रभाकर त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी बिंदकी मनीष कुमार, उपजिलाधिकारी खागा नन्द प्रकाश मौर्य, एसओसी चकबंदी, एआईजी स्टाम्प, समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# डिप्टी सीएमओ ने छापामारी कर तीन अवैध नर्सिंग होमो पर लगाया ताला

## *चार अवैध हॉस्पिटलों को थमाई नोटिस, छापामार करवाई से संचालकों में मचा रहा हड़कंप*

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता**
**आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। गुरुवार को डिप्टी सीएमओ डा. इश्तियाक अहमद ने काफी समय से अवैध नर्सिंग होमो के संचालन की आ रही शिकायतो एवं अखबार की सुर्खियां बने हॉस्पिटलो के विरुद्ध अभियान चला कर सात नर्सिंग होम में छापा मार कार्रवाई की। छापा मार कार्रवाई की जद में आए तीन अवैध नर्सिंग होम को जहां सील किया गया, वहीं चार नर्सिंग होम संचालको को नोटिस भी थमाई गई। डिप्टी सीएमओ ने बताया कि काफी समय से मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए आज अभियान चला कर अवैध नर्सिंग होमो के खिलाफ छापा मार कार्रवाई करते हुए अवैध पाए गए तीन नर्सिंग होम राधे हॉस्पिटल खेलदार जीटी रोड, अवस्थी क्लीनिक व शिव हॉस्पिटल



लोधीगंज के विरुद्ध सील की कार्यवाही की गयी है। वहीं चार अवैध हॉस्पिटलों के संचालकों साधना चैरिटेबल हॉस्पिटल लोधीगंज, रामप्यारे मेमोरियल हेल्थ केयर लखनऊ बाईपास, न्यू प्रभात नर्सिंग होम व आकाश नर्सिंग होम नउवाबाग को नोटिस थमा कर एक सप्ताह के भीतर जवाब मांगा गया है। उधर डिप्टी सीएमओ के छापा मार अभियान से शहर में संचालित विभिन्न अवैध नर्सिंग होम संचालको में हड़कंप मचा रहा, वहीं कुछ नर्सिंग होम संचालक अपने-अपने अस्पतालों में ताला डालकर रफूचक्कर हो गए और मोबाइल द्वारा टीम किधर गई इस बात की पल-पल जानकारी हासिल करते रहे। छापा मार कार्रवाई के दौरान डिप्टी सीएमओ डा. पीडी सिंह व लिपिक विकास मौजूद रहे।

# सत्याग्रह पर बैठे प्रवीण पांडेय की हालत बिगड़ने से चिंता संग बढ़ा गुस्सा

***क्षेत्रीय लोगों ने अनशन स्थल पर पहुंचकर सत्याग्रहियों का जाना हालचाल***

***व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष व पदाधिकारियों ने सत्याग्रहियों का बढ़ाया उत्साह***

**दैनिक समाज जागरण अतुल बाजपेई**

विजयीपुर-गाजीपुर मार्ग के लिए चल रहे सत्याग्रह में चौथे दिन सत्याग्रही प्रवीण पांडेय की हालत खराब हो गई। रात में भी दो बार ब्लड प्रेशर को लेकर समस्या हुई थी। सुबह से दस्त की समस्या बढ़ी तो स्थानीय डाक्टर को बुलाकर दिखाया गया। एक-दूसरे के माध्यम से यह बात क्षेत्र के लोगों को पता चली तो तमाम लोग अनशन स्थल पर पहुंच गए।

व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ला, अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष चौधरी राजेश यादव, मिशन मोदी के जिलाध्यक्ष अवधेश मिश्रा, व्यापारी नेता अमिताभ शुक्ला व अनुपम शुक्ला आदि लोगों ने नरैनी चौराहा पहुंचकर सत्याग्रहियों का हालचाल लिया। व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र के सैकड़ों गांवों, लाखों लोगों की समस्या का निराकरण मांग रहे सत्याग्रहियों से वार्ता के लिए शासन-प्रशासन में बैठे लोगों को आगे आना चाहिए। सड़क निर्माण



आरंभ होने का संकल्प है, उसे हर हाल में पूरा कराया जाना चाहिए। उधर सत्याग्रही प्रवीण पांडेय ने कहा ग्राम पंचायत, नगर पंचायत तथा पालिकाओं में तमाम विकास योजनाओं का बिना प्रस्ताव क्रियान्वयन होता है।केंद्र और प्रदेश में हमारी सरकार है। सरकार के कामकाज को हम भलीभांति समझते हैं। उसके बाद भी 34 किलोमीटर लंबाई वाले विजयीपुर-गाजीपुर सड़क का निर्माण कराने में बार-बार अधिकारी बजट और शासन की स्वीकृति का हवाला देकर लोगों को धोखा देते आ रहे हैं। प्रवीण पांडेय ने कहा कि कार्यकर्ता होने के नाते मेरी भी जिम्मेदारी बनती है कि सड़क निर्माण के लिए जो भी मुझसे, मेरे साथियों से हो सकता है योगदान दूं। जब तक सड़क निर्माण नहीं शुरू होता है, सत्याग्रह जारी रहेगा। जल और जन आशीर्वाद के सहारे हमारा अनशन जारी है। कहा कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि को पांच वर्ष का समय मिलता है। दूसरा कार्यकाल चल रहा है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मूलभूत आवश्यकता की सड़क तक हीं बना सके हैं। केवल कागजों में सड़क की योजना दौड़ा रहे हैं। इससे बड़ी विडंबना क्षेत्र के लिए क्या हो सकती है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के बताए एकात्म मानवदर्शन में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के विकास की बात मंच से करने वालों को सड़क की बदहाली नहीं दिखाई देती है।

# बी पैक्स सदस्यता अभियान में बस्ती मंडल में जिले को मिला प्रथम स्थान

***अभियान के तहत 34720 सदस्य बनाने का था लक्ष्य***

***14 विकास खण्डों में 124 बी पैक्स मौजूदा समय में हैं कार्यरत***

***103.72 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर बस्ती मंडल में अव्वल रहा जिला***

**दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। जिले में सहकारिता विभाग की ओर से चलाए जा रहे सहकार से समृद्धि योजना के अंतर्गत बी पैक्स सदस्यता अभियान की जानकारी जिले के जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष विक्रम सिंह ने देते हुए बताया कि बी पैक्स सदस्यता अभियान में बस्ती मंडल में सिद्धार्थनगर जिला ने प्रथम स्थान हासिल किया है। जनपद को



दिए गए लक्ष्य से आगे बढ़ते हुए उसने 103.72 प्रतिशत सदस्य बनाए हैं। विक्रम सिंह ने बताया कि बी पैक्स सदस्यता अभियान का शुभारंभ 1 सितंबर को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वर्चुअल किया गया था और यह अभियान 30 सितंबर तक चलाया गया। जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष ने बताया कि सिद्धार्थनगर जिले में कुल 14 विकास खंडों में 124 बी पैक्स मौजूदा समय में कार्य करत हैं इस अभियान के तहत जिले में कुल 34720 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया था वही सिद्धार्थनगर जिले में विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों के अथक प्रयास और मेहनत से लक्ष्य के सापेक्ष 36 013 सदस्य बनाए गए हैं उन्होंने कहा कि इस तरह 103.72 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति कर सिद्धार्थनगर जिला बस्ती मंडल में प्रथम स्थान पर रहा। विक्रम सिंह ने कहा कि जिला सहकारी बैंक सिद्धार्थनगर की व्यावसायिक गतिविधि सिद्धार्थनगर जिले में करीब 20 वर्ष से बंद हो गई थी लेकिन अब सरकार ने सहकारी बैंकों को फिर से गतिशील करने का प्रयास किया है उसी के तहत सिद्धार्थनगर जिले में जिला सहकारी बैंक लगातार आगे बढ़ रही है और लोगों में उसका विश्वास भी बढ़ रहा है।

# कूड़ा भरा डंपर पलटने से चालक की दबकर मौत

**नाटक घर को रोशन करने वाला एकमात्र चिराग बुझने से परिवार की नैया कौन खेवेगा**

परिजनों के अनुसार मृतक पवन तीन भाई थे जिनमें बड़े भाई की कैंसर से मौत हो गई थी। वही दूसरे भाई विशाल शर्मा की लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व दुर्घटना में मौत हो गई थी वह भी नगर निगम में ट्रैक्टर चालक था दोनों भाइयों की मौत होने के बाद पवन पूरे परिवार की नैया खेल रहा था उसे भी गुरुवार की प्रातः काल के क्रूर हाथों ने परिजनों से हमेशा हमेशा के लिएछीन लिया अब परिवार में तीनों की विधवा पत्नी और बच्चे तथा विधवा मां शेष रह गई है जिनका रो-रो कर बुरा हाल है। अब इस परिवार की नैया कौन खेवेगा यह यक्ष प्रश्न बनकर रह गया है। हालांकि नगर निगम ने मृतक के परिजनों को जहां 5 लख रुपए की आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया है वहीं ठेकेदार ने भी मृतक के परिजनों को 5 लाख की आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया है इस पीड़ित परिवार के लिए यह सहायता ऊंट के मुंह में जीरे के समान है।

**समाज जागरण -बजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण के गांव क्षेत्र के बासठ मैं गुरुवार की प्रातः कूड़ा पलट के समय डंपर ऊपर गिरने से चालक की मौत हो गई जबकि उसका साथी घायल हो गया इस घटना से नगर निगम कर्मियों में हड़कंप मच गया पुलिस ने शवका पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया है

थाना नारखी के गांवशाहपुर निवासी 36 वर्षीय पवन शर्मा पुत्र स्वर्गीय श्री भगवान शर्मा नगर निगम में ठेका पर वाहन चालक था वह रोजाना की तरह गुरुवार की प्रातः थाना दक्षिण के गांव बासठ के समीप कूड़े से भरे डंपर को खाली करने के लिए अपने साथी अमन पुत्र महिपाल निवासी टापा खुर्द थाना उत्तर को लेकरगया था जैसे ही वह डंपर खाली कर रहा था तभी अचानक डंपर में कुछ खराबी आ गई जिसके वह डंपर ठीक कर रहा था तभी अचानक कूड़े से भरा डंपर उसके ऊपर आ गिरा जिससे वह कूड़े में दब गया उसके



साथी द्वारा शोर करने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने अथक प्रयास कर पवन को बाहर निकाल इधर साथी ने नगर निगम में घटना की जानकारी दी जानकारी मिलते ही महापौर कामिनी राठौर और नगर आयुक्त घनश्याम मीणा अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे उन्होंने घटना की जानकारी ली इधर पवन को उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लाया गया जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया और शवको विच्छेदन गृह में रखवा दिया घायल अमन को उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर में भर्ती कर लिया गया है। इधर सूचना मिलते ही मृतक के परिजन तथा नगर विधायक मनीष असीजा भी जिला अस्पताल पहुंच गए जिनमें में कोहराममचा हुआ था मृतक ने अपने पीछे विधवा पत्नी एक पुत्र और दो पुत्री को रोते भी लगता छोड़ा है।

# 77 लाख की लागत से होगा सिरसागंज के प्राचीन श्री लक्ष्मीनारायन मंदिर का सौदर्यीकरण

सिरसागंज। प्रदेश के पर्यटन विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में योजनाबद्ध तरीके से पर्यटन विकास हेतु उचित कदम उठाये जा रहे है। आज पत्रकारों से वार्ता करते हुए कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह के प्रतिनिधि सुमित प्रताप सिंह ने बताया कि प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की ओर से जिले में पर्यटन विकास के लिये करोडों रुपए की धनराशि शासन की ओर से स्वीकृत करा दी गयी है। उसी कडी में नगर सिरसागंज के प्राचीन लक्ष्मीनारायन मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिये प्रदेश सरकार की ओर से 77 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत कर दी गयी है। जिसके लिये टेंडर प्रक्रिया होते ही कार्य प्रारंभ हो जायेगा। इस प्राचीन मंदिर में पर्यटन विभाग द्वारा प्रवेश द्वार, मल्टीपर्पज हॉल, विश्राम आश्रय,शौचालय, आंतरिक फ़्लोरिंग, आंतरिक मार्ग, म्युरल वॉल आदि का निर्माण कराया जाएगा । इसके ऐतहासिक महत्व के नजरिये से देखें तो कई आयोजनों पर कई भक्त दूर दूर से आते है, लेकिन अब पर्यटन विभाग इसे सॅवारने जा रहा है। इस मंदिर को पर्यटन से जोडकर यहाँ पर्यटन को बढावा देने की तैयारी पर्यटन विभाग कर रहा है। ताकि इस प्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद यहाँ सालभर में पर्यटकों का जमावाडा बना रहे। साथ ही यह भी बताया कि जिले के लिये जल्द ही 11 पर्यटन सम्बन्धी योजनाओं के विकास के लिये शासन स्तर से पैसा स्वीकृत होते उन पर भी जोर शोर से कार्य प्रारम्भ हो जायेगा। वित्तीय स्वीकृति इसी माह में हो जायेगी।

# मेडिकल कॉलेज के शौ शैय्या अस्पताल में ध्वस्त व्यवस्थाएँ, अल्ट्रासाउंड न होने पर परेशान रहीं महिलाएं

***मेडिकल कॉलेज प्रशासन इस समस्या को लेकर सुस्त आखिर क्यों?***

***सीएमएस बोले अल्ट्रासाउंड में डॉक्टर ही नहीं तो क्या कर सकते है***



बताया गया मेडिकल कॉलेज के शौ शैय्या अस्पताल में अल्ट्रासाउंड को लेकर व्यवस्थाएं ध्वस्त नजर आई, दो महीने तक की पर्ची लेकर अल्ट्रासाउण्ड कराने महिला का अल्ट्रासाउंड नही हुआ, कारण अल्ट्रासाउंड करने वाले चिकित्सक ही नदारद रहे, इसी तरह कई महिलाओं ने अल्ट्रासाउंड न होने पर अपना दर्द बयां किया। सोचने वाली बात है मेडिकल कॉलेज में परिपूर्ण व्यवस्थाओं का दावा किया जाता है सरकार द्वारा भी तमाम स्वास्थ्य सुविधाएं दी जातीं है इसके बावजूद हालात यह है कि अल्ट्रासाउंड डॉक्टर नदारद है परंतु मेडिकल कॉलेज प्रशासन इस समस्या को लेकर सुस्त है। जब इस बारे में मीडियाकर्मी ने जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ नवीन जैन से संपर्क साधा गया तो कहना था सब चीज सही है अल्ट्रासाउंड में डॉक्टर ही नही है तो क्या कर सकते है बाकी निदान को प्रयास करते है।

# यादव महासभा ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन, थानाध्यक्ष के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**दैनिक समाज जागरण**

शिकोहाबाद। यादव महासभा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. अवधेश यादव एडवोकेट के नेतृत्व में महासभा के पदाधिकारियों और यादव बंधुओं ने थानाध्यक्ष लाइनपार के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। चेतावनी दी अगर शीघ्र थानाध्यक्ष के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गई तो महासभा आंदोलन करने को बाध्य होगी। पूर्व जिलाध्यक्ष ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उनकी अनुपस्थित में



एडीएम अभिषेक कुमार सिंह को दिया। इसमें उन्होंने थानाध्यक्ष लाइनपार पर पर सजातीय बंधु प्रेमचंद्र यादव के साथ मारपीट और गाली गलौज के साथ रुपये निकालने का आरोप लगाया है। महासभा ने थानाध्यक्ष लाइन पार पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। चेतावनी दी अगर शीघ्र कड़ी कार्यवाही नहीं हुई तो यादव महासभा उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# डीएम ने कुतकपुर चनौरा में सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम, सोफीपुर में एसटीपी प्लांट व रेहना नाले का किया निरीक्षण और शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के दिए निर्देश।

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी डा0 उज्ज्वल कुमार ने गुरूवार को नगर निगम द्वारा संचालित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम कुतुकपुर चनौरा का निरीक्षण किया। उन्होंने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम की बिल्डिंग के अंदर जाकर वहां लगे प्लांट सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोसेसिंग सिस्टम को जाना व परखा और निदेश दिए कि तेजी से प्रोसेसिंग कर कचरे के ढेरों को समाप्त किया जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने वहां पर निमार्णाधीन 250 टीपीडी वेस्ट टू कम्पोस्ट प्लांट का निरीक्षण किया। उसमें उन्होंने कार्यदायी संस्था को कार्य शीघ्र गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होने परिसर के अंदर हो रहे कार्य की गुणवत्ता को जाना और विधिवत तरीके से कार्य नही होने पर उन्होंने इंजीनियर आदेश कुमार पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि जो कार्य आपके द्वारा किया गया है परिसर में फर्श एवं मरम्मत का उसके अंदर काफी जगह छुट्टी हुई है, जो शटरिंग आपके द्वारा इस्तेमाल कराई गई है उसकी भी गुणवत्ता सही नहीं है, कहीं जगह ब्लॉक में दरारें है, जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। इसको शीघ्र ही गुणवत्तापूर्ण कार्य करके पूरा करने के निर्देश दिए।

इसके उपरांत उन्होंने वहां पर 5 टी पी डी वेस्ट टू कम्पोस्ट संचालित प्लांट का निरीक्षण



किया। उन्होंने निर्देश दिए कि इस तरह के प्लांट अन्य स्थानों पर भी स्थापित कराए जाएं और इससे निकलने वाले प्रोडक्ट को मार्केट में भी सेल कराये। वहां पर उन्होंने जाना कि इससे और क्या-क्या कार्य होते हैं जिस पर जेड एस ओ ने बताया कि पेटप्लास्टिक को कम्प्रेस करके पैकेट तैयार किए जाते हैं इसके उपरांत इसको रीसायकल के लिए भेज दिया जाता है और इसमें गत्ते को भी प्रेस किया जाता है। उसके बाद उन्होंन मेटेरियल रिकवरी सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पर सारी कैटेगरी की जानकारी प्राप्त की और पूछा कि कितनी कैटेगरी में ड्राई बेस्ट को सेगरीगेट करते हो जिस पर जेड एस ओ संदीप भार्गव ने बताया कि 9 कैटेगरी में बांटा गया है जिसमें प्लास्टिक, दफिया, रबर, कांच, लोहा, अल्युमिनियम, गत्ता, लकड़ी, जूता सोल में डिवाइड किया गया है। इसके बाद उन्होंने श्रेडर मशीन कक्ष में जाकर वहां का निरीक्षण किया और जाना की इससे जो दाना निकल रहा है उसका क्या इस्तेमाल करते हैं इस पर बताया कि फाइबर चेयर, बाल्टी आदि हार्ड प्लास्टिक जैसे प्रोडक्ट रीसायकल कर तैयार किए जाते हैं। इसके बाद जिलाधिकारी ने 250 टी पी डी कचरा डलाव साइट का निरीक्षण किया उन्होंने पूछा कि इसको किस-किस तरीके से इस्तेमाल कर रहे हो जिस पर बताया कि साइंटिफिक लैण्ड फिल साइट तैयार की जाएगी जो वेस्ट निकलता है वह डम्प इंरर्ट किया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि तेजी से शहर के कचरे को मशीनरी प्रोसेसिंग के द्वारा विधिवत निस्तारित कर कचरे के ढेरों को समाप्त किया जाए। इसके उपरांत उन्होने सोफीपुर में स्थापित सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने नगर निगम के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शहर से आने वाले नाले के गन्दे पानी को ट्रीटमेंट किए बिना यमुना में नही जाने पाए, इसके लिए समय समय पर नगर निगम के अधिकारी सीवरेज प्लांट का निरीक्षण करते रहे। इसके उपरांत उन्होने रेहना नाले का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होने नाले के वहाब को जाना और नगर निगम की टीम को निर्देश दिए कि नाले के वहाब को मेंटेन बनाए रखने के लिए समय-समय पर सफाई कराई जाए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त घनश्याम मीणा, सहायक अभियंता आर ई एस, कार्यदायी संस्था सीएण्डडीएस के इंजीनियर, नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खराब सब्जी फल नाली मे डालने पर लगाया चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने प्रतिबंध।।

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद/साहनपुर डेंगू बुखार के बढ़ते प्रभाव के चलते चेयरमैन खुर्शीद




मंसूरी एक्टिव मोड मे दिखाई दिये। उन्होंने फल सब्जी विक्रेता की मीटिंग बुलाकर खराब सब्जी फल नाली मे ना फेंकने की अपील की। और नाली मे खराब गले हुये फल सब्जी को नाली मे डालने पर प्रतिबंध लगा दिया। और सभी फल सब्जी विक्रेता को कूड़ेदान बांटकर इसका इस्तेमाल करने को कहा। और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

## मुख्यमंत्री पोर्टल पर झूठी शिकायत करने को लेकर पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज की कराई।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत मेघपुर निवासी डाक्टर माशुक उस्मानी ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके नाम से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जनसुनवाई पोर्टल पर ग्राम पंचायत मेघपुर के विकास कार्यों की जांच सम्बंधित एक शिकायती पत्र दिया था



जिससे उनका कोई लेना-देना नहीं है साफ प्रतित हो रहा है यह कोई शरारती तत्व का काम है जो गांव मे आपसी द्वेष भावना एवं शांति भंग करना चाहता है, डाक्टर माशूक उस्मानी को उसके नाम से दी गई शिकायत के सम्बन्ध में ग्राम पंचायत सचिव ओर ग्राम प्रधान पति रिजवान अहमद ने वाट्सएप के माध्यम से आवगत कराया की जिस मोबाइल से शिकायत की गई वह मोबाइल नम्बर बंद आ रहा है शिकायत किए गए मोबाइल नंबर 7037376175 की सीडीआर वह आईडी के माध्यम से पता लगा कर कार्यवाही की मांग कर डाक्टर माशूक उस्मानी के द्वारा एक ई- एफआईआर वढउडढ एप्लिकेशन मे दर्ज कराई , जो भविष्य में जनसुनवाई पोर्टल का गलत उपयोग न हो सके।

## रजपुरा ब्लाक परिसर में प्रधानों ने बी डी ओ रजपुरा के खिलाफ धरना-प्रदर्शन

दैनिक समाज जागरण /सम्भल। रजपुरा ब्लाक परिसर में प्रधानों ने बी डी ओ रजपुरा के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया गया ,नारी के सम्मान में सभी प्रधानों महिला ने कहा कि ग्राम पंचायत सचिव को जब तक न्याय नहीं मिलेगा तब तक




रजपुरा बी डी ओ के खिलाफ धरना-प्रदर्शन, आन्दोलन भी चलाएंगे।और ग्राम प्रधानों ने महिला सचिव को अपना समर्थन पत्र दिया। क्योकि महिला ग्राम पंचायत सचिव पर सात हजार रुपए निकल रहे थे तो कल रजपुरा बी डी ओ ने मीटिंग में ही महिला सचिव से रुपये मांगे नहीं देने पर मीटिंग में सचिव का मोबाइल तथा कानों के कुंडल उतरवा लिए इसकी शिकायत सचिव ने जिला के आला अधिकारीगण से की थी। इस अवसर पर रजपुरा ब्लाक क्षेत्र के लगभग सभी ग्राम प्रधान मौजूद थे।

## डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जूम ऐप के माध्यम से जिला वेटलैंड समिति की बैठक हुई संपन्न।

**गौतम बुद्ध नगर 05 अक्टूबर 2023**

आज डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जूम ऐप के माध्यम से जिला वेटलैंड समिति की बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए समस्त उप जिलाधिकारीगण, प्राधिकरण के अधिकारियों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी के द्वारा प्रपत्र 2 की सूचना एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराई जाए तथा जनपद में स्थित तालाबों का मास्टर प्लान तैयार करते हुए आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि 2.25 हेक्टर एवं उससे अधिक तालाबों के कार्य योजना वेटकोड के साथ निर्धारित प्रपत्र पर उपलब्ध कराने के कार्रवाई सुनिश्चित की जाए एवं वह तालाब जो पूर्ण रूप से पूर्व से ही अतिक्रमित हैं या विकास कार्यों में बाधित हुए हैं उनके स्थान पर डेढ़ गुने अधिक तालाब बनाए जाने के कार्य योजना तैयार करते हुए जनपद में तालाब बनाए जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अतिक्रमित तालाबों को मिटीगेशन में शामिल करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक का सफल संचालन प्रभागीय वन अधिकारी प्रमोद कुमार के द्वारा किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, उप जिलाधिकारीगण तथा प्राधिकरणों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।।
1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक
साइज 3X5 Cm

## अल अमीन एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया गया।

**दैनिक समाज जागरण**

संभल । अल अमीन एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया गया।

पांच अक्टूबर समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर स्कूल, कॉलेज, मदरसो, के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। और विचार गोष्ठी का आयोजन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा कि गुरु का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व होता है। जो एक इंसान को अज्ञान से ज्ञान की ओर लेकर जाता है. हर साल गुरु को सम्मान देने के लिए शिक्षक दिवस मनाया जाता है. हर साल पांच अक्टूबर को विश्व शिक्षक दिवस मनाया जाता है. हालांकि भारत में शिक्षक दिवस इससे एक महीने पहले यानी डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर पांच सितंबर को मनाया जाता है. ! स्पेशल गेस्ट तरन्नुम अकील ने बताया कि भारत में जहां शिक्षक दिवस हर साल 05 सितंबर को



मनाया जाता है, वहीं पूरी दुनिया में इस खास दिन को 05 अक्टूबर को सेलिब्रेट किया जाता है. इस दिन की शुरूआत साल 1994 में हुई थी.!

अध्यक्षता डॉ शहजाद अहमद ने बताया कि जिस तरह भारत में शिक्षक दिवस शिक्षकों को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है उसी तरह अन्तरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस सारी दुनिया में शिक्षकों की भूमिका और उसकी जिम्मेदारियों को समझाने के लिए मनाया जाता है।

विशिष्ट अतिथि डॉ एम ए मारूफ अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस का उद्येश्य दुनिया भर के शिक्षकों की सराहना करना, मूल्यांकन और सुधार पर लोगों का ध्यान केंद्रित करना है। विश्व में शिक्षकों की जिम्मेदारी, उनके अधिकार और आगे की पढ़ाई के लिए उनकी तैयारी को महत्व दिया जाता मुख्य अतिथि डॉक्टर फैज आग, ने कहा कि तालिम से ही सब कुछ हमे मेहनत करने से मिलता है शिक्षा किसी भी मुकाम पर पहुंचा सकती है! अन्य वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे !

अध्यक्षता डॉ शहजाद अहमद ने की संचालन सलमान नबी ने किया अंत में सभी अतिथियों पदाधिकारियों एवं शिक्षक एवं शिक्षिकाओं छात्र एवं छात्राओं साथियों का शुक्रिया अदा किया !

मीना बेगम,शाहीन जमाल , नाजिर खान, जमशेद खान, वाइज खान, आकिब रजा, मुफ्ती जुनैद कासमी मौलाना मुहम्मद कासमी, मौलाना जुल्फेकर , मौलाना जकर्या, मुजीब उर रहमान, आकिब रजा, फैजान, शहनवाज, नाजिर खान, मनोज वर्मा सलमान नबी, मुफ्ती मेहबूब मिस्बाही, के एम फहीम, खुर्शीद खान, सोबित रस्तोगी, दिलनवाज खान, जुबैर उमर, अनुज कुमार, आमिर कंबर, प्रदीप, मीना बेगम, अस्का अमानी, शफीक बरकाती, इम्तियाज बरकाती, नाजिश नसीर, नसीम हुसैन भूपेंद्र सिंह, हसीना, तजवार, तयबा फात्मा, सुनील कुमार, पीयूष कुमार त्यागी, डॉ फैज आगा ताहिर सलामी, आदि मौजूद रहे

## एण्टी रोमियों टीम प्रभारी एवं महिला बीट अधिकारियों के साथ ट्रेनिंग कार्यशाला का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**

संभल। पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कुलदीप सिंह गुनावत की



अध्यक्षता में पुलिस लाइन स्थित सभागार में शारदीय नवरात्रों में महिला सुरक्षा हेतु "मिशन शक्ति" व "शक्ति दीदी" कार्यक्रम के दृष्टिगत जनपद के समस्त थानों के एण्टी रोमियों टीम प्रभारी एवं महिला बीट अधिकारियों के साथ ट्रेनिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया । पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी एण्टी रोमियों टीम प्रभारियों को प्रतिदिन टीम द्वारा स्कूलों, शिक्षा संस्थान, मंदिरों के आस-पास भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं से छेड़खानी करने वाले मंचलों पर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया तथा महिला बीट अधिकारियों को बताया गया कि किस प्रकार महिला चौपालों में महिलाओं का सम्बोधित करना है एवं किन महत्वपूर्ण बातों पर बल देना है एवं जरूरी हेल्प लाइन सेवाओं के emergency नंबर के बारे में जानकारी के सम्बन्ध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल श्रीश्चन्द्र, नोडल अधिकारी मिशन शक्ति/क्षेत्राधिकारी बहजोई दीपक तिवारी, क्षेत्राधिकारी चन्दौसी डॉ0 प्रदीप कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी लाइन सोमोनेन्द्र विश्वास, महिला थाना प्रभारी पूनम आनन्द व महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी राधेश्याम शर्मा आदि अधिकारीगण मौजूद रहे

## नूरी रजा मेमोरियल कालेज के प्रिंसिपल ने भेट किया कुरान मजीद

**समाज जागरण**

बिसौली आई एम खान। सैदपुर सीएचसी के पूर्व अधीक्षक व उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा. फिरासत हुसैन अंसारी का जिला महिला चिकित्सालय पीलीभीत के लिए तबादला हों गया। स्टाफ की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान स्टाफ ने उन्हें फूल माला पहनाकर सम्मानित किया साथ ही उपहार भेंट किए। मुख्य अतिथि डीसी मनरेगा राम सागर यादव ने उनके कार्य की प्रशंशा की सीएचसी अधीक्षक डाक्टर जुनैद मेहंदी ने उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट किया वही नूरी रजा मेमोरियल कालेज के प्रधानाचार्य शाहिद हुसैन ने कुरान पाक भेंट किया। इस दौरान डाक्टर शकील अहमद ने कहा फिरासत हुसैन ने अपने दस साल के सेवा काल में सीएचसी को प्रदेश लेबल तक पहुंचाया। अपने संबोधन में डॉ. फिरासत हुसैन ने कहा 2013 में उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रभारी



चिकित्साधिकारी के तौर पर कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा दस साल तक कस्बा सहित आस पास के क्षेत्र के लोगों ने उन्हें जो इज्जत दी उसे कभी भूलाया नहीं जा सकता। उन्होंने स्टाफ की सराहना करते हुए कहा उनकी टीम ने कदम से कदम मिलाकर प्रदेश भर में सैदपुर सीएचसी का नाम रोशन किया यही वजह रहीं सीएचसी को चार बार कायाकल्प अवार्ड से नवाजा गया। उन्होंने सभी का आभार जताया इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डा. जुनैद मेहंदी, डॉ. विकास श्रीवास्तव डॉ. संजय यादव, डॉ. इमरान मिर्जा, डॉ. फरनाज परवीन, मरियम खांन, वीपीएम नवेद अहमद, डॉ. राजीव, डाक्टर फरहा, डॉ. सायमा गनी, डॉ. मेराज हुसैन, इकबाल कादिरी, स्वेता, सहित स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉङ्क हिलाल बदायूंनी व जीनत आरा ने किया।

## डीपाल स्कूल में संत विसेंट का पैट्रांस दिवस धूमधाम से मनाया गया

**समाज जागरण**

बिसौली आई एम खान। डीपाल स्कूल में वृहस्पतिवार को संत विंसेंट डी पॉल का पैट्रोन्स दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने आकर्षक नृत्य और भाषण के जरिए सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कक्षा 2 के छात्र हर्ष प्रताप के द्वारा डी पॉल स्कूल के प्रबंधक फादर डॉक्टर मार्टिन बीसी का स्वागत करने के साथ किया गया। कक्षा 2 के छात्र युग ने सेंट विंसेंट डी पॉल पैट्रोन्स दिवस के उपलक्ष में अंग्रेजी में भाषण के माध्यम से उनके कार्यों की सराहना की। कक्षा 1 व 2 के छात्र, छात्राएं मानवी, कृष्णा, इल्हाम, जियांशी, उदित, सोनम, आर्या, मोहनी, निष्चल, देवांश, अदिति, अनग, अनिका आदि ने नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 2 के छात्र युग ने हिंदी में भाषण दिया और उसने सेंट विंसेंट डी पॉल के कार्यों के बारे में जानकारी प्रदान की। स्कूल के प्रबंधक फादर डॉक्टर मार्टिन बीसी ने अपने संदेश में संत विंसेंट डी पॉल के जीवन एवं उनकी शिक्षा तथा उनके जीवन संघर्ष के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि संत विंसेंट डी पॉल को मुख्य रूप से उनकी दयाशीलता और गरीबों के प्रति उनकी करुणा के लिए उन्हें जाना जाता है। हम सभी को उनके बताए मार्गो पर चलना चाहिए। उनकी शिक्षा को अपने जीवन में लागू करना चाहिए। अंत में धन्यवाद के साथ कक्षा 2 की छात्रा बरीरा द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया।

## सीनियर सिटीजन क्लब ने उत्सव पैलेस में मेले का किया अयोजन

**शावेज अहमद/समाज जागरण**

रामपुर। सीनियर सिटीजन क्लब द्वारा उत्सव पैलेस में उत्सव मेले का आयोजन धूम धाम से किया गया। जिसमें रामपुर, काशीपुर, मुरादाबाद, चंदौसी, बरेली, दिल्ली, अमरोहा से आए हुए लोगों ने कपड़ों, गिफ्ट, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, खाने के व्यंजन, मसाले, आयुर्वेदिक कॉस्मेटिक, गेम्स के स्टाल लगाए गए।

मेले में बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एवं डांस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। मेले में लगभग 1500 लोगों ने भाग लिया। मेले का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। मेले में मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना हनी एवं जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मोहनलाल सैनी ने बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। मेला सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक संचालित रहा। जिसमें लोगों ने जमकर खरीदारी की और खाने के व्यंजनों के स्वाद का लुत्फ उठाया।

इस मौके पर सोनिया गुप्ता, नीता जैन, अलका जैन, रानी गुप्ता, प्रीति अग्रवाल, चारू अग्रवाल, सरिता विष्णोई, निशी अग्रवाल, सुनीता जैन, नन्दिया गोयल,



रूपम गुप्ता, ममता गुप्ता, अर्चना अग्रवाल, संगीता पवार, सपना अधिकारी, आशा अरोड़ा, गीतू अरोड़ा, गुंजन सक्सेना, इन्द्र पाल सिंह, राजीव गुप्ता, सुधीर अग्रवाल, बबीता रस्तोगी, शीतू ग्रोवर, प्रिंसी अग्रवाल, श्रीष गुप्ता, विपिन गुप्ता, सुमित अग्रवाल, रितु गुप्ता, सोनल अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, गौरव जैन आदि मौजूद थे।

## शहर विधायक आकाश सक्सेना ने रामलीला मैदान का किया निरीक्षण

**शावेज अहमद /समाज जागरण**

रामपुर। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने नगर पालिका के अधिकारियों के साथ ज्वालानगर रामलीला मैदान का निरीक्षण किया। साथ ही मैदान की तरफ जाने वाली सड़कों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि रामलीला की तरफ जाने वाले मार्गों को रामलीला से पूर्व ही दुरूस्त करा लिया जाए। साथ ही रोशनी के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। उन्होंने यह भी बताया कि सिविल लाइंस आदर्श रामलीला मैदान फैंसी और तिरंगा लाइटों से जगमगाएगा। रामलीला का मंचन शुरू होने जा रहा हैं। लिहाजा सभी रामलीला कमेटियों ने इस दिशा में कार्य शुरू कर दिया है। शहर विधायक आकाश सक्सेना, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार तमाम पालिका कर्मचारियों के साथ ज्वालानगर रामलीला मैदान पर आ गए। उन्होंने रामलीला मैदान का जायजा लिया। साथ ही अधिकारियों व कर्मचारियों को मैदान की साफ-



सफाई कराने के निर्देश दिए। शहर विधायक ने कहा कि ज्वालानगर को सुंदर बनाने के लिए पुरजोर तरीके से काम कराए जा रहे हैं लेकिन इसमें कुछ दुकानदारों का सहयोग भी अपेक्षित हैं। यदि दुकानदार सड़क तक अपनी दुकान का सामान रखेंगे और आधी सड़क अपने वाहनों को खड़ा कर घेर देंगे तो लोगों को आवागमन में असुविधा होगी। ऐसे में समस्या का पूरी तरह से निदान करने के लिए दुकानदारों को आगे बढ़कर सहयोग करना चाहिए। साथ ही रामलीला मैदान के रास्तों को रंग-बिरंगी लाइटों से जगमग कर दें जिससे त्यौहार जैसा माहौल नजर आए। शहर विधायक ने क्षेत्रवासियों को भरोसा दिया कि आने वाले समय में कोई भी ज्वालानगर को पुराने ज्वालानगर के रूप में नहीं देखेगा, बल्कि उसके लिए यह पहचान पाना भी मुश्किल होगा कि ये वही ज्वालानगर है, जो सड़कें चैड़ी होने के बाद भी जाम के लिए बदनाम था। लेकिन, आने वाले दिनों में सबकुछ पूरी तरह से बदल जाएगा। उन्होंने बाजार के व्यापारियों से उनकी दुकानों का सामान दुकानों के भीतर ही लगाने की अपील की।

## महमूदाबाद के राजा आमिर मोहम्मद खघन के निधन पर रामपुर के शाही खानदान में शोक की लहर

**शावेज अहमद/समाज जागरण**

रामपुर। महमूदाबाद के राजा आमिर मोहम्मद खघन उर्फ सुलेमान मियां के निधन पर रामपुर के शाही खानदान में शोक का माहौल है। रामपुर के अंतिम शासक रहे नवाब रजा अली खां के पौत्र पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने राजा महमूदाबाद के इंतकाल कर गम का इजहार किया हैं। शोक स्वरूप नूर महल पर लगा शाही ध्वज झुका दिया गया है। नवेद मियां ने राजा महमूदाबाद के पुत्र प्रोफेसर अली खान और अन्य परिजनों से बात कर शोक व्यक्त किया है।

नवेद मियां ने बताया कि राजा आमिर मोहम्मद खान सीतापुर जिले की आन-बान और शान थे। वो 80 वर्ष के थे और दो बार महमूदाबाद से विधायक निर्वाचित हुए थे। वो सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते थे। उनकी संपत्तियां लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी समेत यूपी के कई शहरों, उत्तराखंड, दिल्ली और




विदेशों में भी हैं। नवेद मियां ने बताया कि राजा महमूदाबाद का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए बुधवार को किले में रखा गया और कर्बला में उन्हें दफन किया गया। उनके जनाजे की नमाज में हजारों लोग शामिल हुए। उन्होंने बताया कि महमूदाबाद और रामपुर रियासत के शासकों के दरमियान हमेशा ही अच्छे रिश्ते रहे हैं। महमूदाबाद यूपी के सीतापुर जनपद की एक समृद्ध रियासत और अवध की सबसे बड़ी ताल्लुकेदारी रही है। यहां के राजा आमिर मोहम्मद खघन के निधन से गहरा सदमा हुआ है। उनकी कमी को कभी पूरा नहीं किया जा सकेगा।

## जब दरोगा ही दबंगों से मिलकर उत्पीड़न करने लगे तो पीड़ित को न्याय कैसे मिले

### महिला का आरोप सुभाष यादव जैसे भ्रष्ट दरोगा सरकार की छवि खराब करने पर तुला

**समाज जागरण**

बिसौली आई एम खान। जब दरोगा ही दबंगों से मिलकर उत्पीड़न करने लगे तो पीड़ित को न्याय कैसे मिल पाएगा। चौंकिए मत जनाब यह आरोप कोतवाली में तैनात एसआई सुभाष यादव पर क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर मई



निवासी महिला सुषमा पत्नी पोशाकी पाल ने लगाए हैं। हद तो तब हो गई जब महिला कोतवाल को शिकायती पत्र देने थाने गई तब आरोपी दरोगा ने उससे शिकायती पत्र छीनकर अपनी जेब में रख लिया और उसे भगा दिया। जहां एक ओर सीएम योगी कानून व्यवस्था को लेकर अफसरों के पेंच कस रहे हैं वहीं सुभाष यादव जैसे भ्रष्ट दरोगा सरकार की छवि खराब पर तुले हैं। गांव मोहम्मदपुर मई निवासी सुषमा पत्नी पोशाकी पाल ने कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला को दिए शिकायती पत्र में हल्का दरोगा पर हमले के आरोपी दबंगों के पक्ष में कार्यवाही करने का आरोप लगाया है। पीड़िता के मुताबिक उसका लड़का किशनवीर बाहर रहकर मजदूरी करता है। गांव के ही रामखिलाड़ी पुत्र रामदास ने बेटे से मोबाईल खरीदा। छः हजार रुपये मांगने पर बीती 19 जुलाई को रामखिलाड़ी व उसके परिजनों ने लाठी डंडे, भाले व फरसे के साथ घर पर हमला बोल दिया और सभी को जमकर मारापीटा। दबंगों ने उसकी विवाहित पुत्री के कान का एक कुंडल लूट लिया। घटना की सूचना पुलिस को दी तो आरोपियों ने इसी रात लगभग 11 बजे छत पर पत्थर फेंके और फिर घर में घुसकर हमला कर दिया। पुलिस को काल की तो हमलावर भाग गए। आरोप है कि दरोगा सुभाष यादव ने न तो डाक्टरी कराई और न ही आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई की। उल्टे दरोगा ने पीड़िता को धमकाकर फैसला लिखवा लिया लेकिन मोबाईल आज तक नहीं मिला। यही नहीं आरोप है कि दबंग दरोगा ने पीड़िता के नाबालिग पुत्र किशनवीर को दो दिनों तक हवालात में रखा। पुलिस की शह पर आरोपी उसे और परिवार को एससी एसटी एक्ट में फंसवाने तथा गांव से भगा देने की धमकियां दे रहे हैं। उक्त मामले की शिकायत करने जब सुषमा वृहस्पतिवार दोपहर कोतवाली पहुंची तो वहां मौजूद आरोपी दरोगा सुभाष यादव ने शिकायती पत्र छीन लिया और भगा दिया। पीड़िता ने कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला से न्याय की गुहार लगाई है।

**इच्छुक कर्मचारी आगामी 13 अक्टूबर 2023 तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्थित दीवानी न्यायालय परिसर सूरजपुर ग्रेटर नोएडा में कर सकते हैं आवेदन।**

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतम बुद्ध नगर में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी तथा चौकीदार व सफाई कर्मचारी रिक्त पदों के सापेक्ष कर सकते हैं आवेदन।

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेशों के क्रम में अपर जिला जज/सचिव (पूर्णकालिक) डीएलएसए जनपद गौतम बुद्ध नगर ऋचा उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतम बुद्ध नगर में 02 तृतीय श्रेणी कर्मचारी, 02 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, 01 चौकीदार व 01 सफाई कर्मचारी के रिक्त पदों के सापेक्ष अभ्यर्थी 13 अक्टूबर 2023 तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी स्थानीय व भारत का नागरिक हो, शारीरिक रूप से स्वस्थ हो, अच्छे चरित्र व व्यवहार का हो, अभ्यर्थी के विरुद्ध कोई दांडिक वाद लंबित हो अथवा किसी वाद में दंडित गए हो तो आवेदन करने का पात्र नहीं होगा।

उन्होंने बताया कि तृतीय श्रेणी कर्मचारियों के रिक्त 02 पदों को संविदा के आधार पर भरा जाएगा एवं हिन्दी व अंग्रेजी टाइपिंग की जानकारी रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी, जिनका मासिक पारिश्रमिक अंकन 10730/- प्रति माह निर्धारित किया गया है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 02 पदों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से भरा जायेगा, जिसका मासिक पारिश्रमिक अंकन 8350/- प्रति माह निर्धारित किया गया है। चौकीदार के लिए 01 पद को आउटसोर्सिंग के माध्यम से भरा जाएगा, जिसका मासिक पारिश्रमिक अंकन 5960/- प्रति माह निर्धारित किया गया है। सफाई कर्मचारी के लिये 01 पद को आउटसोर्सिंग से भरा जायेगा, जिसका मासिक पारिश्रमिक अंकन 2390/- प्रति माह निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त पदों का कार्यकाल एक वर्ष के लिये निर्धारित होगा, जिसे उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अधीन एक वर्ष के लिये बढ़ाया जायेगा। उन्होंने बताया कि आवेदक अपना बायोडाटा भरकर अपने शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताओं की प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छाया प्रतियां लगाकर कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्थित दीवानी न्यायालय परिसर सूरजपुर ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्धनगर के कार्यालय के कार्य दिवस या स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीयन डाक से दिनांक 13.10.2023 तक प्राप्त करा सकते हैं। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

प्रचार नही तो व्यापार नही–
विज्ञापन के लिए संपर्क करे.

# पक्की दीवार गिरने से मलबे में दबकर ग्रामीण की मौत

## टॉयलेट करने के लिए रात्रि में उठा था ग्रामीण

**दैनिक समाज जागरण**
**रामप्रकाश राठौर**

शाहाबाद, हरदोई । शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मंगलीपुर गांव में बीती रात एक पक्की दीवार गिर जाने के कारण उसके मलबे में दबकर एक ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पाकर तहसील प्रशासन के अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मंगलीपुर में 58 वर्षीय कालिका प्रसाद पासी पुत्र मदारी रात्रि में अपने घर में सो रहे थे। कालिका प्रसाद तकरीबन रात्रि के 2:00 बजे पेशाब करने के लिए उठे और जैसे ही उन्होंने दरवाजा खोला तो उनकी पक्की दीवार भरभरा कर गिर गई। दीवार के साथ लगा लोहे का बिम कालिका के सिर पर गिर पड़ा जिससे उसके लगभग दो इंच का घाव सिर पर हो गया। खून की भयंकर धारा बहने लगी। खून अधिक निकल जाने के कारण कालिका की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर तहसील के अधिकारी और शाहाबाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक के पांच पुत्र और तीन पुत्रियां हैं । तीनों पुत्रियों और तीन पुत्रों की शादी हो चुकी है। दो पुत्र अभी अविवाहित हैं। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।



# मॉर्निंग में पैदल टहलने गए बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

## गम्भीर हालत में इलाज के लिए लखनऊ रेफर

**दैनिक समाज जागरण**

पाली,हरदोई। पैदल टहलने जा रहे एक बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।जिससे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे इलाज के लिए पीएचसी ले गए, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहां से उन्हें गंभीर हालत के चलते लखनऊ ट्रामा सेंटर भेज दिया गया है। पाली कस्बा के मोहल्ला पटियानीम निवासी परशुराम (75) हर रोज सुबह पैदल टहलने जाते हैं। गुरुवार की सुबह करीब साढ़े 5 बजे भी वह टहलने जा रहे थे। पाली-रूपापुर मार्ग पर कस्बा स्थित यादव मार्केट के पास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन उन्हें लेकर पाली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। हालत में सुधार न होने पर उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर भेज दिया गया है। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। प्रभारी निरीक्षक धीरज शुक्ला ने बताया है कि हादसे की जानकारी नही है। तहरीर मिलने पर कार्यवाई की जाएगी।

# अचानक पेट दर्द से युवक की देहरादून में मौत

## गांव में शव पहुंचने पर परिजनों में मचा कोहराम

**दैनिक समाज जागरण**



पाली,हरदोई। क्षेत्र के भैंसी नगला गावं निवासी एक युवक की उत्तराखंड के देहरादून में अचानक पेट में दर्द उठने से हालत बिगड़ गई। साथियों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई।

पाली थाने के भैंसी नगला गावं निवासी हरिओम शुक्ला (33) एक माह पहले उत्तराखंड के देहरादून में प्राइवेट नौकरी करने गया था। बुधवार की रात 8 बजे के आस-पास हरिओम के पेट में अचानक दर्द उठा। हालत बिगड़ने पर साथी उसे लेकर वहीं के किसी अस्पताल पहुंचे। जहां उसकी मौत हो गई। गुरुवार को उसका शव गावं पहुंचा। जिसके बाद परिजनों ने फरुर्खाबाद के पांचाल घाट पर उसका अंतिम संस्कार किया। हरिओम के पिता की मौत उसके जन्म के दौरान ही हो गई थी। वह अपनी मां का इकलौता पुत्र था। मृतक के तीन बच्चे हैं। घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्धा की मौत,शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

## पुत्र पर मां की हत्या कर शव फांसी पर लटकाए जाने का आरोप

दैनिक समाज जागरण,सावन सैनी

साडी,हरदोई।थाना क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते वृद्धा का शव बरामदे में फांसी के फंदे पर झूलता मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना क्षेत्र के सँगैचामऊ गांव निवासी लगभग 75 वर्षीय रामरती पत्नी राम भरोसे का शव संदिग्ध परिस्थितियों में गुरुवार की सुबह बरामदे में फांसी के फंदे पर झूलता मिलने से गांव में हड़कम्प मच गया।मृतका के पति रामभरोसे ने बताया कि वह रात के समय खेत की रखवाली करने गया था इसी वीच उसके इकलौते पुत्र कुलदीप ने अपनी मां की हत्या कर शव को फासी पर लटका दिया।वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक नदीम अहमद ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।



# बाइक चोरी करके चोरों ने दी पुलिस को चुनौती

**दैनिक समाज जागरण,रामप्रकाश राठौर**

शाहाबाद,कोतवाली पुलिस चोरी की नौ घटनाओं का खुलासा नहीं कर पाई ऊपर से चोरों ने एक बाइक पर हाथ साफ कर पुलिस की पेट्रोलिंग और गश्त को पूरी तरह से चुनौती देते हुए धो डाला। बाइक चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। 15 दिनों के अंदर ताबड़तोड़ नौ चोरियों में चोरों ने लाखों के समान और नकदी पर हाथ साफ किया लेकिन कोतवाली पुलिस के हाथ चोरों के गिरेबान तक नहीं पहुंचे। जिससे चोरों के हौसले बुलंद हो गए। बुलंद हौसलों का परिणाम है कि चोरों ने मीरा बस्ती के एक प्राइवेट अस्पताल से बाइक को चोरी कर ली। चोर की हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। चोर की हरकत को देखने के लिए पुलिस सीसीटीवी की फुटेज भी ले गई है । अब देखना यह है कि पुलिस इस चोर तक पहुंच पाती है या चोरी की नौ घटनाओं की तरह ही हाथ मलती रहेगी।



# बिन्दुबार आख्या 10 अक्टूबर तक उपलब्ध करायें:-सीडीओ

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

हरदोई। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने बताया है कि जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार 60 डेयज चैलेंज अभियान के अन्तर्गत 12 नवम्बर 2023 के पूर्व समस्त कार्यालयों की साफ-सफाई, अभिलेखों की बीडिंग एवं रंगाई-पुताई कराकर अभिलेखों का रख-रखाव सुव्यवस्थित कराकर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 60 डेयज चैलेंज अभियान के अन्तर्गत अपनी बिन्दुआर आख्या 10 अक्टूबर 2023 की सायंकाल तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।



# हाल-चाल लेने पहुंची मां और बहन को बंधक बनाकर पिटाई का आरोप

## मां की तहरीर पर पति, सास-ससुर और देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

हरदोई। शादी के बाद दहेज की मांग करते हुए शारीरिक और मानसिक प्रताड़ित करने की बात सुन कर बेटी का हाल-चाल लेने उसकी ससुराल पहुंची मां और बहन को वहां बंधक बना लिया गया,इतना ही नहीं उनकी पिटाई भी कर दी। मामला टड़ियावां थाने के जिगनिया खुर्द का है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक कोतवाली देहात के नयागांव मुबारक पुर निवासी अजमत की पत्नी फूल जहां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने इसी साल 9 जून को अपनी बेटी की शादी जिगिनिया खुर्द निवासी नसीम के पुत्र नजीम के साथ की थी। शादी के बाद ससुराल वाले दहेज के लिए उसकी बेटी को मानसिक और शारीरिक प्रताड़ित करने लगे। फूल जहां ने आगे बताया कि इसका पता होने पर वह बुधवार को बड़ी बेटी हाशमी पत्नी सलमान और कुछ रिश्तेदारों के साथ जिगिनिया खुर्द पहुंची, जहां पर उसका दामाद नजीम गाली-गलौज करने लगा। उसी बीच उसके पिता नसीम ने कुछ गांव वालों की मदद से दरवाजे बंद कर बंधक बना लिया और पिटाई कर दी। जिससे उसकी बड़ी बेटी हाशमी को काफी चोंटे पहुंची। टड़ियावां पुलिस ने दी गई तहरीर पर पति नजीम,ससुर नसीम,सास मदीना और देवर छोटा के खिलाफ धारा 498-ए/323 और दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 3/4 के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच एसआई संतोष कुमार को सौंपी गई है। एसआई श्री कुमार ने जांच शुरू कर दी है।

# प्राथमिक स्कूल में बाल संसद के रूप में हुआ चुनाव

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

हरदोई।विकास खण्ड सांडी की ग्राम पंचायत शेखपुर के प्राथमिक विद्यालय परसूपुरवा में प्रधानाध्यापक अखिल कश्यप के द्वारा स्कूल के बच्चों के लिए बाल संसद के रूप में चुनाव प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया।जिसमे लोकतंत्र की तरह चुनाव में बच्चे प्रत्याशी बने और फिर नियमित समय से गुप्त मतदान कराया गया।

जानकारी के अनुसार सांडी विकास खण्ड की ग्राम पंचायत शेखपुर के प्राथमिक विद्यालय परसूपुरवा में स्कूली बच्चों ने बाल संसद की चुनाव प्रक्रिया में भाग लिया। जिसमें स्कूल के बच्चों ने अपना नामांकन व वापसी तथा चुनाव प्रचार के लिए पोस्टर लगाने की औपचारिकता निभाते हुए अपने लिए वोट मांगे। प्रत्याशियों ने टॉफी वगैरा भी बाटी चुनाव प्रक्रिया एकदम से गुप्त व निष्पक्ष थी। चुनाव प्रक्रिया अपने निश्चित समय से प्रारंभ हुई और अपने निश्चित समय पर बंद हुई।







# जनपद में लंपी बीमारी से कोई भी पशु प्रभावित नही

## जिलाधिकारी लगातार कर रहे पशुओं के टीकाकरण की समीक्षा

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

हरदोई।पशुओं में आजकल लंपी बीमारी की चारों ओर चर्चा है। ऐसे में जनपद हरदोई के लिए खुशी की बात यह है कि जनपद में अभी तक कोई भी पशु लंपी बीमारी से संक्रमित नही मिला है। संदिग्ध लंपी बीमारी से संबंधित कुछ प्रकरणों में टीम मौके पर पहुची है और पशु की तत्काल जांच की है। कोई भी पशु लंपी बीमारी से ग्रसित नही मिला। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के निर्देशन में जनपद में पशुओं के टीकाकरण का काम जोरों से चल रहा है। जिलाधिकारी लगातार टीकाकरण की समीक्षा कर रहे हैं। पशुपालन विभाग की टीमों द्वारा माह अगस्त-सितंबर में लंपी बीमारी के कुल 284400 टीके लगाए जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील की है कि लंपी बीमारी का कोई भी संदिग्ध मामला जानकारी में आने पर तत्काल पशुपालन विभाग की टीम को सूचित करें। उन्होंने विभाग को निर्देश दिया है कि यदि कोई पशु लंपी से ग्रसित पाया जाता है तो तत्काल उसके आइसोलेशन व सैनिटाइजेशन की उचित व्यवस्था की जाए। तत्काल रोगी पशु की चिकित्सा की व्यवस्था की जाए। एहतियात के तौर पर जनपद में 31 अक्टूबर तक गोवंश/महिशवंश के अंतर्जनपदीय एवं अन्तर्राज्यीय परिवहन पर रोक लगायी गयी है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी रचना दीक्षित कहती हैं कि पशुपालन विभाग की टीमें लंपी की रोकथाम के लिए निरंतर सक्रिय हैं।

प्रचार नही तो व्यापार नही- विज्ञापन के लिए संपर्क करें.

# भैंस चुरा ले जाने का आरोप, थाने में तहरीर दी

**दैनिक समाज जागरण**

शाहाबाद, हरदोई। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम खुजकीपुर से भैंस चुरा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित भैंस मालिक ने थाने में तहरीर दी है। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम खुजकीपुर निवासी रघुवीर सिंह पुत्र हरी सिंह के अनुसार 3 अक्टूबर की रात्रि लगभग 8:00 बजे उनकी भैंस पड़ोस के कमरे में बंधी हुई थी। इसी समय तारिक पुत्र नासिर निवासी झरसा आलमपुर तथा उसके दो अज्ञात साथी चुरा ले गए। रघुवीर सिंह के अनुसार तारिक कई बार उनकी भैंस खोलने का प्रयास कर चुका है परंतु सफल नहीं हो सका। पीड़ित ने थाने में तारिक और उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ हो तहरीर दी है।

# गैर पंजीकृत पैथालॉजी लैब जांच के नाम पर मरीजों का कर रहे आर्थिक शोषण

## पैथालॉजी लैब पर अप्रशिक्षित युवक जांच कर मरीजों को कर रहे गुमराह

**दैनिक समाज जागरण,संवाददाता**

सवायजपुर, हरदोई।हरपालपुर कस्बे में इन दिनों गैर जिम्मेदाराना जांच रिपोर्ट बनाकर देने बाले गैर पंजीकृत पैथालॉजी लैब मरीजों को जांच के नाम पर लूटने का धंधा चला रहे है।कस्बे में आधा दर्जन से अधिक संचालित पैथालॉजी लैब अप्रशिक्षित युवकों के हांथ में है।यहां लैब संचालन व जांच करने के लिए अप्रशिक्षित युवक कार्य कर रहे है जबकि लैब पर प्रशिक्षित टेक्नीशियन कभी भी कोई जांच करता नही दिखाई दे रहा है।

हरपालपुर कस्बे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों के लिए भले ही सभी जांचों की व्यवस्था उपलब्ध है।तथा यहां लैब टेक्नीशियन भी तैनात है।जहां मरीजों की निःशुल्क जांच उपलब्ध है।फिर भी सीएचसी के नजदीक इसी गली में कई पैथालॉजी लैब मरीजों को लूटने का गोरखधंधा कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि इन पैथालॉजी लैबो पर अप्रशिक्षित युवक मरीजों के सेम्पिल लेकर जांच कर रिपोर्ट दे रहे है।अप्रशिक्षित युवकों द्वारा मरीज की जांच कितनी सही है या गलत और इसके नुकसान के लिए कौन जिम्मेदार होगा इसका अंदाजा लगा पाना मुश्किल होगा।क्योंकि लैब टेक्नीशियन व प्रशिक्षित डॉक्टर के भले ही हस्ताक्षर बनाकर रिपोर्ट थमाने का काम किया जा रहा हो लेकिन जांच तो अप्रशिक्षित युवाओं के हांथ में है।स्वास्थ्य महकमे के जिम्मेदार लोग भी यह सब जानते हुए खामोश है।

टायफाइड की जगह मलेरिया और मलेरिया की जगह डेंगू की रिपोर्ट पर मरीज भरोसा कर लेते है और फिर जांच रिपोर्ट के बाद इलाज के नाम पर उनको लूटना शुरू कर दिया जाता है।विगत दिनों एसडीएम डॉक्टर अरुणिमा श्रीवास्तव ने कस्बे के सूर्या पैथालॉजी में अनियमितताएं मिलने पर भले ही कार्यवाई की हो लेकिन अभी भी आधा दर्जन पैथालॉजी लैब बिना एलटी की मौजूदगी में मरीजों के सेम्पिल की जांच कर फर्जी हस्ताक्षर बनाकर अलग अलग जांच रिपोर्ट के लिए 300 से लेकर 1500 रुपये की फीस लेकर जांच के नाम पर मरीजो का आर्थिक शोषण करके गुमराह करने का काम करते है।बताया जा रहा है कि सीएचसी पर जांच सुविधा होने के बाबजूद इन लैबो पर कार्य करने बाले युवक अस्पताल पहुंचकर मरीजों के सेम्पिल कलेक्ट करते हैं।सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर आनंद पांडेय का कहना है कि सीएचसी पर लैब टेक्नीशियन की तैनाती है तथा मरीजों के सेम्पिल की निःशुल्क जांच की व्यवस्था है।प्राइवेट पैथालॉजी पर लैब टेक्नीशियन की जगह अप्रशिक्षित युवक जांच कर रहे है। उनके संज्ञान में आया है जल्द ही ऐसे सेंटरो पर कार्यवाई के लिए वह जांच कर आख्या उच्च अधिकारियों को प्रेषित करेंगे।

# किसान खेतों में पराली न जलाएं-स्वाती शुक्ला

## एसडीएम ने की किसानों से खेतो में पराली न जलाने की अपील

**दैनिक समाज जागरण,बी जी मिश्र**

हरदोई। तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी सदर स्वाती शुक्ला ने किसानों के साथ बैठक कर खेतों में पराली न जलाए जाने के लिए अपील की। श्रीमती शुक्ला ने कहा कि फसल कटाई के दौरान प्रयोग की जाने वाली कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम अथवा स्ट्रा रीपर अथवा स्ट्रा रेक एवं बैलर अथवा अन्य कोई फसल अवशेष प्रबन्धन यन्त्र का उपयोग करें। उन्होंने कहा फसल अवशेष ना जलाएं इससे प्रदूषण फैलता है पराली निस्तारण के लिए ऐसे तरीके अपनाएं जिससे परली से खाद बनाई जा सके या उसको वहां से हटाया जा सके। एसडीएम सदर ने कहा की कोई भी कम्बाइन हार्वेस्टर सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम अथवा स्ट्रा रीपर अथवा स्ट्रा रैक एवं बैलर या अन्य फसल अवशेष प्रबन्धन यन्त्रों के बगैर फसल की कटाई करते हुए पाई गई तो कार्यवाही होगी।



# परिवार नियोजन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

हरदोई। भारत सरकार और प्रदेश सरकार की मुहिम को साथ जोड़ते हुए चैप इंडिया ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, हरदोई की औषधि निरीक्षक स्वागतिका घोष और हरदोई के केमिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के दवा विक्रेताओं के साथ परिवार नियोजन पर एक कार्यशाला आयोजित की गयी जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. रोहताश कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ समीर वैश्य नोडल अधिकारी एन यू एच एम उपस्थित रहे और केमिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन हरदोई कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारीगण के साथ मे फुटकर दवा विक्रेताओ ने प्रतिभाग किया । आयोजित कार्यशाला में सभी दवा व्यापारियों के सुझाव भी परिवार नियोजन के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गए। जिसमें बच्चों की संख्या उनके जन्मों के बीच का अंतराल को नियंत्रित करना व विशेष रूप से गर्भ निरोधक के प्रयोग व परिवार नियोजन के स्थायी साधनों के माध्यम से भारत की जनसंख्या को स्थिर करने में किस प्रकार से सहयोग कर सकते हैं, जिससे की देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति होती रहे। आधुनिक परिवेश में महिलाओं को परिवार नियोजन में अपनी इच्छा अनुसार रखने तथा अवांछित एवं उसमें गर्भधारण को कम करके उच्च जनसंख्या के प्रभाव को कम करने में सहायता किस प्रकार की जाए तथा मातृ मृत्यु दर को कम किया जा सकता है। कार्यशाला में मुख्य रूप से चैप इंडिया से शुभ्रा त्रिवेदी, डॉ संगीता, धर्मेंद्र सिंह व गणेश शुक्ला आदि ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से दवा व्यापारी नितीश मुखर्जी, राजा बक्स सिंह, अनोज मिश्रा,अंजनी दीक्षित, हिमांशु मिश्रा, विमल अस्थाना, अजितेश ,तरुण कुमार, मोहित अग्रवाल आदि लोग उपस्थित रहे।



# सोनू त्रिपाठी सपा जिला सचिव नियुक्त

**दैनिक समाज जागरण,कमलेश कुमार**

मल्लावां ,हरदोई। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम की सहमति से समाजवादी पार्टी हरदोई की जिला कार्यकारिणी में कस्बे के मोहल्ला बंदीपुर निवासी सोनू त्रिपाठी को जिला सचिव नामित किया गया है ।जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह उर्फ बीरे यादव ने जिला सचिव नामित करते हुए अपेक्षा की है कि पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने एवं संगठन को और अधिक प्रगतिशील प्रदान करने का काम करेंगे। सोनू त्रिपाठी के जिला सचिव नामित किए जाने पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद कुमार, सभासद्पति आत्माराम यादव, पूर्व सभासद अमित त्रिपाठी, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य मुकेश मिश्रा, पूर्व प्रधान रामचरण द्विवेदी, ने हर्ष व्यक्त किया है।

# शौर्य यात्रा का विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकताओं ने किया स्वागत

**दैनिक समाज जागरण**

मल्लावां,हरदोई। नगर में शौर्य यात्रा का विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। उसके पश्चात यात्रा उन्नाव की ओर रवाना हो गईं।

गुरुवार को संडीला से शौर्य यात्रा का रथ विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के कार्यकताओं के साथ मल्लावां चौराहा पहुंची जहां पर जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, प्रान्त सहयोगी प्रवीण, स्वामी रामाअनुजाचार्य, स्वामी ब्रजेश नन्द, संघठन मंत्री राजेश का विश्व हिन्दू परिषद सम्पर्क प्रमुख राजेश पटेल, अभिषेक, आकाश, आयुष, योगेश सोनी, शिवम गुप्ता, आदित्य सहित तमाम कार्यकताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया।

जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि 30 सितंबर को अयोध्या के सरयू तट से शौर्य यात्रा शुरू हुई थी जो 10 अक्टूबर को काशी में विशाल जनसभा के उपरांत समापन होगा। आज यात्रा का विश्राम सफीपुर में किया जाएगा। सुबह अपने गंणत्व के लिए रवाना



# प्रधान प्रतिनिधि और कर्मचारी ने कुर्सी पर बैठकर छलकाया जाम

## सरकारी दफ्तर में मदिरा सेवन करने का वीडियो वायरल गांधी जयंती के दिन का बताया जा रहा है वीडियो

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

हरदोई। टड़ियावां विकास खंड के एक पंचायत सचिवालय में प्रधान प्रतिनिधि के शराब पीने का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें एक दूसरे युवक के साथ वह मदिरा सेवन करते हुए दिख रहे है। जिसका वीडियो वायरल होने के बाद डीएम ने जांच कराकर कार्रवाई की बात कही है। जानकारी के अनुसार टड़ियावां विकास खंड क्षेत्र के खेरवा दलौली स्थित आदर्श ग्राम पंचायत सचिवालय में दो लोगों के शराब पीने का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो 02 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन का बताया जा रहा है। जिसमें खेरवा के प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार का सचिवालय के अंदर एक दूसरे कर्मचारी के साथ मदिरा सेवन करते हुए नजर आ रहे है। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि कैसे प्रधान प्रतिनिधि विनोद गांधी जयंती के दिन सरकारी कुर्सी पर बैठ कर जाम छलका रहे हैं। इस ग्राम पंचायत की प्रधान महिला है, जिनका नाम सरोज वर्मा है। जो प्रधान प्रतिनिधि विनोद की रिश्ते में भाभी बताई जा रही हैं। वह अपने पति के साथ लखनऊ में रहती हैं। वही साथ में शराब पी रहे दूसरे कर्मचारी की पहचान नहीं हो पाई है। फिलहाल इस तरह का वायरल वीडियो लोगों के बीच चर्चा में बना है।मामले में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि वीडियो वायरल का मामला उनके संज्ञान में आया है, जिसमें ग्राम पंचायत सचिवालय में दो लोग अवैध पेय पदार्थ पीते नजर आ रहे हैं। वीडियो की जांच के लिए निर्देशित किया गया है, जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जायेगी।



# संजय जोशी के जौनपुर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

## *प्रो.समर बहादुर के नेतृत्व में लोगो ने किया जोरदार स्वागत*

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। नगर के टीचर्स कॉलोनी में प्रो0 समर बहादुर सिंह के आवास पर पूर्व राष्ट्रीय महासचिव संगठन भारतीय जनता पार्टी संजय विनायक जोशी के आगमन पर भव्य स्वागत हुआ। गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा के बीच वह कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे जिसके उपरांत प्रो0 समर बहादुर सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर अभिवादन किया। इसके पश्चात प्रो0 सिंह एवं डॉ0 विजय बहादुर सिंह ने अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह देकर जोशी जी का स्वागत किया जिसके बाद जोशी जी का परिचय कराते हुए प्रो0 सिंह ने कहा कि जोशी जी का जन्म नागपुर में हुआ। इनकी शिक्षा दीक्षा नागपुर में ही हुई। इन्होंने बी0टेक मेकेनिकल इंजीनियरिंग में किया और शिक्षक के रूप में कार्य किया। कुछ दिनों बाद इस्तीफा देकर संघ से जुड़े उसके बाद संघ में पूर्णकालिक प्रचारक बने थोड़े ही दिन में गुजरात प्रदेश के भाजपा महासचिव बनाये गये। उसके बाद राष्ट्रीय संगठन मंत्री भाजपा के रूप में कार्य किये वर्तमान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं भाजपा के महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। अपने उद्बोधन में श्री जोशी ने



कहा कि जौनपुर में अपने स्वागत से मैं अभिभूत हूं। उन्होंने आगंतुकों से आह्वान किया कि अपनी शक्ति और सामर्थ्य का प्रयोग देश सेवा और समाज सेवा में लगाये। इस दौरान प्रो. सिंह की पोती समृद्धि सिंह पुत्री डा. तिलकराज सिंह को प्यार करते हुये अपने कुल का नाम रोशन करने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर वीरेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट, टीडी लॉ कॉलेज के प्राचार्य प्रो0 सूर्य प्रकाश सिंह, पूर्वांचल शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ0 विजय सिंह, अध्यक्ष डॉ0 राहुल सिंह, महामंत्री डॉ0 शैलेन्द्र सिंह, डॉ0 यशवंत सिंह, डॉ0 सिद्धार्थ सिंह, डॉ0 विपिन सिंह, डॉ0 संजय सिंह, डॉ0 सुदेश सिंह, डॉ0 शिव प्रताप सिंह, संदेश सिंह, डा. तिलकराज सिंह, डॉ0 अनुज प्रताप सिंह, विश्वराज सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ब्रम्हजीत सिंह ने किया।

# निबन्ध प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरुक

## *नियमों का अनुपालन कर खुद एवं दूसरों की जिन्दगी बचाएं : दिनेश टण्डन*

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। लायन्स क्लब जौनपुर मेन ने सेवा सप्ताह के अंतर्गत यातायात जागरूकता अभियान के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन जनक कुमारी इन्टर कालेज में किया। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र—छात्राओं ने लोगों को यातायात नियमों के पालन करने के प्रति जागरूक किया तथा उपस्थित लोगों को यातायात नियमों के पालन करने की शपथ भी दिलायी। इस मौके पर मुख्य अतिथि दिनेश टण्डन पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद ने कहा कि यातायात नियम इसलिए बनाए गए हैं, ताकि कोई हादसे न हो। अगर इन नियमों पर हम वाहन चलाते हैं तो कभी भी सड़क हादसे नहीं होंगे। जहां हम नियमों का उल्लघंन करते हैं, वहीं हादसा होने की सम्भावना प्रबल हो जाती है। हम खुद तो शिकार होते ही हैं और दूसरे की जिंदगी भी खतरे में डाल देते हैं, इसलिए सुरक्षित रहने के लिये सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन जरुर करें। प्रधानाचार्य डा. जंग बहादुर सिंह ने कहा कि किसी बिमारी से इतने अधिक लोग प्रतिदिन नहीं मरते, जितने अधिक लोग आशीष यादव, खुशी मौर्या, आकांक्षा मौर्य को सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रशस्ति पत्र मुख्य अतिथि ने दिया। सेवा सप्ताह चेयरमैन संजय सिंघानिया ने आभार व्यक्त किया।



दुर्घटनाओं के कारण असामयिक मृत्यु के काल में समा जाते हैं। प्रतियोगिता में कक्षा 12 की खुशी वर्मा प्रथम, कक्षा 12 की रिया यादव द्वितीय व कक्षा 10 की पूनम सिंह तृतीय आयी जिन्हें शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं सौरभ गौतम, खुशी कन्नौजिया, अदिती तिवारी, वैष्णवी मिश्रा, कार्यक्रम का संचालन सै. मो. मुस्तफा ने किया। इस अवसर पर विजेंद्र प्रताप, सचिव जीहशम मुफ्ती, कोषाध्यक्ष डा. संजीव मौर्य, लखन श्रीवास्तव, नीरण शाह, विपनेश श्रीवास्तव, जवाहर लाल सरोज, वीर सिंह, प्रतिमा विश्वकर्मा, तेज बहादुर प्रजापति मोहम्मद जकरिया सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला शासकीय अधिवक्ता क्रिमिनल लखनलाल निरंजन का अधिवक्ताओं ने फूल माला पहनकर किया सम्मानित

उरई जिला जजी के अधिवक्ता अंशुमान दीक्षित एडवोकेट क्रिमिनिल ने राजधानी लखनऊ में आयोजित सरदार सम्मान समारोह में स्वत्रंत देव द्वारा सामाजिक योगदान के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला शासकीय अधिवक्ता क्रिमिनल लखनलाल निरंजन को सम्मानित होने पर जोरदार तरीके से माल्यापर्ण करके स्वागत किया गया । जिला बारसंघ कनिष्ठ सदस्य अधिवक्ता अंशुमान दीक्षित एडवोकेट ने कहा कि यह पुरस्कार न सिर्फ लखनलाल। निरंजन एडवोकेट के लिए गौरवान्वित वाला क्षण है वल्कि पूरे जनपद जालौन के लिए सम्मान के साथ साथ अधिवक्तयो के लिए गर्ब का विषय है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से उन्होंने अपना जीवन विधि के क्षेत्र में दिया है वह



अतुलनीय एवम अनुकरणीय है । उनके कार्यकाल में सबसे ज्यादा मुकदमे में सुनवाई होकर सजा दिलाई जा रही है । उनका जीवन अनुकरणीय है और बिधि के व्यवसाय को सिर्फ पैसे के लिए जीवकोपार्जन न मानकर सामाजिक एवम निर्धन लोगो तक न्याय कैसे पहुचे इसके लिए भी शासकीय अधिवक्ता लखनलाल का प्रयास सराहनीय है। इस मौके पर अधिवक्ता अंशुमान दीक्षित , श्याम नारायण शर्मा, औसाफ सिद्दकी, इरफान हुसेन,गया प्रसाद गुड्डन , निखिल मिश्रा , निखिकत, मंगलेश तिवारी,निकिता,अमन मिश्रा

# माधौगढ़ कस्बा इंचार्ज की दबंगई के चलते पत्रकार के घर जाकर दी जेल भेज देने की धमकी,

माधौगढ़ जालौन, माधौगढ़ कोतवाली में तैनात कस्वा इंचार्ज नरेश कुमार के द्वारा माधौगढ़ कस्बा में जो खेल खेला जा रहा है उसकी अभी तक किसी को भी जानकारी नहीं है प्राप्त जानकारी के अनुसार माधौगढ़ कोतवाली में तैनात कस्बा इंचार्ज नरेश कुमार के द्वारा कस्बा में खुलेआम मादक पदार्थों की तस्करी करवाई जा रही है जिसमें मुख्य रूप से गाजा, सूत्रों द्वारा जानकारी मिली है कि कस्बा इंचार्ज अगर कस्बा में किसी का काम नहीं हो रहा है तो उसको करवाने का ठेका लेते हैं और अपनी दबंगई दिखाकर आम गरीब आदमी को परेशान करते हैं सच्चाई तो यहां तक है कि अराजक तत्वों के कहने पर माधौगढ़ के ही एक पत्रकार के घर जाकर उनकी मां को जेल भेजने




की धमकी कस्बा इंचार्ज के द्वारा दी गई और कहा कि घर खाली कर दो नहीं तो हम तुमको जेल भेज देंगे जिससे पत्रकारों में रोस व्याप्त है कस्बा इंचार्ज के द्वारा जो आम गरीब जनता के साथ अन्याय किया जा रहा है वह देखने लायक है चुनाव नजदीक आ रहे हैं और शासन की मंशा के अनुरूप आम पब्लिक को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए लेकिन कस्बा इंचार्ज अपने रुतबा व दबंगई के बल पर ना तो अदालत को मानते हैं और ना ही किसी अधिकारी को और ना ही किसी नेता को लेकिन वह अपनी दबंगी के बल पर आम गरीब जनता को परेशान करके माहौल खराब कर रहे हैं

# गोवंशों के लिए गोशाला में हरा चारा न मिलने डी एम ने बी डी ओ की चेतावनी

उरई जालौन । जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अस्थायी गौशाला डकोर का औचक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी की आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान देखा गया कि गौवंशों के लिये हरे चारे की व्यवस्था न होने पर खण्ड विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत सचिव को कड़ी चेतावनी देते हुये कहा कि गौवंशों के लिये प्रतिदिन हरा चारा व पानी, छाया की पर्याप्त व्यवस्था रहे, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही करने पर संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होने पंचायत सचिव को निर्देशित करते हुये कहा कि अस्थायी गौशाला के संचालन में किसी भी प्रकार की अनियमित्ता न होने पाये, गौवंशों को सुबह-शाम भूसा, हरा चारा आदि खिलाया जाये। उन्होने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि अस्थायी गौशाला परिसर के चारों तरफ छायादार पौधे लगाये जाये, साथ ही पौधो की समुचित देखभाल भी की जाये। गौशाला परिसर में बर्मी कम्पोजिट खाद बनाने के लिये गड्ढे तो बनाये गये लेकिन उक्त गड्ढों में गोबर नही डाला जाता है



जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाते हुये निर्देशित किया कि बर्मी कम्पोजिट खाद बनाने के लिये उक्त गड्ढों में गोबर डाला जाये, बर्मी कम्पोजिट खाद को उपयुक्त स्थान पर उपयोग किया जाये। उन्होने निर्देशित किया कि अस्थायी गौशाला में रह रहे गौवंशों के लिये उपयुक्त जमीन पर नेपियर घास उगाना सुनिश्चित करे, जिससे गौवंशों को हरे चारे की कमी न रहे। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी डकोर बृजकिशोर कुशवाहा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अशोक कुमार सचान सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# बच्चों के अध्ययन में अभिभावकों को किसी तरह की दिक्कत न आये : डा. क्षितिज

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। लायंस क्लब गोमती जौनपुर ने दो दिवसीय अभिभावक ओरिएंटेशन नामक कार्यक्रम किया जहां प्रथम दिन स्वागत गीत के साथ दीप प्रज्वलित से कार्यक्रम का उद्घाटन गेट एरिया लीडर डा. क्षितिज शर्मा, मण्डल सचिव मनीष गुप्ता, रमेश काबरा, डा. राम अवध यादव ने किया। प्रथम दिन क्लास कक्षा 10 और द्वितीय दिन कक्षा 12 के बच्चों के अभिभावकों को आमंत्रित किया गया। इस मौके पर डा. क्षितिज शर्मा ने बताया कि अध्ययन के दौरान सभी अभिभावकों व बच्चों के जीवन में किसी तरह दिक्कत/मुसीबत न आये। बच्चों का सम्पूर्ण व्यक्तित्व उनके आचरण, व्यवहार, नेतृत्व क्षमता, सीखने की क्षमता, परिवार का सहयोग पूर्ण व्यवहार, आत्मीय संबंध स्कूल में उसकी उपस्थिति और बच्चों को शिक्षा थोपने की बजाय उनकी रुचि अनुसार बेहतर माहौल मिले। खेलकूद व अच्छे कार्य हेतु प्रेरित करें। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका रति जायसवाल ने किया। कार्यक्रम के समापन सत्र के अतिथि के रूप में आये मुकुल लाल टण्डन ने अभिभावकों को कार्यक्रम के भाग लेने और प्रधानाचार्य सुधीर जी सहित विद्यालय परिवार को बधाई दिया। कार्यक्रम को सजाने का कार्य अध्यक्ष धनन्जय पाठक, सचिव गौरव श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष सुधा मौर्य, ट्रेनर निधि नागर, प्रेरणा अग्रवाल, रीजन चेयरपर्सन संतोष साहू, जोन चेयरपर्सन विष्णु सहाय, वीरेंद्र सिंह, अनिल पांडेय, दिलीप सिंह, धीरज गुप्ता, प्रतिमा गुप्ता, सुनील अध्ययन के दौरान अभिभावकों व बच्चों को किसी तरह दिक्कत न आयेः डा. क्षितिज

**लायंस क्लब गोमती ने अभिभावक ओरिएंटेशन प्रोग्राम का किया आयोजन**

जौनपुर। लायंस क्लब गोमती जौनपुर ने दो दिवसीय अभिभावक ओरिएंटेशन नामक कार्यक्रम किया जहां प्रथम दिन स्वागत गीत के साथ दीप प्रज्वलित से कार्यक्रम का उद्घाटन गेट एरिया लीडर डा. क्षितिज शर्मा, मण्डल सचिव मनीष गुप्ता, रमेश काबरा, डा. राम अवध यादव ने किया। प्रथम दिन क्लास कक्षा 10 और द्वितीय दिन कक्षा 12 के बच्चों के अभिभावकों को आमंत्रित किया गया। इस मौके पर डा. क्षितिज शर्मा ने बताया कि अध्ययन के दौरान सभी अभिभावकों व बच्चों के जीवन में किसी तरह दिक्कत/मुसीबत न आये। बच्चों का सम्पूर्ण व्यक्तित्व उनके आचरण, व्यवहार, नेतृत्व क्षमता, सीखने की क्षमता, परिवार का सहयोग पूर्ण व्यवहार, आत्मीय संबंध स्कूल में उसकी उपस्थिति और बच्चों को शिक्षा थोपने की बजाय उनकी रुचि अनुसार बेहतर माहौल मिले। खेलकूद व अच्छे कार्य हेतु प्रेरित करें। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका रति जायसवाल ने किया। कार्यक्रम के समापन सत्र के अतिथि के रूप में आये मुकुल लाल टण्डन ने अभिभावकों को कार्यक्रम के भाग लेने और प्रधानाचार्य सुधीर जी सहित विद्यालय परिवार को बधाई दिया। कार्यक्रम को सजाने का कार्य अध्यक्ष धनन्जय पाठक, सचिव गौरव श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष सुधा मौर्य, ट्रेनर निधि नागर, प्रेरणा अग्रवाल, रीजन चेयरपर्सन संतोष साहू, जोन



चेयरपर्सन विष्णु सहाय, वीरेंद्र सिंह, अनिल पांडेय, दिलीप सिंह, धीरज गुप्ता, प्रतिमा गुप्ता, सुनील कश्यप, तौफीक अहमद, नवीन मिश्रा, सुनीता पाठक, प्रज्ञा मिश्रा, सुनीता श्रीवास्तव, प्रदीप सिंह, रति जी, शहनवाज, हर्षित सहित अन्य ने सहयोग दिया। अन्त में प्रधानाचार्य सुधीर जी ने समस्त आगंतुगों के प्रति आभार व्यक्त किया।कश्यप, तौफीक अहमद, नवीन मिश्रा, सुनीता पाठक, प्रज्ञा मिश्रा, सुनीता श्रीवास्तव, प्रदीप सिंह, रति जी, शहनवाज, हर्षित सहित अन्य ने सहयोग दिया। अन्त में प्रधानाचार्य सुधीर जी ने समस्त आगंतुगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पर्यावरण को लेकर नहीं हुए सजग तो होगे गंभीर परिणाम

## *हर गांव में होते थे दो या चार बगीचे और बाग अब हो गये लुप्त*

माधौगढ़। दिनोंदिन गहराता पर्यावरणीय संकट और प्रकृति प्रदत संसाधनों की चुनौतियां मानव जीवन अस्तित्व के लिए जहां गंभीर संकट को न्योता दे रही है तो वही प्राकृतिक परिवेश से जुड़ी बाग बगीचों की परंपरा का विलुप्त होना मानव सभ्यता पर प्रश्नचिन्ह भी लगा रहा है पर्यावरणविद और जानकार मानते हैं कि यदि हम अभी भी ना चेते तो और भी गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। बात जब बात और बगीचों की चलती है तो कुछ दशक पहले की वह तस्वीर लोगों के जेहन में बन जाती है जब हर एक गांव में दो चार बाग और बगीचे उस गांव की पहचान कराया करते थे यही नहीं आम अमरूद जामुन जैसे फलदार वृक्षों के अलावा अन्य बड़े वृक्ष पीपल नीम पाकर की भी मौजूदगी इन बागो बगीचों की समृद्ध शाली व्यवस्था को दशार्ती थी लेकिन विडंबना की बात है कि कुछ ही दशकों में इन बगीचों का अस्तित्व ही मिट गया जोकि पर्यावरण संकट के लिए अहम जिम्मेदार माना जा रहा है पर्यावरण के जानकार बताते हैं कि यदि अभी भी हम नहीं चेते तो भविष्य में संकट गहरा सकते हैं इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता उल्लेखनीय है कि जनपद जालौन में ही लगभग 2 सैकड़ा ऐसे बाद और बगीचे हुआ करते थेजो न सिर्फ जनपद के लोगों के फ्लों की आपूर्ति बल्कि गैर जनपदों में भी भेजे जाते थे लेकिन बीते 3 दशक



के दौरान हालात यह हो गए के लोगों ने अपने बागोर बगीचों को उपेक्षित करना शुरू कर दिया या फिर फलदार वृक्षों को काटकर उन्हें मैदान में तब्दील कर लिया अकेले माधवगढ़ विकासखंड में ही दर्जनों बाग बगीचे उस क्षेत्र की अपनी पहचान कर आया करते थे । फिलहाल डिकौली रमम्मन बाबा का बगीचा अरविंद सिंह का बगीचा देवेन्द्र सिंह का बगीचा सुनील सिंह का बगीचा रूरा में गोकरन सिंह का बगीचा छिरिया सलेमपुर में देवेन्द्र सिंह का बगीचा अब भी छायादार वृक्ष एवं फलदार है ।वहीं ग्राम गोपालपुरा स्थित रानी का बगीचा जिलेदार दुबे का बगीचा और अन्य जमीदारों और रजवाड़ों के बगीचे भी खासे लोकप्रिय थे लेकिन मौजूदा हालात यह है कि अब ना तो वहां पर बगीचे ही रहे और ना ही कोई फलदार वृक्ष यदि कुछ है तो सपाट मैदान हैं जहां लोगों ने अपने ट्यूबेल स्थापित कर अब खेती किसानी का काम करना शुरू कर दिया है कहीं-कहीं तो उक्त बगीचे उजाड़ अवस्था में अपनी दुर्दशा की कहानी बयां कर रहे हैं। कमोबेश यही स्थिति जनपद के अन्य क्षेत्रों में भी देखने को मिल रही है जहां अब बाग और बगीचों की परंपरा लगभ

# दौन की पूनम नगदी व जेबर लेकर हुई रफू चक्कर,

## *पुलिस अधीक्षक जालौन से लगाई न्याय की गुहार,*

कुठौद जालौन, विकासखंड कुठौद की ग्राम पंचायत दौन निबासी पूनम पत्नी प्यारेलाल वाल्मीकि जो अपनी मां के फोन पर शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपने मायके गई थी जो अपने साथ में एक जोड़ी पायले, हाफ पेटी व एक जोड़ी सोने के बाला तथा साठ हजार रूपए नगद लेकर 23 सितंबर को लगभग 4 बजे मायके ग्राम भंडार तहसील लवकुश नगर जिला छतरपुर मध्य प्रदेश की कहकर निकली थी और अपने मायके भी पहुंच गई थी लेकिन मायके से ही दो दिन बाद वह अपनी ससुराल दौन के लिए निकली थी जिसको रास्ते से मोनू पुत्र बंशी वाल्मीकि बहला फुसलाकर अपने



साथ ले गया पूनम को भगवाने में उसके माता-पिता का भी हाथ बताया जाता है जबकि पूनम के दो पुत्र हैं पहला आशिक उम्र लगभग 16 वर्ष व आकाश उम्र लगभग 10 वर्ष जो घर पर मौजूद हैं जबकि पूनम के पति प्यारेलाल का कहना है की मोनू उसको रास्ते से पूनम के माता-पिता की मिली भगत से क्योंकि वह लालच के वसी भूत हो गए थे इसलिए उनकी शह पर जबरदस्ती पूनम को ले गया प्यारेलाल ने बताया की जिले के न्याय प्रिय पुलिस अधीक्षक डॉक्टर इराज राजा से न्याय की गुहार लगाई है

# गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का कार्यक्रम ब्लॉक परिसर में हुआ संपन्न।

कुठौंद जालौन। राष्ट्रीय माह पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई।जिसमे पोषण किट और एजुकेशनल किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अनिरुद्ध द्विवेदी व बीडीओ कुठौंद सर्वेश कुमार रवि ने दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया । कुठौंद परिसर में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन के स्टाल लगाए। प्रभारी परियोजना अधिकारी रामकली यादव , वीडीओ सर्वेश कुमार रवि ने जन्म लेने वाली बालिकाओं को बेबी किट मिठाई बधाई एवं पत्र वितरण किए



गए। गोद भराई कार्यक्रम के दौरान बीडीओ सर्वेश कुमार रवि पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ रवि तिवारी, प्रभारी परियोजना अधिकारी रामकली यादव सुपरवाइजर मैना देवी, डॉ अवनीश सचान, विश्वमोहिनी, ममता, प्रतिभा, किरन तथा अन्य आंगनवाड़ी कार्यकत्री मौजूद रहीं।

# मधुमेह से पीड़ित लोग इसे अनदेखी ना करें : अजय गुप्ता

## *लायन्स क्लब रॉयल ने निःशुल्क शिविर का आयोजन किया*

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। लायन्स इण्टरनेशनल की जौनपुर शाखा लायंस क्लब रॉयल ने 2 से 8 अक्टूबर तक लायन्स इण्टरनेशनल के चलने वाले सेवा सप्ताह के विभिन्न सेवा कार्यक्रमों के तहत तृतीय दिवस पर एक निःशुल्क मधुमेह परीक्षण शिविर नगर के लोहिया पार्क में आयोजित किया। इस मौके पर संस्थाध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि मधुमेह से प्रभावित लोगों की संख्या



विश्व में सबसे अधिक है और इसकी अनदेखी बहुत ही घातक है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष मधुसूदन बैंकर ने कहा कि मधुमेह का समय—समय पर जांच अवश्य करा लेना चाहिए। अब बच्चे भी इससे प्रभावित हो रहे हैं। कार्यक्रम संयोजक राजेन्द्र स्वर्णकार ने कहा कि हमें मधुमेह के प्रति खुद जागरूक होना होगा और लोगों को भी जागरूक करना होगा। उपाध्यक्ष अभिताष गुप्ता ने कहा सुगर अन्य बिमारियों को भी जन्म देता है। इस दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने मधुमेह के प्रति विशेष रूप से जागरूक रहने और लोगों को जागरूक कराने का संस्था के संकल्प को दोहराया। शिविर के माध्यम से कुल 153 लोगों का निःशुल्क मधुमेह परीक्षण कराने में डा. चांद बागवान का विशेष सहयोग रहा। सभी लोगों के प्रति आभार संस्था के सचिव रसाल बरनवाल ने व्यक्त किया। इस अवसर पर राजेश किशोर श्रीवास्तव, आनन्द साहू, अजय सोनकर, रवि शर्मा, राजेश अग्रहरि, ऋषि श्रीवास्तव, प्रदीप प्रधान, विक्रम चौरसिया, अजयनाथ जायसवाल, राकेश साहू, आदेश सेठ, अमित गुप्ता सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# अब हौज को शहीद नगर के नाम से जाना जायेगा : संजय जोशी

जौनपुर। जनपद आगमन पर गुरूवार को आये भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव संगठन संजय विनायक जोशी का जगह—जगह स्वागत किया गया। इसी क्रम में जौनपुर—वाराणसी मार्ग पर स्थित हौज के शहीद स्मारक पर श्री जोशी का जोश—खरोश के साथ स्वागत हुआ। इस दौरान उपस्थित लोगों ने हौज गांव का नाम बदलकर शहीद नगर करने की मांग किया जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही ऐसा हो



जायेगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक गुलाब चन्द्र सरोज, वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष शुक्ला, आलोक शुक्ला, सूरज शुक्ला, अनुराग शुक्ला, आनन्द राजभर, कुन्दन राजभर, ग्राम प्रधान हौज चन्दन चौहान सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। स्वागत समारोह का संचालन युवा नेता/समाजसेवी नीरज श्रीधर शुक्ला ने किया।

# आखिर कब सुधरेगी शैक्षिक प्रणाली बच्चे मांग रहे भीख

माधौगढ़ ।शिक्षण व्यवस्था में सुधार के लिए वर्तमान सरकार ने अनेकों प्रयास किए कि बच्चों को निशुल्क शिक्षा मिल सके ।यही नहीं सरकार ने मध्यान्ह भोजन से लेकर ड्रेस पुस्तकों आदि के खर्चे को वहन कर रही है पर शिक्षा विभाग की ओर से गौर ने होने से बच्चे किताबें पढ़ने की जगह घर घर भिक्षा मांग रहे हैं ।शिक्षण व्यवस्था पर आलाधिकारी का बिल्कुल ध्यानाकर्षण नहीं है। बतलाते चलें कि एक लड़का भिक्षा मांगने के लिए एक झोली पहने घूमते नजर आया पूछे जाने पर उक्त बच्चे ने अपना नाम बृजेश बताया



पिता का नाम प्रमोद माधौगढ़ बताया ।वही पढ़ाई के बारे में बताया कि वह ब्लाक समन्वयक केन्द्र के पास प्राथमिक विद्यालय में कक्षा पांच में पढ़ता है ।यही नहीं माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के बाजारों में अनेकों दुकानों और चाय के ढाबों में छोटे छोटे नाबालिग बच्चे नजर आते हैं। आखिर शासन प्रशासन इस ओर अब ध्यानाकर्षण करता है ।यह तो समय ही

# सुल्तानपुरा दुग्ध उत्पादक बनासकांठा डेरी की जागरूकता रैली निकाली गई

**संवाददाता मोनू शर्मा,**

मधौगण जालौन,सुल्तानपुरा दुग्ध उत्पादक बनासकांठा जिला सरकारी दूध उत्पादक संघ द्वारा आज माधौगढ़ तहसील के ग्राम सुल्तानपुरा मैं किसान जागरूकता अभियान रैली निकाली किसानों को बनासकांठा डेरी के बारे में



गांव गांव जाकर किसानों को जागरूकता अभियान के तहत लाभ के बारे में जानकारी दी मौके पर..एमपीओ ललित मिश्रा अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह सचिव पुष्पेंद्र सिंह समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे इस अवसर पर एमपीओ ललित मिश्रा ने बोलते हुए बताया की बनास डेरी आपके गांव में 1 अप्रैल से 31 मार्च तक भैंस के दूध पर 10 परसेंट का बोनस देगी तथा गाय के 1 लीटर दूध पर 4 परसेंट का बोनस देगी तथा आने वाले समय में 20 परसेंट बोनस दे सकती है आने वाले समय में बनास डेरी खाद, बीज, फसल की दवा, पशुओं की दवा, पशु बीमा, डॉक्टर सेवा एवं पशुओं का बीमा आदि की सेवाएं देगी ललित मिश्रा ने बताया कि इस समय किसानों को बनासकांठा डेरी सबसे अधिक रेट दे रही है जो वर्तमान में 53 रुपया 35 पैसे हैं जबकि और प्राइवेट वीडियो से ₹5 अधिक है

# मस्तुरी क्षेत्र के सैकड़ो ग्रामीणों ने भाजपा छोड़कर थामा कांग्रेस का हाथ, पीसीसी अध्यक्ष ने ग्रामीणों को कराया कांग्रेस प्रवेश

*कमल डहरिया गुरुजी, टाकेश्वर पाटले एवम नागेंद्र रॉय ने कांग्रेस का हाथ किया मजबूत*

*कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर मस्तुरी विधानसभा के 120 ग्रामीण कांग्रेस में हुए शामिल*

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

मस्तुरी। मस्तुरी विधानसभा के कांग्रेस नेता कमल डहरिया गुरुजी, टाकेश्वर पाटले एवम नागेंद्र रॉय के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के 120 कार्यकर्ताओ ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस के प्रति अपनी निष्ठा जाहिर किया है, कांग्रेस नेताओ के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के रायपुर स्थित निवास मे जाकर कांग्रेस प्रवेश किया,जिन्हे सहसम्मान बैज ने कांग्रेस पार्टी का गमछा पहनाकर कांग्रेस पार्टी में प्रवेश दिलवायो ग्रामीणों के कांग्रेस प्रवेश से क्षेत्र में कांग्रेस को मजबूती मिलेगी वही चुनाव में भी कांग्रेस को इसका लाभ मिलेगो गौरतलब है कि मस्तुरी विधानसभा के कांग्रेस नेता कमल डहरिया गुरूजी ने पार्टी प्रवेश के पूर्व भी कांग्रेस पार्टी की विचारधारा व नीति के प्रति उनका झुकाव रहा है, शासकीय नौकरी के बाद मस्तुरी क्षेत्र की जनता की सेवा के उद्देश्य से कांग्रेस पार्टी में विधिवत प्रवेश कर कांग्रेस को मजबूती देने तथा जनता की सेवा शुरू कर दी थी, पार्टी के सभी कार्यक्रमों में बढ़चढ़कर अपना विशेष योगदान देने के साथ ही पार्टी को क्षेत्र में मजबूत बनाने में हमेशा



से अग्रसर रहे है कमल डहरिया गुरूजी ने मस्तुरी के गाव गाव में जाकर भूपेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओ से ग्रामीणों को अवगत कराते हुए योजनाओ का लाभ दिलाने में भरपूर मेहनत भी किया वही आज मस्तुरी क्षेत्र के 120 भाजपा के कार्यकर्ताओ को कांग्रेस की नीतियों-विचारधाराओ से अवगत कराकर उन्हें विधिवत कांग्रेस पार्टी में प्रवेश दिलाया है` कांग्रेस प्रवेश करने वाले ग्रामीणों में आज मरार पटेल समाज अध्यक्ष गुलाब सिंह पटेल, सरपंच रामायण पटेल, वृन्द पटेल, खेलावन यादव, रेशम बघेल, मुन्नी, गंगा, गंगोत्री, सोमकली डहरिया, लिका दिवाकर, संतन भारद्वाज, बंटी भारद्वाज, सूर्या भारद्वाज, डिम्पल, नितिन, अंकुश, मनिमा, मोनू, आनंद, संदीप, दिवास, मंदीप, विक्रांत, सत्यजीत, लालू, देवाशीष, अजीत, रितिक, साहिल, दोनी, बलराम, नितेश, विकेश, अजय जोशी, राजा राय, मनुराम टंडन, इशाद जांगडे सहित सैकड़ो ग्रामीणजन शामिल हुए इस दौरान मस्तुरी क्षेत्र के कांग्रेस नेता मुकेश भारद्वाज का प्रमुख योगदान रहा साथ ही दरीर्घाट की दो महिला समूह ने भी कांग्रेस पार्टी पर विश्वास जताकर पार्टी प्रवेश कियो

# रायसेन के विकास में जुड़ा नया अध्याय, मेडीकल कॉलेज की मिली स्वीकृति, तकदीर बदली है, तस्वीर भी बदलेगी- स्वास्थ्य मंत्री

## *रायसेन में 150 करोड़ रू से बनेगा 100 सीटों का मेडीकल कॉलेज*

**सीएल गौर, संभागीय ब्यूरो, समाज जागरण**

**रायसेन। जिले के 152127 किसानों के खातों में जमा हुए किसान कल्याण योजना के तीस करोड़ 42 लाख 54 हजार रू**

**रायसेन, 05 अक्टूबर 2023**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी ने रायसेन स्थित वन परिसर में आयोजित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत किसानों को दावा राशि वितरण, किसानों को सम्मान निधि राशि अंतरण और मुख्यमंत्री आवासीय भू अधिकार, नगरीय भू अधिकार व स्वामित्व योजना में हितग्राहियों को अधिकार पत्र वितरण कार्यक्रम का कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि कल आयोजित हुई मंत्री-परिषद की बैठक रायसेन जिले के लिए वरदान साबित हुई। जिसमें मंत्री-परिषद द्वारा रायसेन जिले में 100 एमबीबीएस सीट प्रवेश क्षमता के नवीन मेडिकल कॉलेज की स्थापना की स्वीकृति दी गई। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि रायसेन में 750 करोड़ रू लागत से मेडीकल कॉलेज बनाया जाएगा। जिसके पहले चरण में 350 करोड़ रू लागत से मेडीकल कॉलेज व छात्रावास बनकर तैयार होगा और दूसरे चरणे में लगभग 425 करोड़ रू लागत का अस्पताल बनकर तैयार होगा। इसी के साथ में प्रदेश का पहला उत्कृष्ट खेल प्रशिक्षण संस्थान भी स्वीकृत किया गया है। इस प्रशिक्षण संस्थान में प्रदेश भर से लोग प्रशिक्षण लेने आएंगे और प्रशिक्षक बनने के उपरांत सीएम राईज स्कूलों में खेल प्रशिक्षण देंगे। इसके लिए रायसेन जिले की जनता की ओर से मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद देता हूँ जिन्होंने रायसेन की तकदीर बदल दी और इससे रायसेन की तस्वीर भी बदलेगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि रायसेन किले के लिए रोप-वे और गोपालपुर से खरगावली तक बायपास की सौगात भी मिली है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि सांची विधानसभा और रायसेन जिले को विकास के मामले में पहले पायदान पर लाना है। पिछले तीन वर्षो में रायसेन में तेजी से विकास के काम हुए हैं। रायसेन के चहुँमुखी विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है और आगे भी नहीं छोड़ेंगे। आज भी सांची विधानसभा क्षेत्र में लगभग 80 करोड़ रू राशि के अनेक विकास कार्यो का भूमिपूजन और लोकार्पण किया जा रहा है।




रायसेन में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पेयजल, रोजगार हर क्षेत्र में लगातार काम हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि बुधवार को मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश की लाड़ली बहनों के बैंक खाते में 1250 रू के मान से राशि जमा की है। आगे चलकर हर महीने तीन हजार रू की राशि लाड़ली बहनों को मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना, मुख्यमंत्री नगरीय भू-अधिकार योजना तथा स्वामित्व योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि आज यहां कार्यक्रम में इन योजनाओं के अनेक हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार किसान हितैषी सरकार है। खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने और किसानों की आमदनी में वृद्धि के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। हमारा मध्यप्रदेश एकमात्र ऐसा प्रदेश है जहां किसानों को हर साल 12 हजार रू की राशि प्रदान की जा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 06 हजार रू तीन समान किश्तों में प्रदान किए जाते हैं और मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा भी किसान कल्याण योजना के तहत 06 हजार रू की राशि तीन समान किश्तों में प्रदान की जा रही है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदा में फसलों को क्षति होने पर भी फसल बीमा की राशि भी प्रदान की जाती है। उन्होंने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का भी उल्लेख किया। कलेक्टर श्री अरविंद दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत आज जिले के 152127 हितग्राही किसानों के बैंक खाते में दो-दो हजार रू के मान से कुल तीस करोड़ 42 लाख 54 हजार रू की राशि जमा की गई है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री आवासीय भू अधिकार योजना के तहत 6168 हितग्राहियों को भू-अधिकार पत्रों का वितरण किया जा चुका है और मुख्यमंत्री नगरीय भू-अधिकार योजना के तहत 112 हितग्राहियों को भू-अधिकार पत्रों का वितरण किया गया है। इसके अतिरिक्त स्वामित्व योजना के तहत 43 ग्रामों में 3658 हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख पत्र वितरित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में अनेक हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के हितलाभ वितरित किए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे, उप संचालक कृषि श्री एनपी सुमन, श्री जमना सेन, श्री राकेश शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने रायसेन में लगभग 17 करोड़ रू से बनने वाले क्रिटिकल हेल्थ केयर यूनिट का किया भूमिपूजन

## *सांची में 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल के नवनिर्मित उन्नत भवन और ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का किया लोकार्पण*

**रायसेन, 05 अक्टूबर 2023**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा गुरूवार को सांची में 792.30 लाख रू लागत से सिविल अस्पताल सांची को 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सांची का उन्नयन 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल सांची के नवनिर्मित उन्नत भवन का लोकार्पण किया गया। साथ ही सांची सिविल अस्पताल में ही 50 लाख रू लागत के ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का भी लोकार्पण किया गया। इसके पश्चात स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने जिला चिकित्सालय रायसेन में 1662.50 लाख रू लागत के क्रिटिकल हेल्थ केयर ब्लॉक निर्माण कार्य भूमिपूजन किया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने इन अवसरों पर आयोजित कार्यक्रमों का कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी किया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि रायसेन जिले और सांची विधानसभा क्षेत्र को कल और आज स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सौगाते मिली हैं। कल मंत्रीपरिषद की बैठक में रायसेन जिले के लिए मेडीकल कॉलेज स्वीकृत हो गया है, जो कि 750 करोड़ रू की लागत से बनकर तैयार होगा। इसके अलावा आज जिला अस्पताल में लगभग 17 करोड़ रू लागत से बनने वाले क्रिटिकल हेल्थ केयर यूनिट का भूमिपूजन किया गया है। जिसके बन जाने के बाद गंभीर स्थिति वाले मरीजों का यहीं उपचार हो सकेगा। जानकारी दी। इस अवसर पर श्री जमना सेन, श्री राकेश शर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, चिकित्सक और अधिकारी भी उपस्थित रहे।



स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि सांची सिविल अस्पताल के 50 बिस्तरीय नवीन भवन और ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का भी लोकार्पण किया गया है। इससे सांची और आसपास के गॉवों के मरीजों को सुविधा होगी। उन्हें विदिशा या भोपाल नहीं जाना पड़ेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने अपने संबोधन में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यो का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा ने भी संबोधित किया। सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री ने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं तथा सेवाओं के विस्तार के बारे में

,

### स्वास्थ्य मंत्री ने बरजोरपुर में दो करोड़ रू लागत के मार्ग का किया भूमिपूजन

स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा सांची विधानसभा के ग्राम बरजोरपुर में 219.34 लाख रू लागत से बनने वाले 1.7 किमी लम्बे बरजोरपुर सरार मार्ग का भूमिपूजन किया गया। स्वास्थ्य मंत्री द्वारा म.प्र. राज्य लघु (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित अंतर्गत सामुदायिक भवन सरार और ग्राम भीलटोला से कायमपुर घाटी तक सीसी रोड निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया।

# गर्म गोस्त तस्करों के शिकंजे में जकड़ा कानपुर, होटल मालिक समेत चार गये जेल

*– दलाल के कब्जे से बरामद हुईं तीन मजबूर लड़कियां, महिला दलाल अभी भी फरार*

*– बताई जा रही पुलिस की भी तगड़ी मिली भगत*

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। यह महानगर में गर्म गोस्त के शातिर दिमाग तस्करों के शिकंजे में एक बार फिर जकड़ चुका है। वे भोली भाली मजबूर लड़कियों को लगातार शिकार बनाने में सफल हो रहे हैं। जिसमें पुलिस की भी मिलीभगत बताई जाती है। उन्होंने अपना ठिकाना होटलों को बना रखा है। ऐसे ही एक होटल में छापा मार कर होटल मालिक और दलाल समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल की हवा खिला दी गयी। जबकि किदवई नगर में रहने वाली महिला दलाल अभी भी फरार है। इनके कब्जे से तीन लड़कियां भी बरामद की गईं जिनकी मजबूरी का फायदा उठा कर होटल लाया गया था। जानकारी के मुताबिक माल रोड स्थित होटल रॉयल गैलेक्सी में एडिसीपी पूर्वी आकाश पटेल और उनकी स्वाट टीम ने छापा मारकर सेक्स रैकेट पकड़ा। अचानक हुई छापेमारी से अफरातफरी मच गई। इस बीच पुलिस ने होटल मालिक



के साथ ही तीन लड़कियां, एक ग्राहक व कर्मचारी को पकड़ा है। छापेमारी के दौरान होटल में आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई है। घटना में स्थानीय पुलिस की भूमिका संदिग्ध बताई गई है। इस छापेमारी के दौरान होटल मालिक अश्विनी गुप्ता उर्फ आशू, शुक्लागंज निवासी दलाल दयाशंकर तिवारी, किदवई नगर की महिला, ग्राहक जितेन्द्र कुमार व कर्मचारी रामकिशन को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही दो अन्य लड़कियां भी मिली थी। यहां आसपास के जनपदों से भोली-भाली लड़कियों को रेलवे स्टेशन या बस अड्डे से बहाने से लाया जाता था। पत्रकारों को एडिसीपी ने बताया कि होटल मालिक आशु ने इसे समरजीत सिंह को किराए पर दे रखा था, वही इस रैकेट को संचालित कर रहा था। होटल मालिक को भी इसकी पूरी जानकारी थी। होटल के दो कमरो में लड़कियों को लाकर रखा जाता था। पुलिस ने बताया कि आरोपियों में दयाशंकर तिवारी और किदवई नगर निवासी महिला ग्राहकों को लाने का काम करते थे, जिनसे घंटे के हिसाब से पैसा लिया जाता था।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्चुअल रूप से किया माडल जैतखाम निर्माण का शिलान्यास

## *राज महंत राजेश्वर भार्गव सभापति जिला पंचायत बिलासपुर हुए शामिल*

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर । रायगढ़ में आयोजित भरोसा के सम्मेलन के माध्यम से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी मल्लिकाअर्जुन खरगे और जगतगुरु गुरु रुद्र कुमार गुरु ने छत्तीसगढ़ के 82 विकास खण्ड में परम पूज्य गुरूघासी दास बाबा जी का सत्य की प्रतीक जैतखाम स्वेत झंडा फहराने के



लिए समस्त मानव समाज को सत्य का निशानी का भूमिपूजन सभी समाज के साथ छत्तीसगढ़ के भरोसे की सरकार समेल्लन में किया इस अवसर पर जगतगुरु गुरु रूद्रकुमार गुरू के आदेश पर बिलासपुर जिला के सभी राजमहंत मंथन सभा कक्ष बिलासपुर में उपस्थित होकर भूमिपूजन समारोह का गवाह बनकर सत्य मार्ग पर चलने का आह्वान किया जिसमें राजमहंत राजेश्वर भार्गव सभापति ज़िला पंचायत बिलासपुर साथ में राजमहंत दशेराम खाण्डे राजमहंत उमादत्त घृतलहरे राजनारायण निराला भारत सिंह खांण्डेकर लखनटंडन भुलाऊराम कुर्रे पूर्व विधायक मस्तूरी दिलीप लहरिया सेवा सहकारी मर्यादित बैंक बिलासपुर संभाग के अध्यक्ष प्रमोद नायक जिला कलेक्टर जिला मुख्यकार्यपान अधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष टंडन अशोक सिंह रामनारायण राठौर के साथ साथ समस्त समाज प्रमुख अधिकारी कर्मचारी व मिडिया के साथी समिल्लित रहे कांग्रेस सरकार भरोसा के सरकार फिर से आगामी भूपेश सरकार का आना तय है ।

# शहर के बीचोबीच स्थित छः तबेलो पर चला प्रशासन का बुलडोजर,गन्दगी फैलाने की, की गयी थी शिकायत

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 06 अक्टूबर )शहर के बीचो बीच स्थित गौली मोहल्लों में दूध बेचने वाले पशुपालकों के द्वारा गन्दगी फैलाने की शिकायत पर प्रशासन ने पशुपालको को नोटिस देकर तबेले को हटाने का फरमान जारी किया था लेकिन दो महीने बाद भी पशु पालको ने अपना तबेला नहीं हटाया जिससे प्रशासन ने बल पूर्वक छः तबेलो पर बुलडोजर चला कर ध्वस्त कर दिया जिससे पशु पालको में काफी रोष है। पशु पालको ने नगर परिषद अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन को निशाना बनाते हुए खूब खरी खोटी सुनाई, पशु पालको ने यहां तक कहा कि पहले नगर परिषद अध्यक्ष एवं गौरी शंकर बिसेन का तबेला हटाओ उसके बाद हमारा हटाओ लेकिन इसके बाद भी प्रशासन ने उनकी एक न सुनी और छः तबेलो को धराशाही कर दिया। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के आदेश के बावजूद शहर में बनाए गए तबेलों को नही हटाए जाने पर गुरुवार को एसडीएम गोपाल सोनी और सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा के नेतृत्व में राजस्व और प्रशासनिक दल ने गौली मोहल्ला पहुंचकर यहां



से तबेले को हटाने की कार्रवाई शुरू की गयी। इस दौरान पहुंचे प्रशासनिक और पुलिस अमले को तबेले वालों के आक्रोश का भी सामना करना पड़ा। तबेले में पशु बांधकर उनके दूध से परिवार का जीवन यापन करने वाली महिला ने कहा कि पहले मंत्री गौरीशंकर बिसेन और नगरपालिका अध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर का तबेला हटाया जाए,उसके बाद हमारे तबेले पर कार्रवाई की जाए। इस दौरान प्रशासनिक कार्रवाई में अवरोध उत्पन्न कर रहे लोगों पर प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में पुलिस की सख्ती देखी गई। गौरतलब हो कि शहर में स्थित तबेलों को हटाकर शहर की सीमा से बाहर किए जाने के आदेश बीते महीने जारी किए गए है। समयावधि बीत जाने के बाद गुरुवार को राजस्व,पुलिस और नगरपालिका का अमला संयुक्त कार्रवाई के लिए गौली मोहल्ला पहुंचा था।

# नवीन तहसील लामता का हुआ सृजन, 17 पद भी मंजूर

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 06 अक्टूबर )लामता को तहसील बनाए जाने के प्रस्ताव को आयोजित मध्य प्रदेश कैबिनेट में स्वीकृति प्रदान की गई। पूर्व मे तहसील बनाए जाने के संबंधी सूचना का प्रकाशन मध्यप्रदेश राज पत्र दिनांक 4 अगस्त को कर दिया गया था । दावे आपत्ति के लिए 30 दिवस की अवधि दी गई है। उक्त अवधि का अवसान होने के पश्चात प्रस्ताव स्वीकृत के लिए



कैबिनेट में रखा गया। जिस पर कल कैबिनेट ने अपनी मोहर लगा दी।

मंत्री श्री कावरे ने कहा कि लामता को तहसील बनाना हमारा लक्ष्य था। लामता क्षेत्र की जनता को तहसील संबंधी कार्यों के लिए बालाघाट नहीं आना पड़ेगा। लामता में ही उनके काम आसानी से हो जाएंगे। मैं माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं। जिन्होंने विगत 22 फरवरी को लामता की सभा में मेरे प्रस्ताव पर लामता को तहसील बनाए जाने की घोषणा की थी। उपरोक्त कार्य के लिए लामता की जनता को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं, उनके प्यार और दुलार की बदौलत में चुनाव जीत पाया और आज प्रदेश सरकार में मंत्री हूं जिस कारण से लामता को तहसील बनाया जाना संभव हुआ। मैं मंत्री नहीं होता तो लामता को तहसील बनाने में बहुत कठिनाई होती। नवीन तहसील लामता में कुल 16 पटवारी हल्के समाविष्ट होंगे, उत्तर में मंडला जिले की नैनपुर तहसील पूर्व में जिले की परसवाड़ा तहसील दक्षिण में जिले की बालाघाट तहसील और पश्चिम में सिवनी जिले की केवलारी तहसील होगी।

# जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे ने की विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा

## *विधानसभा निर्वाचन हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक सम्पन्न*

रायसेन। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक में निर्वाचन संबंधी नोडल अधिकारियों की बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में विधानसभा निर्वाचन-2023 की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों से उन्हें सौंपे गए निर्वाचन संबंधी दायित्वों तथा तैयारियों की जानकारी लेते हुए दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर श्री दुबे ने सभी रिटर्निंग अधिकारियों से स्ट्रांग रूम की जानकारी लेते हुए कहा कि सभी स्ट्रांग रूम पूरी तरह व्यवस्थित हों। उन्होंने मतदान केन्द्रों के रूट चार्ट की भी जानकारी लेते हुए सभी एसडीएम को भौतिक सत्यापन के लिए कहा, जिससे कि मतदान दलों को पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा ना हो। बैठक में मतपत्र मुद्रण, निर्वाचन व्यय लेखा, स्ट्रांग रूम, वाहन व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, डाक मत पत्र, ईवीएम-वीवीपैट प्रबंधन, मतदान सामग्री, निर्वाचक नामावली,



मतगणना हेतु प्रवेश पास, संचार व्यवस्था तथा डिस्ट्रिक्ट कॉटेक्ट सेंटर सहित निर्वाचन संबंधी अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री विकास शहवाल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू भदौरिया, अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग सहित सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# फोरलेन मार्ग की वर्चुअली आधारशिला पीएम के हस्ते संपन्न,रजेगांव में किया गया लाइव प्रसारण

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 06 अक्टूबर )जिले से होकर गुजरने वाले 1106 करोड़ रुपए के फोर लेन की वर्चुअल आधार शीला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हस्ते जबलपुर में हुआ। जिसका लाइव कार्यक्रम का प्रसारण रजेगांव में हुआ था जहाँ आयुष मंत्री के साथ ग्रामीणों ने भी प्रधानमंत्री के उद्धबोधन को देखा एवं सुना। आयुष मंत्री रामकिशोर कावरे के विधानसभा क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम में मंत्री कावरे भी शामिल हुए।बता दें गुरुवार को रानी दुर्गावती की 500 वीं जयंती पर जबलपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में पीएम नरेन्द्र मोदी आये थे,जहां से वे अमृत भारत योजना के सुदृढ़ीकरण सहित सड़को का भी भूमिपूजन किया। जिसमें बालाघाट के परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र रजेगांव से होकर गुजरने वाला फोरलेन भी शामिल है। सालेटेका रजेगांव से होकर जाने वाले इस फोरलेन की स्वीकृति भारतमाला प्रोजेक्ट के अंतर्गत केंद्र



सरकार के सड़क परिवहन मंत्रालय ने जारी की है। उक्त योजना 1106 करोड़ रुपए की है जिसमें से 547 करोड़ रुपए मार्ग निर्माण पर खर्च किए जाएंगे। इस मार्ग की लंबाई 41.21 किलोमीटर है। भूमि पूजन का लाइव कार्यक्रम का प्रसारण को सुनने की व्यवस्था रजेगांव में की गई थी जिसमें आयुष मंत्री रामकिशोर नानो कावरे उपस्थित के साथ ग्रामीणों ने भी सुना एवं देखा। ज्ञात हो कि नैनपुर-लवादा-

# रायसेन को मेडिकल कॉलेज की सौगात एवं प्राचीन किले के लिए रोप वे सहित अनेक विकास कार्यों के लिए स्वास्थ्य मंत्री करेंगे भूमि पूजन

रायसेन। मध्य प्रदेश शासन के सब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा रायसेन जिले के लिए मेडिकल कॉलेज स्वीकृत करने एवं प्राचीन ऐतिहासिक किले के ऊपर रोपवे लगवाने की स्वीकृति देने के उपलक्ष में भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन शहर के महामाया चौक पर 11:00 बजे से आयोजित किया गया है। इस संबंध में कार्यक्रम स्थल पर विधायक प्रतिनिधि जमना सेन एवं नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों ने तैयारी का जायजा लिया एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। उक्त जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जमना सेन ने बताया कि आज शुक्रवार को मध्य प्रदेश शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉक्टर प्रभु राम चौधरी की मौजूदगी में भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है, जिसमें अनेक विकास कार्यों के लिए भूमि पूजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर प्रभु राम चौधरी, एवं विशेष अतिथियों में जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। श्री साईं श्री सैया नगर के समस्त नागरिकों से कार्यक्रम में भाग लेने एवं सफल बनाने की अपील की है।

# गबन के आरोप में लघु सिंचाई विभाग के अवर अभियंता गिरफ्तार

## तारुन ब्लाक के गयासपुर गांव में धन अनियमिता का मामला

अयोध्या। जनपद के तारुन ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत गयासपुर के विकास कार्यों में गबन के आरोपी लघु सिंचाई विभाग के अवर अभियंत रामतीरथ वर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिलाधिकारी के आदेश पर इस मामले की रिपोर्ट गत फरवरी में एड-ओ ने तारुन थाने में दर्ज कराई थी। गांव के रहने वाले रामकुमार शर्मा की और से दो जून 2022 को डीएम से की गई शिकायत की जांच सहायक अभियंता ग्रामविकास अभिकरण और बीएसए ने की थी। जांच में वित्तीय वर्ष 2016-17 17-18 में 7,00,490 रुपये में लगाई गई स्ट्रीट लाइट गुणवत्ता के अनुरूप नहीं मिली थी। ये फर्जी कंपनी से खरीदी गई थीं। मामले में सोलर लाइट में दुरुपयोग की गई धनराशि की वसूली की संस्तुति की गई। स्थलीय जांच के दौरान अभिलेख प्रस्तुत न होने की दशा में भुगतान करने वाले अधिकारी-कर्मचारी व समय-समय पर तैनात रहे सचिव प्रधान और अभियंता कृत्य के लिए दोषी बताए गए थे। जांच में अपव्यय की गई कुल धनराशि 9,53,220 रुपये के लिए पूर्व प्रधान, अवर अभियंता व पूर्व ग्राम पंचा सचिव व तत्कालीन पंचायत सचिव दोषी पाए गए। एडीओ पंचायत उमाशंकर सिंह की तहरीर पर पूर्व प्रधान कुसुम, अवर अभियंता लघु सिंचाई रामतीरथ वर्मा, वीडीओ अभिमन्यु विश्वकर्मा, माता प्रसाद, भूपेंद्र सिंह के खिलाफ फरवरी में तारुन थाने में केस दर्ज हुआ था। शेष आरोपियों ने हाईकोर्ट से स्थगन आदेश प्राप्त कर लिया था। थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अवर अभियंता रामतीरथ वर्मा को बुधवार को चौकी प्रभारी रामपुर भगन अभिनंदन पांडेय ने पिपरी तिराहे से गिरफ्तार कर लिया है।

# पूजा पंडालों एवं मार्गों पर की जाने वाली सजावट कम से कम 12 फीट के ऊपर होना चाहिए : जिलाधिकारी

## रामलीला एवं दशहरा व दुर्गापूजा को लेकर कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई बैठक

अयोध्या। आगामी रामलीला दशहरा व दुर्गापूजा को लेकर जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार बैठक आयोजित की गई । बैठक में एसएसपी राजकरन नैयर सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कार्यदायी विभागों के अधिकारियों एवं दुर्गापूजा समिति के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ रखी जायें तथा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये जाये। उन्होंने प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा, बेरिकेटिंग आदि तैयारियां को पूर्ण करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये। जल निगम व सम्बंधित विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में खराब हैंडपम्पों को ठीक करायें।

उन्होंने अयोध्या में प्रतिमाओं के विसर्जन स्थल पर सुरक्षा, प्रकाश सम्बंधी समस्त व्यवस्थायें को समय से पूर्ण किये जाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये तथा जिलाधिकारी ने सभी से सहयोग की अपील की। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यकतानुसार जगह-जगह स्वास्थ्य कैम्प लगाने के निर्देश दिये। सभी एसडीएम दुर्गा पूजा स्थलों पर सफाई व्यवस्था अच्छी रखें।

जिलाधिकारी ने कहा कि अनुमति प्राप्त करने हेतु दिये जा रहे प्रार्थना पत्र में मूर्ति स्थापित करने का स्थान, दिनांक एवं समय, विद्युत सुरक्षा का प्रमाण पत्र व कम से कम 05 जिम्मेदार व्यक्तियों के नाम पते एवं मोबाइल नम्बर अवश्य अंकित किया जाय। जिस मूर्तिकार से दुर्गा जी की प्रतिमा खरीदी जायेगी, उसको मूर्ति स्थापना हेतु दिये गये अनुमति पत्र की छायाप्रति अवश्य दी जायेगी। बिजली के तारों में कटिया कनेक्शन न लगाकर अस्थायी रूप से बिजली का कनेक्शन नियमानुसार लिया



जाय। वायरिंग के किसी भी तार को खुला न छोड़ा जाय, सभी पर टेपिंग अवश्य की जाय, जिससे शार्ट सर्किट न होने पाये। सभी पूजा पंडाल सुरक्षा की दृष्टि से विद्युत कनेक्शन/वायरिंग की चेकिंग कराकर विद्युत सुरक्षा का प्रमाण पत्र अवश्य प्राप्त कर लें। पूजा पंडाल एवं सड़कों पर की जाने वाली सजावट 12 फीट के ऊपर हो। जिससे कि मूर्तियों के निकलने में असुविधा न हों एवं लगे तारों को उठाना या हटाना न पड़ें। जिलाधिकारी ने मूर्ति विसर्जन हेतु जीआईसी ग्राउण्ड से मूर्तियों को उठाने हेतु जो समय निर्धारित किये जायें ठीक उसी समय पर जुलूस प्रारम्भ कर दिया जाय, जिससे शोभायात्रा एवं विसर्जन समय से हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न हो सके। दुर्गा प्रतिमाओं पर नम्बरिंग की व्यवस्था केन्द्रीय दुर्गापूजा समिति के पदाधिकारी करेंगे। टीवी टावर चौराहे, सहादतगंज हनुमानगढ़ी से गुप्तारघाट की तरफ मुड़ता है तो जनपद के देहात क्षेत्रों से विसर्जन हेतु आने वाली मूर्तियां जो अपने निर्धारित समय से नही चलती है, उनके विसर्जन को लेकर एवं आगे पीछे चलने को लेकर प्रायः विवाद हो जाता है इसलिए यह आवश्यक है कि देहात क्षेत्र से आने वाली मूर्तियां अपने निर्धारित समय से ही विसर्जन के लिए प्रस्थान करें तथा केन्द्रीय दुगार्पूजा समिति के जुलूस के टी0वी0 टावर चौराहे पर आने से पूर्व ही अपनी मूर्तियों का विसर्जन निर्मलीकुण्ड पर जाकर करना सुनिश्चित करें। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री राजकरन नय्यर ने बताया कि विगत वर्ष की भांति कोई नई परम्परा नही शुरू की जायेगी तथा पूजा समितियों से सहयोग की अपील की। इस अवसर पर बैठक में सभी एसडीएम सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण, श्रीरामलीला दुगार्पूजा समिति के अध्यक्ष श्री मनोज जायसवाल, विजय गुप्ता सहित दुगार्पूजा के पदाधिकारीगण, सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी में उद्योग विशेषज्ञ विचार-विमर्श के माध्यम से जैव रासायनिक अभियांत्रिकी के छात्रों को मिली महत्वपूर्ण जानकारी

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी। आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी के जैव रासायनिक अभियांत्रिकी स्कूल में दिनांक 04.10.2023 को एक गतिशील छात्र संवर्धन कार्यक्रम इंडस्ट्री एक्सपर्ट इंटरैक्शन का आयोजन किया गया। जिसमें क्लास में अध्ययन और बाहरी दुनिया में इसके व्यावहारिक अभ्यास के अंतर को कम करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर एक्सपर्ट के तौर पर एसएफसी पर्यावरण टेक्नोलॉजीज, मुंबई के अनुभवी उद्योग पेशेवर राजेश दाते ने छात्रों से मुलाकात की जो इंजीनियरिंग उद्योगों (फोर्जिंग, मशीनिंग, ऑटो कंपोनेंट्स) में तकरीबन 10 वर्षों से एवं तेल और गैस (परियोजना, विपणन, और वितरण) में करीब 25 वर्षों तक बड़े पैमाने पर काम किया है।

इस परिचर्चा में बातचीत, चचाएं और प्रश्नोत्तर सत्र शामिल थे, जिससे छात्रों ने सीधे विशेषज्ञ से सवाल-जवाब किया। जिससे छात्रों को प्रश्न पूछने, करियर पर मार्गदर्शन प्राप्त करने और उद्योग के रुझानों और चुनौतियों की गहरी समझ हासिल करने का अवसर मिला ।

इस आयोजन का एक मुख्य आकर्षण वास्तविक दुनिया की प्रासंगिकता पर जोर देना था । उद्योग विशेषज्ञ ने अपने 35 साल के लंबे करियर के अनुभवों को साझा किया और व्यावहारिक समस्याओं को हल करने के लिए कक्षा के ज्ञान को कैसे लागू किया जा सकता है, इसकी अंतर्दृष्टि प्रदान की। यह दृष्टिकोण छात्रों को पसंद आया, जिन्होंने इसे अपनी अकादमिक शिक्षा को पेशेवर दुनिया से जोड़ने में बेहद फायदेमंद पाया । जैव रासायनिक अभियांत्रिकी स्कूल के समन्वयक एवं अधिष्ठाता (अनुसंधान एवं विकास) प्रोफेसर विकाश कुमार दुबे नेऐसे प्रयास के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य अपने छात्रों को अपने संबंधित क्षेत्रों में भविष्य का अगुआ बनने के लिए सशक्त बनाना है। उद्योग विशेषज्ञों के साथ बातचीत की सुविधा प्रदान करके, हम न केवल उनके शैक्षणिक ज्ञान को बढ़ाते हैं बल्कि उनके कौशल, सोच और समस्या-समाधान क्षमताओं का भी विकास करते हैं। यह विभाग भविष्य में भी ऐसी छात्र संवर्धन गतिविधियों का आयोजन जारी रखने की योजना बना रहा है ।

आईआईटी-बीएचयू के निदेशक आचार्य प्रमोद कुमार जैन ने ज्ञान के आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाने वाली इस अभिनव छात्र संवर्धन गतिविधि की सराहना की। निदेशक महोदय ने कहा, इन इंटरैक्शन को समग्र शिक्षा के प्रति हमारे संस्थान की प्रतिबद्धता के एक अभिन्न अंग के रूप में देखा जाता है, जो छात्रों को न केवल किताबी ज्ञान बल्कि उनके करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल और अंतर्दृष्टि से भी परिपूर्ण करता है।

# शर्मनाक : कूड़े के ढेर की तरह मिली BHU छात्रसंघ की विरासत, सड़ गई गोविंद मालवीय, टेरेसा समेत कई छात्र नेता की तस्वीर

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय में छात्र संघ की विरासत कूड़े की तरह से बिखरी पड़ी हुई हैं। तकरीबन 100 से ज्यादा तस्वीरें छात्र संघ भवन में सड़ रहीं हैं। यह देख बुधवार को छात्रों का हुजूम आगबबूला हो गया और डीन ऑफ स्टूडेंट के साथ काफी काफी बहस हो गई। आक्रोशित छात्रों ने डीन से शिकायत कर इलव के गौरवशाली इतिहास और पुराने छात्रों के विरासत को मिटाने की कोशिश किए जाने का आरोप लगाया। छात्रों ने चेतावनी दी कि विश्व विद्यालय के विरासत को जल्द से जल्द मैनेजमेंट सहेज कर रखा जाए, नहीं तो हम छात्र इसका विरोध करेंगे।

रिसर्च छात्र अभिषेक सिंह ने इस प्रकरण को लेकर बताया कि कूड़े की तरह फेंकी तस्वीरों को फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी की गई है। छात्र ने कहा कि 5 अक्टूबर को कुछ छात्र राजनीति के पितामह देवब्रत मजूमदार की जन्म जयंती मनाने वाले



हैं। यह जयंती छात्र संघ भवन पर होना मंजूर हुआ। इसी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जब छात्र भवन में पहुंचे और पूर्व छात्र संघ के सदस्यों की तस्वीरें मांगी तो कहा गया कि यहां कोई ऐसी तस्वीर नहीं है। जब वहां मौजूद कर्मचारियों से तस्दीक की तो पता चला कि सारी पुरानी तस्वीरें कूड़े के ढेर में मिली हुई हैं।

छात्रों ने बताया कि छात्रसंघ भवन में कूड़े के ढेर को पलटने लगे, तो उसमें इलव के पूर्व कुलपति और पंडित मदन मोहन मालवीय के पुत्र गोविंद मालवीय, 1964 के इलव स्टूडेंट यूनियन, स्वामी अय्यर, जवाहर लाल नेहरू, इलव 1955 के इनॉगरल फंग्शन, छात्रसंघ कोषाध्यक्ष डॉ. महातिम गुप्त, 1970 में छात्रसंघ महामंत्री रमेश कुमार गुप्त और राजबलि पांडेय समेत कई नेताओं की तस्वीरें फेंकी हुई मिली। वहीं, कई तस्वीरों पर तो दीमक लग गए हैं। कई फोटो खराब होकर किसी काम के नहीं रह गए हैं।

# शराब के नशे में छोटे भाई ने बड़े भाई को मौत के घाट उतारा

## पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी छोटे भाई को किया गिरफ्तार

### हत्या में प्रयुक्त लाठी-डंडा भी बरामद

अयोध्या।

तहसील मिल्कीपुर में शराब के नशे में सगे भाई को लाठी व बल्ली से पीट-पीट कर मार डालने वाले आरोपी भाई को पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र से गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया।

थाना कोतवाली इनायत नगर क्षेत्र के डीली गिरधर पूरे प्रकाश गांव निवासी अखिलेश सिंह पुत्र हरिहर सिंह सिंह का शव मंगलवार की दोपहर घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा हुआ था। मृतक के शरीर में कई जगहों पर गंभीर चोट के निशान भी बने हुए थे । स्थानीय लोगो की सूचना के बाद थाना इनायत नगर प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह व क्षेत्राधिकारी आशीष निगम ने मौके पर पहुंचकर घटनाक्रम की बारीकियों से निरीक्षण करते हुए घटना में प्रयुक्त लाठी व बल्ली को अपने कब्जे में लेते हुए मृतक अखिलेश के शव का पंचायतनामा करने के बाद पोस्टमार्टम



के लिए भेजा दिया था।

मृतक अखिलेश सिंह की मां मालती सिंह ने अपने सगे बेटे दिनेश सिंह के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज करने के लिए पुलिस को तहरीर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई थी। पुलिस को मुखबिर ने सूचना दिया कि अपने सगे भाई को मौत की घाट उतारने वाला आरोपी दिनेश सिंह सिद्ध नाथन मंदिर के पास मौजूद है। जानकारी मिलती ही थाने के उप निरीक्षक ब्रह्म दत्त पाण्डेय कांस्टेबल संदीप सिंह ने पहुंच कर आरोपी पड़कर 'थाने ले आए।

आरोपी दिनेश सिंह से जब पुलिस टीम ने कड़ाई से पूछताछ की तो आरोपी दिनेश सिंह ने बताया कि हम दोनों भाई ने शराब पी थी और शराब के नशे में थे, किसी बात को लेकर दोनों में गाली गलौज होने लगी थी, मुझे गुस्सा आ गया तभी मैंने अपने भाई अखिलेश सिंह को लाठी व लकड़ी की बल्ली से मार दिया था जिससे उनकी मौत हो गई।

प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक अखिलेश सिंह की मां की तहरीर पर सगे भाई दिनेश सिंह पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस टीम ने उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# पाटलीपुत्र-पं.दीनदयाल उपाध्याय जं.-प्रयायराज छिवकी-जबलपुर-नागपुर के रास्ते

## मुजफ्फरपुर एवं बरौनी से यशवंतपुर के लिए एक-एक जोड़ी पूजा स्पेशल ट्रेन

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

हाजीपुर आगामी पर्व त्यौहार के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा हाजीपुर-पाटलीपुत्र-पं.दीनदयाल उपाध्याय जं-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-नागपुर के रास्ते मुजफ्फरपुर एवं बरौनी से यशवंतपुर के लिए एक-एक जोड़ी पूजा स्पेशल चलाने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. गाड़ी सं. 05271/05272 मुजफ्फरपुर-यशवंतपुर-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस स्पेशल - यह स्पेशल मुजफ्फरपुर से 06.10.2023 से 08.12.2023 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को तथा यशवंतपुर से 09.10.2023 से 11.12.2023 तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को परिचालित की जायेगी । गाड़ी संख्या 05271 मुजफ्फरपुर-यशवंतपुर पूजा स्पेशल मुजफ्फरपुर से शुक्रवार को 15.30 बजे खुलकर 16.35 बजे हाजीपुर, 17.40 बजे पाटलिपुत्र, 18.39 बजे आरा, 19.25 बजे बक्सर, 21.14 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. रूकते हुए रविवार को 19.00 बजे यशवंतपुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 05272 यशवंतपुर-मुजफ्फरपुर पूजा स्पेशल यशवंतपुर से सोमवार को 07.30 बजे खुलकर बुधवार को 06.40 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं., 07.50 बजे बक्सर, 08.35 बजे आरा, 09.30 बजे पाटलिपुत्र एवं 10.25 बजे हाजीपुर रूकते हुए 12.00 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 04, शयनयान श्रेणी के 12 एवं साधारण श्रेणी के 03 कोच होंगे ।

2. गाड़ी सं. 05215/05216 बरौनी-यशवंतपुर-बरौनी एक्सप्रेस स्पेशल - यह स्पेशल बरौनी से 07.10.2023 से 09.12.2023 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को तथा यशवंतपुर से 10.10.2023 से 12.12.2023 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को परिचालित की जायेगी । गाड़ी संख्या 05215 बरौनी-यशवंतपुर पूजा स्पेशल बरौनी से शनिवार को 13.20 बजे खुलकर 14.25 बजे समस्तीपुर, 15.25 बजे मुजफ्फरपुर, 16.35 बजे हाजीपुर, 17.40 बजे पाटलिपुत्र, 18.39 बजे आरा, 19.25 बजे बक्सर, 21.14 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. रूकते हुए सोमवार को 19.00 बजे यशवंतपुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 05216 यशवंतपुर-बरौनी पूजा स्पेशल यशवंतपुर से मंगलवार को 07.30 बजे खुलकर गुरूवार को 06.40 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं., 07.50 बजे बक्सर, 08.35 बजे आरा, 09.30 बजे पाटलिपुत्र, 10.25 बजे हाजीपुर, 11.30 बजे मुजफ्फरपुर एवं 12.30 बजे समस्तीपुर रूकते हुए 14.00 बजे बरौनी पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 04, शयनयान श्रेणी के 12 एवं साधारण श्रेणी के 03 कोच होंगे ।

# विश्व शिक्षक दिवस पर शिक्षा विभाग के स्वर्ण जयंती वर्ष का समापन

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग, वसंत महिला महाविद्यालय ने अपने स्वर्ण जयंती वर्ष का समापन समारोह आयोजित किया। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भारतीय शिक्षक पर्व के अवसर पर सितंबर को स्वर्ण जयंती वर्ष का उद्घाटन हुआ था। प्राचार्या प्रो. अलका सिंह ने इस अवसर पर आमंत्रित अतिथि अध्यापकों का स्वागत किया और कहा कि महाविद्यालय परिवार उनका सम्मान करते हुए अत्यंत हर्षित है। मुख्य अतिथियों में वाराणसी के 4 प्रमुख प्रतिष्ठित सहयोगी विद्यालयों के प्रधानाचार्यगण थे, जहां विभाग की बी.एड. और एम.एड. की प्रशिक्षु छात्राएं अपना इंटर्नशिप कार्य पूरा करती हैं। मुख्य कार्यक्रम संयोजिका एवं विभाग प्रमुख प्रो. सुजाता साहा तथा कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रवीण कुमार ने अतिथियों का परिचय दिया। बी.एड. और एम.एड. की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत लघु सांस्कृतिक कार्यक्रम सामूहिक स्वागत गीत और कु. मानसी द्वारा प्रस्तुत गुरु वंदना से प्रारंभ हुआ। सभी मुख्य अतिथियों और आमंत्रित अध्यापकों को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए अंगवस्त्र, स्मारिका एवं सम्मानपत्र देकर सम्मानित किया गया।

शिक्षकों के महत्त्व पर पर नेहा यादव और मानसी के प्रासंगिक प्रस्तुतिकरण, दीपमाला जायसवाल का ज्ञानप्रदाता शिक्षकों को समर्पित स्वरबद्ध मधुर गायन,और राजश्री के निर्देशन में नीतू, रेणु और अलका द्वारा श्रीकृष्ण को अर्पित भावनृत्य ने




एक तरफ जहां अतिथियों, प्राध्यापकों और विद्यार्थियों को भावविभोर किया, वहीं अनामिका एवं सहेलियों के लोकगीत, खुशबू तथा अनन्या के देशभक्ति गीत ने मैथिली में राम सीता विवाह प्रसंग में दूल्हा राम संग सखियों की छेड़छाड़ की तरंग के साथ देशप्रेम की रसधार बहा दी। विभाग के 50वें वर्ष के दौरान विभाग द्वारा आयोजित शैक्षिक और पाठ्य सहगामी गतिविधियों पर सौम्या यादव द्वारा निर्मित एक वीडियो भी प्रस्तुत किया गया।

आमंत्रित एवं सम्मानित प्रधानाचार्य बंगाली टोला इंटर कॉलेज के डॉ. जे.पी. पांडेय, महाबोधि इंटर कॉलेज के प्रवीण कुमार, वसंत कन्या इंटर कॉलेज की मीता कुमार तथा बेसेंट थियोसोफिकल स्कूल की डॉ. अंजू राय ने छात्राओं के प्रयास की सराहना की तथा विभाग को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बी.एड. की हिमांशी त्रिपाठी को अधिकतम उपस्थिति तथा एम.एड. की प्रांशी सिंह को हिंदी माध्यम से अंतरिक परीक्षा में अधिकताम अंक प्रदान करने हेतु स्वर्ण जयंती वर्ष में आरंभ किए गए पुरस्कार के प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। मुस्कान एवं रिया ने कुशल मंच संचालन किया। संयोजिका के मार्गदर्शन और छात्र समन्वयक श्रेया, प्रिया, ऋषिका एवं एकता के नेतृत्व में विभाग के स्वर्ण जयंती का सफल समापन हुआ। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार के अतिरिक्त तिब्बती उच्च अध्ययन केंद्र, सारनाथ आमंत्रित सहायक कुलसचिव प्राध्यापकगण भी उपस्थित थे, जिन्हें सम्मानित किया गया। इसी आयोजन के अंतर्गत महाविद्यालय को नेक मूल्यांकन में अ+ ग्रेड पाने के लिए महाविद्यालय के आई.क्यू. ए.सी. के समन्वयक प्रो. सीमा श्रीवास्तव तथा सभी सदस्यों को सम्मानित किया गया।

# संतानहिंन दंपतियों के लिए विशेष पहल

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणस बिरला फर्टिलिटी एंड आई. वी. एफ. के वाराणसी सेंटर को काम करते हुए 1 वर्ष पूरा हो गया है। 2022 में शुरू हुए इस सेंटर ने न केवल वाराणसी बल्कि आस-पास के क्षेत्रों जैसे आजमगढ़ मिर्जापुर, बधोई, गाजीपुर, बदलापुर, बलिया और बिहार-बक्सर एवं सताराम के पूर्वी हिस्से में संपूर्ण फर्टिलिटी केयर और विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर की मदद से अनेक दंपत्तियों का माँ-बाप बनने का सपना पूरा किया है। एक साल पूरा होने की खुशी में बिरला फर्टिलिटी एंड आई. वी. एफ. में कंसल्टेंट, डॉ. दीपिका मिश्रा के साथ कई दंपत्तियों ने हिस्सा लेकर माँ-बाप बनने के अपने अभूतपूर्व सफर के बारे में बताया। डॉ. मिश्रा ने एक 36 वर्षीय महिला के दिलचस्प केस के बारे में भी बताया, जो कई मेडिकल समस्यायों के साथ सेकंडरी सब-फर्टिलिटी से पीड़ित थी, और इस वजह से उसके कई आई. वी. एफ. चक्र विफल हो चुके थे। डॉ. मिश्रा ने बताया कि बिरला फर्टिलिटी एंड आई. वी. एफ. की विशेषज्ञता से किस प्रकार उस महिला का सपना पूरा हुआ, और अब वह फिर से माँ बनने वाली है। इस 36 वर्षीय मरीज को फैलोपियन ट्यूब में ब्लॉकेज, अनियमित माहवारी और हाइपर



थाईरॉयडिज्म की शिकायत थी, और वह 10 वर्षों से सब-फर्टिलिटी की शिकार थी, जिसके कारण फर्टिलिटी की समस्याएं बढ़ गई थीं और उसका आई. वी. एफ. चक्र विफल हो रहा था। इस महिला और उसके पति का इलाज कंट्रोल्ड ओवेरियन स्टिमुलेशन (सी. ओ. एस.) और इंट्रासाइटोप्लाज्मिक स्पर्म इंजेक्शन (आई. सी. एस. आई.) द्वारा किया गया जिसके बाद फ्रोजन एम्ब्रायो ट्रांसफर (एफ. ई. टी.) किया गया। बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ की टीम ने 21,000 से ज्यादा आई. वी. एफ. चक्रों के अपने संयुक्त अनुभव के साथ, उनका इलाज एक कस्टमाइज्ड योजना द्वारा किया, जिससे सालों की निराशा के बाद वह महिला गर्भधारण करने में सफल हो सकी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उद्योग बंधु एवं ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हस्ताक्षरित एम0 ओ0यू0 के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक संपन्न

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

चंदौली/जिलाधिकारी निखिल टी.फुंडे की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं को त्वरित गति से निस्तारित करने के निर्देश दिए।बैठक के दौरान औद्योगिक क्षेत्र फेज वन में एआरटीओ द्वारा जब्त हुए वाहनों को अनाधिकृतिक रूप से खड़े किए जाने का मुद्दा उठाया गया।इस संबंध में जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि सभी जब्त वाहनों की लिस्ट बना के आरटीओ, सेल टैक्स,खनन विभाग को सूचित करिए।संबंधित विभाग उन वाहनों को यथाशीघ्र शिफ्ट कराए।

रामनगर औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगों की बैंक गारंटी निबंधक कार्यालय में जमा है जिसे हस्तांतरित करने में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है।इस संबंध में एआईजी स्टाम्प ने बताया कि सभी प्रकरणों की सूची बना कर आई0 जी0 स्टाम्प को पत्र प्रेषित किया गया है इसमें यथाशीघ्र कार्यवाही की जा रही है।रामनगर औद्योगिक क्षेत्र फेज टू के प्रवेश मार्ग (लंका अलीनगर मार्ग)अत्यंत संकरा होने के कारण उद्यमियों की ट्रकों का सुचारू रूप से आवागमन नही हो पाता।इस संबंध में जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने 900 मीटर के मार्ग को चौड़ा करवाने हेतु पीडब्ल्यूडी को प्रोजेक्ट बना कर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उद्यमियों द्वारा अवगत कराया गया कि पिछले कई दिनों से फेज 2 में अराजक तत्वों का आवागमन बढ़ा है इसके साथ ही पूर्व के दिनों में मोबाइल व पैसे के छिनती की घटनाएं भी घटित हुई है इस संबंध में जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग को लगातार पेट्रोलिंग किए जाने का निर्देश दिया और साथ ही एसडीएम और तहसीलदार को इस मामले को देखने का निर्देश दिया।रामनगर औद्योगिक क्षेत्र में मच्छरों के प्रकोप बढ़ने पर उद्यमियों द्वारा फॉगिंग करवाने की मांग की गई इस संबंध में जिलाधिकारी ने यूपीसीडा एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को इस क्षेत्र में फॉगिंग करवाने के लिए निर्देशित किया।ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट में हस्ताक्षरित एम ओ यू के क्रियान्वयन के संबंध में उद्यमियों के साथ बैठक की गई जिसमे जिलाधिकारी द्वारा उद्यमियों की समस्यायों के समाधान के संबंध में उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष देव भट्टाचार्य सहित सभी प्रमुख उद्यमीगण उपस्थित रहे।

# मिजार्मुराद में प्रतापगढ़ पुलिस का छापा, पशुतस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी मिजार्मुराद। क्षेत्र के चक्रपानपुर गांव में बुधवार की देर रात प्रतापगढ़ जिले के पुलिस ने दबिश देकर पशुतस्करी के मुकदमे में वांछित होकर फरार चल रहे राजकुमार बिंद नामक पशुतस्कर को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गयी। प्रतापगढ़ जिले के बाघराय थाना के एसआई घनश्याम ने बताया कि बीते नौ सितंबर की रात एक पिकअप में गौवंश लाद कर बिहार ले जा रहे पशुतस्कर का पुलिस ने पीछा किया तो सभी कूदकर भाग गए वही चालक पकड़ा गया।चालक के द्वारा पूछताछ पर बताए गए नाम के आधार पर पुलिस राजकुमार समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज की थी उसी में राजकुमार वांछित चल रहा था जिसे दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया गया है।वही एसआई ने बताया कि राजकुमार के ऊपर पहले भी जिले में कई पशुतस्करी से जुड़े मामलों में मुकदमा दर्ज है।

# रामनगर से पंचवटी लंका कटरिया मार्ग की दुर्दशा कैसे होगी विश्वविख्यात रामलीला

### होती है रोजाना हजारों लोगों की भीड़ आज भी यह रामलीला बिना लाइट के मनाई जाती है वाराणसी के रामनगर में

**समाज जागरण वाराणसी सिटी रिपोर्टर**

वाराणसीः रामनगर मे भारी वाहनों के चलते इस मार्ग पर गड्ढों के होने से छोटे वाहनों का चलना मोहाल हो गया है,इस दौरान बीते दिनों हुई बरसात ने गड्ढों में पानी भरने से आवागमन ठहर सा गया है। पानी के चलते सड़क



से आने जाने वाले अंदाज नहीं लगा पाते और अक्सर इन गड्ढों गिरकर चोटिल हो जाते है,वहीं अब रामनगर शहरी क्षेत्र में सुबह नो एंट्री चालू हो जाने के बाद भारी वाहनों को पीएसी से मोड़कर दुर्गा मंदिर पंचवटी और लंका होते होते हुए विश्वसुंदरी पुल और औद्योगिक क्षेत्र की तरफ निकाल दिया जाता है बिहार से छोटे बड़े वाहन इसी रास्ते आते है लगता है लंबा जाम स्थानीय व्यापारियों के द्वारा कई बार विरोध करने के बाद भी अब तक वाराणसी का यातायात विभाग नहीं निकल पाया समस्या का हाल। वाराणसी के लक्खा मेले में शामिल रामनगर की रामलीला भी काफी मशहूर है इन दोनों रामलीला चालू होने के कारण इस रोड पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा है और रास्ता सुगम ना होने के कारण आम जनमानस जो इस मार्ग का उपयोग कर रहे हैं वह अंदाजा न मिलने के कारण गड्ढों में गिरकर रोजाना चोटिल हो रहे हैं।

# चकरोड और नाली पर अतिक्रमण के चलते आवागमन प्रभावित

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी / रमना सामने घाट के निवासियों ने मौजा रमना में चकरोड और नाली पर दबंग लोगों द्वारा कब्जा कर लेने का आरोप लगाया है। रमना निवासी नीतू तिवारी,राजकुमार, शिवकुमार और विजय कुमार ने उपजिलाधिकारी सदर को दिए गए प्रार्थना पत्र में शिकायत की है कि उनकी जमीन के पश्चिमी दिशा में गाटा संख्या 926 और 927 चक रोड और नाली है। जिसपर कैलाश पटेल,नखडू पटेल, लक्ष्मण साहनी,रमाशंकर साहनी आदि ने पूर्ण रूप से अवैध कब्जा कर लिया है। मना करने पर वे धमकी देते हैं और कहते हैं कि किसी भी सूरत में कब्जा नही छोड़ेंगे। इसके चलते आवागमन में बाधा हो रही है। क्षेत्रीय लेखपाल ने भी सदर तहसील को सौंपी गई रिपोर्ट में इस बात की तस्दीक की है कि खतौनी में उक्त दोनों गाटा संख्या चक मार्ग और नाली के नाम ही दर्ज है। इसके बावजूद दबंगई के बल पर अतिक्रमण करने वाले खाली नही कर रहे हैं। अतिक्रमण के चलते क्षेत्रीय लोग बहुत प्राचीन और ऐतिहासिक वन सती माता के मंदिर में दर्शन पूजन करने भी नही पहुँच पाते। पीड़ित लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि चक रोड और नाली पर किया गया अवैध अतिक्रमण जल्द से जल्द हटाया जाय ताकि लोगों को हो रही असुविधा दूर हो सके।

# चार खंभे का विद्युत तार काट ले गए चोर

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

मिजार्मुराद। क्षेत्र के नागेपुर गांव स्थित ज्ञानपुर नहर के किनारे लगे खंभों पर से चार खंभे का हाईटेंशन विद्युत तार बुधवार की रात चोर काट कर उठा ले गए।सुबह चोरी की सूचना ग्रामीणों द्वारा प्रधान को दिया गया।जिसके बाद विधुत तार चोरी की सूचना ग्राम प्रधान मुकेश पटेल ने विद्युत विभाग को के अधिकारियों को दिये।

# हरियाणा के कई कांग्रेसी नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व में की थी बीजेपी ज्वाइन- केंद्रीय मंत्री इंद्रजीत सिंह

## देश में बीजेपी को सत्ता में लाने के लिए हम सब मिलकर किया काम- राव इंद्रजीत सिंह

## चौधरी बीरेंद्र सिंह ही बता सकते हैं कि उन्हें कहाँ रहकर करनी है राजनीति- राव इंद्रजीत सिंह

**विनोद कश्यप प्रभारी,**
**दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा**



चण्डीगढ़, 05अक्टूबरः केंद्रीय मंत्री और गुड़गांव के सांसद राव इंद्रजीत सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र के अधिकारियों के साथ क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं और लोगों की समस्याओं के निवारण के लिए आज गुड़गांव में बैठक की।

इस बैठक के बाद हरियाणा की राजनीति में चल रही उथल- पुथल पर वहाँ उपस्थित अपने रामपुरा हाउस के कार्यकताओं और अन्य के साथ बैठकर गंभीरता से विचार भी किया। राव इंद्रजीत ने कहा कि जींद में चौधरी बीरेंद्र सिंह द्वारा सोमवार को आयोजित "मेरी आवाज सुनो" रैली में स्पष्ट संकेत दिया है कि अगर भाजपा उच्च कमान ने जेजे पी के साथ गठबंधन बरकरार रखा तो वो इसके विरोध में किसी भी तरह का कदम उठाने में पीछे नहीं हटेंगे और अपने कार्यकताओं की आवाज के साथ चलने वाले हैं।

राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि चौधरी बीरेंद्र सिंह का ऐसा कहना भाजपा के लिए विचारणीय बात है। चौधरी बीरेंद्र सिंह की जेजे पी द्वारा प्रदेश में मचाए भ्रष्टाचार की बात पर भाजपा उच्च कमान के पाले में बीरेंद्र सिंह ने जो बात छोड़ी है, उस पर हरियाणा की राजनीति में एक ऐसा उबाल आ गया है, जिससे पासा किधर भी पलटने के हालात बन सकते हैं।

गुरुग्राम में केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि चौधरी बीरेंद्र सिंह को यह सोचने का पूरा अधिकार है कि वह कहाँ रहें और कहाँ नहीं।

राव इंद्रजीत सिंह ने इस बात का खुलासा किया कि 2014 के चुनाव में हरियाणा कांग्रेस के जिन कांग्रेसी नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी ज्वाइन की थी और देश में भाजपा को सत्ता में लाने के लिए हम सबने अपना अहम योगदान भी दिया था। इसमें कोई शक नहीं है। ऐसे में चौधरी वीरेंद्र सिंह ही बेहतर बता सकते है कि उन्हें कहाँ और कि सरकार तरह की भविष्य की राजनीति करनी है और कहाँ नहीं रहना।

### मोनू मानेसर और मामन खान को हुई जेल से रिहाई के अधिकार

हरियाणा कांग्रेस के विधायक इंजीनियर मामन खान को एडीजे की अदालत से मिली जमानत और मोनू मानेसर की अधर में लटकी रिहाई पर राव इंद्रजीत ने कहा कि यह काम सरकार का नहीं,कोर्ट का है। हरियाणा पुलिस ने नूंह हिंसा मामले में उन्हें गिरफ्तार किया और कोर्ट ने जमानत दी। मोनू मानेसर की जमानत पर भी कोर्ट ही फैसला करेगा।

# *गुड़गांव के अवैध नशामुक्ति केंद् पर मुख्यमंत्री फ्लाइंग स्क्वाड का छापा*

**एस. के. शर्मा संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा**

गुड़गांव, अक्टूबरः हरियाणा की गुरुग्राम मुख्यमंत्री फ्लाइंग स्क्वायड, स्वास्थ्य विभाग व एसडीएम की संयुक्त टीम ने गुरुग्राम में अवैध रूप से चल रहे नशा मुक्ति केंद्र का भंडाफोड़ किया है। इस केंद्र के माध्यम से अवैध रूप से शराब, स्मैक, गांजा, सुल्फा, चिट्टा, और मेडिकल नशा आदि का इलाज किया जा रहा था। यह घटना गुरुग्राम के सेक्टर 5 एरिया में शीतला माता मंदिर के पास स्थित "नई उम्मीद" नामक स्थान पर हुई।

गुरुग्राम के सूत्रों के माध्यम से मिली जानकारी के अनुसार, यह अवैध नशा मुक्ति केंद्र गुप्त स्थान पर संचालित किया जा रहा था, जो किसी भी सार्वजनिक आधिकारिक इजाजत के बिना था। टीम ने इस मामले की जाँच के बाद इस केंद्र को बंद कर दिया और उसके संचालक को गिरफ्तार कर लिया है।

अवैध नशा मुक्ति केंद्र पर पहुंचने पर टीम को मिले 31 मरीज, जिन्हें यहां अवैध तरीके से इलाज किया जा रहा था। मरीजों से इलाज के लिए मासिक शुल्क के तौर पर 10 से 12 हजार रुपए प्रतिमाह वसूले जाते थे, और वीआईपी इलाज के लिए 15 से 16 हजार रुपए प्रतिमाह लिए जाते थे। इस मामले में विनय राठी नामक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और उसके खिलाफ सेक्टर 5 पुलिस स्थाना में मामला दर्ज किया गया है। यह मामला अब उस स्थान के मालिकों और अन्य संबंधित व्यक्तियों की जांच के तहत जारी हो रहा है।

# हार के डर से बौखलाई भाजपा ने संजय सिंह को गिरफ्तार करवाया : डॉ. अशोक तंवर

## एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर देश के लोगों की आवाज दबा रही भाजपा : चित्रा सरवारा

**इस साल होने वाले पांच राज्यों के चुनाव में हार रही है भाजपा : डॉ. अशोक तंवर**

**आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता और पूरा देश संजय सिंह के साथ : डॉ. अशोक तंवर**

**15 महीने में कोई ठोस तथ्य ईडी और सीबीआई के हाथ नहीं लगा जिसे वो घोटाला कह सकें : चित्रा सरवारा**

**8 घंटे रेड में ईडी को संजय सिंह के घर से कुछ नहीं मिला : चित्रा सरवारा**



**विनोद कश्यप**
**प्रभारी दैनिक समाज जागरण**
**पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चंडीगढ़, 05अक्टूबरः आम आदमी पार्टी के चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर और प्रदेश उपाध्यक्ष चित्रा सरवारा ने वीरवार को चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय से संयुक्त प्रेसवार्ता की। उन्होंने आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी को भाजपा सरकार की बौखलाहट बताया और कहा कि इसी साल होने वाले पांच राज्यों के अंदर चुनाव हैं और ज्यादातर राज्यों में भाजपा हार रही है। इसलिए हार के डर से भाजपा सरकार बौखलाई हुई है। यदि कोई भी सांसद, पत्रकार, विपक्षी पार्टी का नेता, लीगल डिपार्टमेंट का व्यक्ति सरकार के खिलाफ बोलता है तो उसके घर पर ईडी या सीबीआई के छापे पड़ने शुरू हो जाते हैं और उनको किसी भी तरीके से गिरफ्तार कर लिया जाता है। लेकिन देश की जनता भाजपा के इस चरित्र को समझ चुकी है। आने वाले समय में जनता भाजपा को वोट की चोट से सबक सिखाने का काम करेगी।

डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से जब से भाजपा को ये अहसास हुआ है कि जनता के बीच में उनके खिलाफ जबरदस्त नकारात्मकता है और जैसे जैसे 2024 के लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं वैसे ही हर वर्ग आक्रोषित है, सड़कों पर है। क्योंकि भाजपा सरकार ने साढ़े नौ साल में जो वादे किए थे वो वादे पूरे नहीं कर पाए हैं, चाहे वो 2 करोड़ युवाओं को रोजागार देने का मामला हो या स्वामीनाथन की रिपोर्ट हो। भाजपा सरकार ने स्वामीनाथन की रिपोर्ट आज तक लागू नहीं की, जब विपक्ष में बैठे थे तो कपड़े उतार कर विरोध करते थे। भाजपा सरकार ने बहुत से वादे देश के हर वर्ग विशेष से किए थे आज भी उनको पूरा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली को लेकर लाखों लोग दिल्ली के रामलीला मैदान में इकट्ठे हुए थे। ये इस बात का संकेत हैं कि भाजपा को अहसास हो गया है आने वाले पांच राज्यों के चुनावों और लोकसभा के चुनावों में भारी शिकस्त का सामना करना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि जैसे सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वाले पत्रकारों और विरोधी पार्टियों के नेताओं पर ईडी के छापे पड़ रहे हैं, वैसे ही आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद और संसद में लोगों की मजबूत आवाज संजय सिंह के घर पर भाजपा के इशारे पर ईडी द्वारा छापे मारे गए और उनको गिफ्तार भी कर लिया। उन्होंने भाजपा सरकार से पूछा कि उनके पास ऐसा कौन सा डिपार्टमेंट था कि उनको डायरेक्ट तौर पर आप दोषी मान सकते हैं। ऐसे में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता और पूरा देश संजय सिंह के साथ खड़े हैं, वो इमानदारी और देशभक्ति की लड़ाई ऐसे ही लड़ते रहें। वो समय जल्द आने वाला है जब लोग उनको सबक सीखाने को काम करेंगे। उन्होंने कहा कि ये धरपकड़ तो दूसरे राज्यों में होनी चाहिए थी, हरियाणा में बड़ा एक्साइज का घोटाला हुआ था जिसे सरकार द्वारा दबा दिया गया। 100 करोड़ को लेकर बार बार, अलग अलग व्यक्ति को टारगेट किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी हर उस व्यक्ति के साथ खड़ी है जो देश के लिए लड़ रहा है। आम आदमी पार्टी की लड़ाई देश की जनता को मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने की, बिजली मुफ्त देने की और युवाओं को रोजगार देने की है।

चित्रा सरवारा ने कहा कि दिल्ली के अंदर कथित शराब घोटाले के चलते, जो पिछले 15 महीने से एक नरेटिव भाजपा ने उठा रखा है कि वो आम आदमी पार्टी और पार्टी की लीडरशिप को किस तरह से लांछित कर सकते हैं। पिछले 15 महीने में ये आम आदमी पार्टी के तीसरे एक राष्ट्रीय स्तर के नेता हैं, जिसे ईडी द्वारा गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन आज तक कोई ठोस तथ्य ईडी और सरकार के हाथ नहीं लगा जिस वो कह सकें कि घोटाला हुआ है।

उन्होंने कहा कि जिस कथित घोटाने में आम आदमी पार्टी की नेताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है। ये एक ऐसी पॉलिसी जिसे पंजाब में भी लागू किया गया है और इससे राजस्व में बढ़त भी मिली है। यदि इस पॉलिसी को राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया जाए तो ये बेहतरी की तरफ लेकर जाएगी। लेकिन भाजपा ने इस अरेस्ट के साथ देश की जनता के सामने एक बार और अपनी बोखलाहट, घबराहट और अपनी होने वाली हार का नजारा पेश किया है। उन्होंने कहा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी कोई आश्चर्य की बात नहीं, क्योंकि ये भाजपा का चरित्र बन गया है। संविधान, इंसाफ और न्याय की प्रक्रिया को लांघते हुए और सता के घंमड में डूबी सरकार कुछ भी कर सकती है। 8 घंटे रेड करने के बाद ईडी को संजय सिंह के घर से कुछ नहीं मिला।

उन्होंने कहा कि भाजपा जितना भी नेरेटिव बना ले, अब इनके लिए सच की आवाज दबाना उतना ही मुश्किल होता चला जाएगा। पूरे देश को पता है कि इस साल पांच राज्यों में होने वाले चुनावों में भाजपा जाने वाली है। ये ढहती हुई तानाशाही का उदाहरण है, जिस तरह से भाजपा सरकार हर नियम को ताक पर रखकर, हर प्रावधान और लोकतंत्र के हर स्तंभ तोड़कर चाहे वो मीडिया हो, कार्यपालिका हो, न्यायपालिका हो या देश की इनवेस्टिगेशन एजेंसियां हो सबको तोड़कर आज देश के लोगों की आवाज दबाई जा रही है। सांसद, चैनल, पत्रकार, विपक्ष और आम व्यक्ति कोई भी बोले तो उसे चुप कराया जा रहा है। लेकिन भाजपा सरकार कितनी भी देश के लोगों की आवाज दबा ले, आने वाले समय में लोग अपने वोट की ताकत को जरुर पहचानेंगे। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के सारे सिपाही अपने पथ पर अड़िग हैं और भाजपा सरकार चाहे जितनी मर्जी तानाशाही करले। लेकिन मूलभूत ढांचा, संविधान और आजादी हमारी रंगों में दौड़ती है, इसको दबाना और इसको मिटाना किसी एक पार्टी के नामुमकिन है। उन्होंने कहा कि ये कोई घोटाला नहीं भाजपा का एक प्रोपगेंडा है। अरविंद केजरीवाल का कोई सिपाही न डरता है और न डरेगा। भाजपा के तानाशाही का महल अब जल्द ही गिरने वाला है।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भाकली में विद्यार्थियों की युवा संसद प्रतियोगिता आयोजित

## सामाजिक कार्यकर्ता नीरज यादव मोतला ने विजेता विद्यार्थियों को लैपटॉप किये वितरित

**कैलाश वर्मा संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा**

रोहतक/ कोसली, अक्टूबर। ऐतिहासिक गांव भाकली स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में युवा संसद प्रतियोगिता आयोजित की गई । प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को नीरज यादव मोतला ने लैपटॉप वितरण किए ।

मिली जानकारी के अनुसार भाकली गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिलास्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। जिसमें नीरज यादव ( आम आदमी पार्टी ) की टीम भी शामिल हुई। नीरज यादव समय- समय पर कोसली विधानसभा क्षेत्र में सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देते रहें हैं। उसी कड़ी में सर्दियों के समय में जरूरतमंद बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए स्वेटर भी वितरित की गई थी।

रोहतक लोकसभा के आम आदमी पार्टी प्रभारी कुलदीप शर्मा ने बताया कि नीरज यादव मोतला ने बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए दसवीं और बारहवीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदान किए ।

इस अवसर पर उन्होंने अध्यापक एवं ग्रामीणों का धन्यवाद किया और कहा कि उनकी कोशिश रहेगी कि वह अन्य प्रकार से भी सहयोग करते रहेंगे। उनके साथ रणसिंह भाकली , इंदरजीत, अमित, वीरेंद्र, सन्नी मोतला, नरेश यादव मोतला, यशपाल गुरुजी , कपिल यादव खरसानकी आदि मौजूद रहे।

# आमआदमी पार्टी नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी पर सड़कों पर प्रदर्शन के लिए उतरे आप कार्यकताओं और चण्डीगढ़ पुलिस के बीच टकराव

## बैरिकेटिंग, वाटर कैनन का पुलिस ने किया जमकर इस्तेमाल

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण**
**पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**



चण्डीगढ़, अक्टूबरः आमआदमी पार्टी के सैंकड़ों कार्यकत्ताओं ने आप नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के खिलाफ चण्डीगढ़ में आज जोरदार प्रदर्शन किया गया है। आम आदमी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता अब तक सड़कों पर उतरे हुए हैं और संजय सिंह की गिरफ्तारी पर विरोध जता रहे हैं। इस दौरान चंडीगढ़ पुलिस और आप कार्यकताओं के बीच कई बार जोरदार टकराव हुआ है। आमआदमी पार्टी ने चण्डीगढ़ प्रशासन को अपने प्रदर्शन की सूचना पहले ही दे दी थी। उसके मद्देनजर सभी मुख्य मार्गों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। सड़कों पर जगह- जगह बैरिकेड्स लगाकर पुलिस बल ने आप कार्यकताओं को रोकने के लिए पूरी तरह नाकेबन्दी की हुई थी।

### चंडीगढ़ पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया

दरअसल, चंडीगढ़ पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर जब कार्यकताओं को आगे बढ़ने से रोका तो कार्यकताओं का आक्रोश और अधिक बढ़ गया। कार्यकताओं ने बैरिकेड्स क्रॉस करने की कोशिश की। जहाँ इस बीच इन्हें रोकने के लिए चंडीगढ़ पुलिस को काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। कार्यकर्ता आगे बढ़ने के लिए बैरिकेड्स उखाड़ते और पलटाते दिखे। जिसके बाद चंडीगढ़ पुलिस ने कार्यकताओं को इधर-उधर हटाने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया।

### वाटर कैनन से कार्यकर्ता थोड़ी देर तो रुके, फिर आगे बढ़े

आप कार्यकताओं को काबू करने के लिए इन पर वाटर कैनन से पानी की तेज बौछारें जब तक छोड़ीं गईं तब तक वो थोड़ी देर के लिए तो जरूर रुके, लेकिन इसके बाद फिर से आगे बढ़ने के लिए बैरिकेड्स पर आकर हावी हो गए। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिस बल ने बैरिकेड्स पर लाठियाँ बरसानी शुरू कर दी ताकि प्रदर्शनकारी बैरिकेड्स से दूर रहें। हालांकि, फिर भी कार्यकर्ता नहीं माने और बैरिकेड्स हटाने के लिए जोर लगाते रहे।

### छापेमारी के बाद ईडी ने संजय सिंह को उठाया

प्रदर्शन के दौरान मौजूद आमआदमी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बताया कि ईडी की टीम बीते बुधवार को सुबह से ही दिल्ली में संजय सिंह के घर पहुंच गई थी और छापेमारी कर रही थी। इस दौरान संजय सिंह से पूछताछ की गई। जिसके बाद शाम तक खबर आ गई कि ईडी ने संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, दिल्ली शराब नीति और घोटाला मामले की चार्जशीट में संजय सिंह का भी नाम है।

मालूम रहे कि, इसी मामले में पहले से ही आप नेता और पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया तिहाड़ जेल में बंद हैं। सीबीआई ने सिसोदिया को 26 फरवरी को करीब 8 घंटे की पूछताक्ष के बाद गिरफ्तार किया था। इसके बाद ईडी ने सिसोदिया को इस मामले में नौ मार्च को गिरफ्तार किया। सिसोदिया को अब तक जमानत नहीं मिल पाई है।

### कुछ नहीं मिला, आकाओं के कहने पर गिरफ्तार कर लिया

उन्होंने बताया कि दिल्ली में संजय सिंह की गिरफ्तारी पर उनके पिता दिनेश सिंह ने सूचना दी कि ईडी की टीम ने उनके घर में लंबे समय तक छापेमारी की लेकिन टीम को कुछ नहीं मिला।

### मोदी सिर से लेकर पांव तक भ्रष्टाचार में डूबे- केजरीवाल

संजय सिंह की गिरफ्तारी पर केजरीवाल ने पीएम



मोदी पर सीधा हमला बोला है। केजरीवाल ने कहा कि, पीएम मोदी सिर से लेकर पांव तक भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। आजाद भारत के सबसे भ्रष्ट प्रधानमंत्री हैं पीएम मोदी। कल जब इनकी सरकार नहीं रहेगी और इनकी जांच होगी तो देखना कितने भ्रष्टाचार के मामले निकल आएंगे। केजरीवाल ने कहा कि, संजय सिंह ने उनके भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे बुलंद आवाज की थी इसीलिए गिरफ्तारी करवा दी। लेकिन संजय सिंह शेर हैं, वह घबराने वाले नहीं हैं। हम डरेंगे नहीं, फिर जो भी खामियाजा भुगतना पड़े।

उधर आप मंत्री आतिशी ने भी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा "मैं बीजेपी, उनके प्रवक्ता और उनकी एजेंसियों को चुनौती देती हूं कि कोई भी प्रमाण रखें और बताएं एक रुपया भी जो संजय सिंह के घर से मिला हो, जिसके आधार पर उन्हें गिरफ्तार किया गया... वे बताएं कि उन्हें संजय सिंह के घर से कितने सोने के बिस्किट, कितनी नकदी मिली?... उन्हें संजय सिंह के घर से कुछ नहीं मिला..." संजय सिंह की गिरफ़्तारी बिलकुल गैर कानूनी है। ये मोदी जी की बौखलाहट दशार्ता है। चुनाव तक ये कई और विपक्षी नेताओं को गिरफ़्तार करेंगे।

### विपक्ष बोला- ईडी-सीबीआई बीजेपी की शाखाएँ

इधर, आप के साथ-साथ अन्य विपक्षी पार्टियां भी संजय सिंह की गिरफ्तारी को लेकर पीएम मोदी और उनकी सरकार को घेरने में लग गई हैं। विपक्षी पार्टियों का कहना है कि, सच बोलने के लिए ये बदला लिया जा रहा है। कोई सच बोलेगा तो उसके पीछे बीजेपी की ईडी- सीबीआई शाखा पीछे पड़ जाती है। लेकिन ये तानाशाही अब ज्यादा दिन नहीं चलने वाली... जनता सब देख रही है और चुनाव में इसका हिसाब करेगी

तब उन्होंने बताया कि अगर किसी को कुछ नहीं मिल रहा, तो वह लंबा टटोलेगा ही। ईडी को कुछ नहीं मिला, इसलिए छापेमारी में समय लगा। पदाधिकारियों ने कहा कि, संजय सिंह की गिरफ्तारी सिर्फ और सिर्फ ऊपर बैठे आकाओं के कहने पर की गई है। ईडी ने वही किया जो केंद्रीय सरकार की ओर से कहा गया।

# एफआईआर में जाति-धर्म के जिक्र पर पुलिस के जवाब से असंतुष्ट हाई कोर्ट, डीजीपी ने दायर किया हलफनामा

विनोद कश्यप
प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, अक्टूबर पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट की असंतुष्टी के बाद हरियाणा पुलिस ने राज्य में अपने फील्ड स्टाफ से कहा है कि वे कुछ विशिष्ट आपराधिक मामलों को छोड़कर एफआइआर/पुलिस कार्यवाही में संदिग्ध/आरोपित/सूचना देने वाले व्यक्ति के धर्म का




उल्लेख ना करें। जिन मामलों में राज्य पुलिस धर्म का उल्लेख करना जारी रखेगी, उनमें वह मामले भी शामिल होंगे कि जब मुखबिर/शिकायतकर्ता से सूचना/शिकायत प्राप्त करने के बाद एफआइआर दर्ज की जाती है। यदि सूचना/शिकायत में संदिग्ध/अभियुक्त या किसी अन्य व्यक्ति के धर्म का उल्लेख किया गया है, तो एफआइआर की सामग्री में उसका उल्लेख करना आवश्यक है।

इसी तरह राज्य पुलिस उन मामलों में धर्म का उल्लेख करना जारी रखेगी, जो दंगों तथा धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने से संबंधित हैं। पुलिस के अनुसार किसी धार्मिक समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने या उनके पूजा स्थलों को अपवित्र करने के मामलों में, सूचना देने वाले/शिकायतकर्ता या पीड़ितों और उन संदिग्ध आरोपित व्यक्तियों के धर्म का धारा 295 के तहत एफआइआर दर्ज करते समय उल्लेख किया जाना आवश्यक है।

किसी संदिग्ध/अभियुक्त के धर्म का उल्लेख करना उन्हें पकड़ने के उद्देश्य से विशेष रूप से सहायक होता है। इस प्रकार पुलिस कार्यवाही करते समय ऐसी स्थितियां उत्पन्न होती हैं, जहां सही पहचान स्थापित करने और किसी भी निर्दोष की गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपित या संदिग्ध के धर्म का उल्लेख करना अनिवार्य हो जाता है।

### डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने हाईकोर्ट में दायर किया हलफनामा

एक याचिका के जवाब में डीजपी शत्रुजीत कपूर ने हाई कोर्ट में हलफनामा दायर कर यह जानकारी दी है। कोर्ट ने इस बात पर संज्ञान लिया था कि हरियाणा पुलिस एफआइआर और अन्य पुलिस कार्यवाही में आरोपित के धर्म का उल्लेख कर रही है। 29 अगस्त को हाई कोर्ट ने राज्य के डीजीपी को एफआइआर में धर्म का उल्लेख करने की ऐसी प्रथा को रोकने का निर्देश दिया था व हलफनामा दायर करने का आदेश दिया था।

### कोर्ट हलफनामे से संतुष्ट नजर नहीं आई कई मामलों में जाति-धर्म का उल्लेख है जरूरी- डीजीपी

हाई कोर्ट ने बेहतर हलफनामा दायर करने का सरकार को दिया आदेश, डीजीपी ने कहा कि कई मामलों में एफआइआर में जाति-धर्म का उल्लेख करना जरूरी है।

# सम्पत्ति पंजीकरण के लिए प्रतीक्षा अवधि कम करने की दिशा में कदम

## ऑनलाइन ई- अपॉइंटमेंट सेवा विस्तार का लिया गया निर्णय

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, 05 अक्टूबरः हरियाणा सरकार ने सार्वजनिक सुविधा में सुधार एवं संपत्ति पंजीकरण के लिए प्रतीक्षा समय को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य की सभी तहसीलों और उप-तहसीलों में ऑनलाइन ई-अपॉइंटमेंट सेवाओं के विस्तार का निर्णय लिया गया है। इस विस्तार के उपरांत सभी जिला में ई-अपॉइंटमेंट की संख्या बढेगी तथा साथ ही तत्काल ई-अपॉइंटमेंट की संख्या में भी वृद्धि होगी। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से यह निर्णय संपत्ति पंजीकरण कार्य की मात्रा, आय की भूमिका और जनता के सर्वोपरि हित को देखते हुए लिया




गया है। इसका उद्देश्य संपत्ति हस्तांतरण दस्तावेजों को निष्पादित करने के इच्छुक लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों को कम करते हुए एक आसान और अधिक कुशल प्रक्रिया सुनिश्चित करना है।

सरकार की ओर से लिए गए इस निर्णय के निर्बाध कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु सभी उप-पंजीयक और संयुक्त उप-पंजीयक निर्धारित निदेर्शानुसार कार्य करें। उन्होंने कहा कि बढ़ी हुई ई-अपॉइंटमेंट सेवाओं के बारे में जानकारी तहसील परिसर के अंदर नोटिस बोर्ड पर प्रमुखता से प्रदर्शित की किया जाए। ऑनलाइन ई-अपॉइंटमेंट सेवाओं में यह वृद्धि सार्वजनिक सेवाओं में सुधार और बाधाओं को कम करने और राज्य भर के नागरिकों को लाभान्वित करने की हरियाणा सरकार की प्रतिबद्धता दशार्ती है।

उन्होंने बताया कि संपत्ति पंजीकरण प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से एक और महत्वपूर्ण कदम में, हरियाणा सरकार ने संपत्ति पंजीकरण कार्य करने के लिए उपमंडल अधिकारियों (सिविल) और जिला राजस्व अधिकारियों को अधिकृत किया है।

### एयर टिकट बुकिंग के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले ट्रैवल कंपनी का आरोपी कर्मचारी मोबाईल सहित पुलिस ने किया गिरफ्तार

**विनोद कश्यप**
**प्रभारी दैनिक समाज जागरण**
**पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़ अक्टूबरः हरियाणा के गुरुग्राम पुलिस ने एयर टिकट बुकिंग के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला ट्रैवल कंपनी का आरोपी कर्मचारी मोबाईल फोन सहित पकड़ने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आईजी टी सोलूसन प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी के मैनेजर ने थाना साईबर पश्चिम, गुरुग्राम में शिकायत देकर उनकी कम्पनी एयर इंडिया एयरलाइंस के लिए कॉल सेंटर के द्वारा टिकट बुकिंग, कस्टमर सर्विस तथा रिफंड का काम करती है। कंपनी के कुछ कर्मचारी व कुछ ट्रैवल एजेंटों ने मिलकर इनकी कंपनी की यूजर आईडी व पासवर्ड का युज करके टिकट बुक करके प्राप्त पेमेंट को कंपनी के खाते में ट्रांसफर न करके धोखाधड़ी से किसी अन्य खाते में जमा कर दी।

जिस पर कार्रवाई करते हुए साइबर क्राइम ने धोखाधड़ी सहित आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस जांच में विपिन अहलावत एसीपी साइबर के नेतृत्व में निरीक्षक सवित कुमार, प्रभारी पुलिस थाना साईबर अपराध पश्चिम, गुरुग्राम की पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए उपरोक्त मामले में रोशन मिश्रा उर्फ राधे मोहन उर्फ राजा गांव धर मंगता, जिला गोपाल गंज, बिहार को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि यह आईजी टी सोलूसन प्राईवेट लिमिटेड में नौकरी करता था। इसी दौरान ही इसने एयर इंडिया एयरलाईन्स की टिकट बुक करने का कार्य किया व फर्जी तरीके से उस पैसे को कंपनी के अकाउंट मे ना डलवाकर व लुप होल का फायदा उठाकर अपने अकाउंट में ट्रांसफर करके करीब एक करोड रुपए का फ्रॉड किया था। इस अभियोग में 01 अन्य आरोपी भागीरथ को पहले ही पुलिस टीम गिरफ्तार कर चुकी है।


# मनी लॉन्ड्रिंग में मनीष सिसोदिया आरोपी क्यों ?, सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की जांच पर पूछे सख्त सवाल

**विकास सुखीजा संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा**

गुड़गांव 05 अक्टूबर : शराब नीति मामले में जेल मइें बंद मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट मे सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय को सबूत पेश करने को कहा। कोर्ट ने ये भी कहा कि अभी तक के सबूतों के आधार पर सिसोदिया के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला नहीं बनता है। इस मामले में अगली सुनवाई अब 12 अक्टूबर को होगी।

जस्टिस संजीव खन्ना ने ईडी से पूछा कि सरकारी गवाह के बयान पर कैसे भरोसा करेंगे..? क्या जांच एजेंसी ने सरकारी गवाह की सिसोदिया को मिली घूस पर चर्चा देखी थी..? क्या ये बयान कानून में स्वीकार्य होगा..? क्या ये सुनी-सुनाई यानी बात तो नहीं है..?

सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से पूछा कि अगर मनी ट्रेल में मनीष सिसोदिया की भूमिका नहीं है, तो मनी लांड्रिंग में सिसोदिया को आरोपी बनाकर कैसे शामिल किया और क्यों? सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से कहा कि आपकी दलील तो एक अनुमान है, जबकि ये सब कुछ सबूतों पर आधारित होना चाहिए। वरना अदालत में जिरह होने पर यह केस दो मिनट में ही गिर जाएगा। इस पर ईडी ने कहा कि नई शराब नीति कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से बनाई गई थी, टिकट बुकिंग और होटल बुकिंग से पता चलता है कि विजय नायर हैदराबाद गए थे।



सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई से पूछा कि सबूत कहां हैं...? अप्रूवर के बयान के अलावा, क्या कोई अन्य सबूत है? साथ ही कहा कि आपको घटनाओं की एक सीरीज स्टैबलिश करनी होगी। इतना ही नहीं कोर्ट ने पूछा कि अपराध की आय कहां है..? सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसा नहीं लगता कि मनीष सिसौदिया इस सब में शामिल हैं। विजय नायर हैं, लेकिन मनीष सिसौदिया नहीं हैं। आप उसे मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत कैसे लाए? उसके पास पैसा नहीं जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शराब नीति में बदलाव हुआ है, व्यापार के लिए अच्छी नीतियों का हर कोई समर्थन करेगा। नीति में बदलाव गलत होने पर भी कोई फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि अगर नीति गलत भी है और उसमें पैसा शामिल नहीं है, तो यह अपराध नहीं है। पैसे वाला हिस्सा ही अपराध बनाता है। क्या पैसों का लेन-देन हुआ था? क्या रिश्वत दी गई थी...?

सुप्रीम कोर्ट ने जांच पर सवाल उठाते हुए ईडी से कहा कि क्या आपके पास यह दिखाने के लिए कोई डाटा है कि पॉलिसी कॉपी की गई थी और शेयर की गई थी? अगर प्रिंट आउट लिया गया था, तो डाटा उसे दिखाएगा। इस आशय का कोई डाटा नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसी से कहा कि इसमें तथ्यात्मक अशुद्धियां हैं। 15 तारीख को दस्तावेज तैयार किया गया था और तब नीतियों को बदला नहीं गया था। 15 तारीख को लिकर ग्रुप का कोई भी व्यक्ति सिसौदिया से नहीं मिला। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सिर्फ अप्रूवर के बयानों के आधार पर कहा जा रहा है कि रिश्वत दी गई थी। आपके मामले के अनुसार मनीष सिसौदिया के पास कोई पैसा नहीं आया, तो लिकर ग्रुप से पैसा कैसे आया।

### फरवरी से जेल में बंद हैं सिसोदिया

बता दें कि दिल्ली शराब घोटाले में सीबीआई और ईडी ने मनीष सिसोदिया को आरोपी बनाया है। सीबीआई ने मनीष सिसोदिया के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधी कानून और ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत मामला दर्ज किया है। मनीष सिसोदिया पर आरोप है कि दिल्ली में शराब नीति बनाते वक्त कई धांधली की गईं। मनीष सिसोदिया को 26 फरवरी को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था और वह तब से ही जेल में बंद हैं।

# आईटीआई बरवाला में लगाया नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कैंप

## इस तरह के कैम्पो में प्रशिक्षण प्राप्त करने से बढ़ता है आत्मविश्वास -- रमेश झाझरिया

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) : आईटीआई बरवाला के प्रांगण में उपनियंत्रक व तहसीलदार शालिनी लाठर के दिशा निदेर्शानुसार नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कैंप लगाया गयो इस कैंप में सिविल डिफेंस प्रशिक्षक व सब इंस्पेक्टर रमेश झाझरिया द्वारा छात्र-छात्राओं को आग, भूकंप, बाढ़, रेस्क्यू, यातायात, सांप, गांठे लगाना, महामारी, आपातकालीन बचाव के तरीके व प्राथमिक सहायता के गुर सिखाए गए और प्रशिक्षण देकर ट्रेंड बनाया गयो इस प्रशिक्षण कैम्प के प्रति छात्र-छात्राओ में काफी उत्साह देखने को मिलो इस कैंप से छात्र-छात्राओं को काफी कुछ सीखने को मिलो इस कैंप के प्रशिक्षण से ट्रेंड हुए छात्र छात्राओ ने बताया कि इस कैंप से प्राप्त प्रशिक्षण से वो प्रत्येक आपातकालीन परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार है सब इंस्पेक्टर रमेश झाझरिया ने अपने संबोधन ने कहा कि इस तरह के कैंपो में भाग लेने से छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और वो निडर बन जाते हैं इस दौरान सब इंस्पेक्टर रमेश झाझरिया द्वारा अपने निजी कोष से इस कैंप में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले प्रथम और द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार प्रदान करके सम्मानित किया गयो इस अवसर पर प्रिंसिपल प्रवीण डाबला, महावीर बांगड, अर्चना भारद्वाज, सुरेश रानी व जयपाल आदि मौजूद रहे



# श्रीराम मित्र मंडल नोएडा द्वारा सेक्टर 62 के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली रामलीला की तैयारियां जोरों से चल रही है

नोएडा। सेक्टर 62 के रामलीला मैदान में श्रीराम मित्र मंडल नोएडा द्वारा आयोजित होनेवाली श्रीरामलीला महोत्सव 2023 की तैयारियां जोरों से चल रही है। तैयारियों की जानकारी देते हुए श्रीराम मित्र मंडल नोएडा के महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि मंच के निर्माण का कार्य जोरों से चल रहा है। पुतला बनाने का भी काम चल रहा है।

महोत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के उद्देश्य से आज रामलीला मैदान में पुलिस अधिकारियों के साथ एक बैठक की गई। बैठक में सेक्टर-६२ चौकी प्रभारी संसार सिंह, समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गोयल, महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बजरंगलाल गुप्ता, राजकुमार गर्ग, राजेन्द्र गर्ग,अनिल गोयल, एस एम गुप्ता, किशनलाल आदि उपस्थित थे। श्रीराम मित्र मंडल रामलीला समिति हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सेक्टर 62 के रामलीला मैदान में श्रीरामलीला मंचन का भव्य आयोजन कर रही है।



महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि श्रीरामलीला महोत्सव और श्रीरामलीला मंचन का आयोजन 15 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक किया जाएगा।15 अक्टूबर को गणेश पूजन के साथ श्रीरामलीला मंचन शुरू होगा।19 अक्टूबर को श्रीराम बारात शोभायात्रा निकाली जायेगी।24 अक्टूबर को दशहरा उत्सव मनाया जायेगा एवं रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन होगा।25 अक्टूबर को श्रीराम-भरत मिलाप के साथ ही श्रीरामलीला महोत्सव का समापन हो जाएगा।

# महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने अनुसूचित बस्ती में जनसंपर्क और चौपाल कर गिनाई भाजपा सरकार की योजनाएं

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत चलाए जा रहे हैं अनुसूचित बस्ती संपर्क अभियान में आज



महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने पूर्व मंडल दो के अंतर्गत गजरहा पुरवा सेक्टर 8 अनुसूचित बस्ती में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान मनोज कुमारी के आवास पर जलपान किया और परिवार व क्षेत्रीय लोगों से भेंट कर पार्टी की योजनाओं के संबंध में चर्चा की। संपर्क के दौरान अनुसूचित मोर्चा महानगर अध्यक्ष विपिन सोनकर महामंत्री शैलू सोनकर और मंडल अध्यक्ष कृष्ण प्रताप सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।





आनंद द्विवेदी ने कहा कि भाजपा सरकार समाज के कमजोर वर्ग विशेष रूप से अनुसूचित जाति के समुदाय तक पहुंचने और उनके सशक्तिकरण के लिए बस्ती संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। सरकार कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है । भाजपा सरकार सभी के लिए सामाजिक न्याय सुनिश्चित कर बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर के सपने को पूरा करने का अथक प्रयास कर रही है।पिछले साढ़े नौ वर्षों के दौरान समाज के हर वर्ग के लाभ के लिए बड़ी संख्या में योजनाएं शुरू की गई हैं।

# बीजेपी और कांग्रेस छोड़कर आने वालों का इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी में लगा तांता



हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) हलका उकलाना में राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं जिला प्रभारी उमेद लोहान और जिला अध्यक्ष सतबीर सिंह सिसाय की अध्यक्षता में एक मीटिंग का आयोजन हुआ, जिसमें सुनील मलिक सचिव किसान मोर्चा भाजपा ने भारतीय जनता पार्टी छोड़कर बलराज सभ्रवाल प्रभारी इनेलो हल्का उकलाना के प्रयास से इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी में आस्था व्यक्त की , राष्ट्रीय प्रवक्ता उमेद लोहान ने पार्टी का पटका पहनाकर उन्हे इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी ज्वाइन करवाई, उसी के साथ ही सैकड़ो युवाओं ने भी बीजेपी और कांग्रेस पार्टी को अलविदा कहकर चौधरी अभय सिंह चौटाला एवं इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी में अपनी आस्था व्यक्त की तथा पार्टी को मजबूत करने के लिए और चौधरी अभय सिहँ चौटाला को मुख्यमंत्री बनने के लिए दिन रात मेहनत करने का आश्वासन दिया, इस अवसर पर हल्का अध्यक्ष कलीराम खेदड, हलका प्रभारी बलराज सभ्रवाल, जिला महिला अध्यक्ष ललिता टाक, जिला शहरी अध्यक्ष नरेंद्र घणघस, जिला शहरी महिला अध्यक्ष किरण बाला, सभी जोनों के जोन अध्यक्ष जिनमें चरण सिहँ बालक, विरेन्द्र सौथा, सुभाष किरमारा, मुकेश लितानी, रणबीर नैण, सतबीर चमारखेडा, सुभाष खरक पुनियाँ, सर्वण राठौर, विकास भेरिया, तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता अशोक पूनिया, सचीन कुन्डु, सत्यनारायण सिहाग, राजा पुनिया, राजकुमार सिहाग सरपंच, अत्तर सिहँ नम्बरदार, राजकुमार हसनगढ, वीरेंद्र नैण कुलेरी, जयसिहँ, सूरजमल काजला नगंथला, बलबीर भाम्भु सरपंच, बलजीत ढुकिया सरपंच, मुकेश बाल्मिकी, सिताराम जाखड, भूप सिहँ मुंड़, दौलतराम बेनीवाल, सुभाष लाग्यान, ओमा बिठमडा, प्रहलाद शर्मा, गिरधारी, सत्यवान कनोह, सत्यवान किरोडी, विजय सुरेवाला, डा० नरेश भान्खोड, डा० सत्यवान दहिया, रामेश्वर, सुनील गोस्वामी, राजकमार वर्मा, जस्सा , प्रदीप कनोंह तथा सैंकडों वरिष्ठ कार्यकर्ता मीटिंग में मौजूद रहे , राष्ट्रीय प्रवक्ता उमेद लोहान एवं जिला अध्यक्ष सतबीर सिंह सिसाय ने बताया की 15 सितंबर को चौधरी अभय सिहं चौटाला की रथ यात्रा हलका उकलाना से शुरू होगी, जिसमें मुख्य रूप से चमारखेड़ा, बिठमड़ा, ब्याना खेड़ा, दौलतपुर, नंगथला व लांधडी में प्रोग्राम होगें, जिनमें सभी कार्यकताओं से ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रोग्राम में आमंत्रित करने की अपील की, हल्का अध्यक्ष एवं हल्का प्रभारी ने आश्वासन दिलवाया की हम सभी मिल कर हलका उकलाना में रथ यात्रा को सफल बनाएंगें।

# एशियन गेम्स में हरियाणवी खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी, 7 गोल्ड सहित अब तक जीते 21 मेडल

चंडीगढ़(संदीप शर्मा) - चीन में चल रहे एशियन गेम्स में हरियाणा के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। अब तक भारतीय खिलाड़ियों ने कुल 84 मेडल जीते हैं, इनमें 21 मेडल हरियाणा के खिलाड़ियों के नाम हैं। 7 गोल्ड, 3 सिल्वर और 11 ब्रॉन्ज मेडल लेकर हरियाणा के खिलाड़ी देश की पदक तालिका में काफी आगे बने हुए हैं। महिला हो या पुरुष खिलाड़ी हर खेल में प्रदेश के युवा छाए हुए हैं।

एशियन गेम्स में जेवलिन थ्रो में वर्ल्ड चैंपियन नीरज चोपड़ा ने भारत के लिए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। पानीपत के रहने वाले नीरज चोपड़ा ने सीजन के सर्वश्रेष्ठ 88.88 मीटर थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता। निशानेबाजी में हरियाणा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। 10 मीटर एयर पिस्टल टीम इवेंट में फरीदाबाद के शिवा नरवाल ने गोल्ड मेडल जबकि अंबाला जिले के रहने वाले सरबजोत सिंह ने 10 मीटर पिस्टल टीम इवेंट में स्वर्ण पदक और मिक्स्ड में सिल्वर पदक हासिल किया। 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल में फरीदाबाद के आदर्श सिंह ने टीम इवेंट में ब्रॉन्ज और करनाल के अनीश भानवाला ने ब्रॉन्ज मेडल जीता है। वहीं 25 मीटर स्पोट्स पिस्टल में फरीदाबाद की रिदम सांगवान और झज्जर की मनु भाकर ने गोल्ड पर निशाना साधा। शूटिंग में ही 10 मीटर एयर पिस्टल में झज्जर की पलक ने व्यक्तिगत श्रेणी में गोल्ड और टीम इवेंट में सिल्वर मेडल हासिल किया। इसी स्पर्धा में कुरुक्षेत्र की रमिता ने टीम इवेंट में सिल्वर और व्यक्तिगत श्रेणी में ब्रॉन्ज मेडल पर निशाना लगाया।

क्रिकेट में भारतीय महिला टीम ने गोल्ड पर कब्जा जमाया, इस टीम में रोहतक की शैफाली वर्मा शामिल थीं। वहीं यमुनानगर के गांव शाहपुर के युवा खिलाड़ी परमिंदर सिंह ने रोइंग क्वाड्रपल स्कल में कांस्य पदक जीता। पंचकूला के आर्यन पाल सिंह घुमन ने पुरुषों की 3000 मीटर स्पीड स्केटिंग रिले रेस में कांस्य पदक जीता है। एथलेटिक्स में सोनीपत की सीमा पूनिया ने डिस्कस थ्रो में ब्रॉन्ज मेडल जबकि महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में फरीदाबाद की प्रीति लांबा ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके अलावा रोहतक की प्रीति पंवार ने बॉक्सिंग में 54 किलोग्राम भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। वहीं रोहतक के ही परवीन हुड्डा ने 57 किलोग्राम भार वर्ग में ब्रॉन्ज पर कब्जा जमाया। साथ ही हिसार के नरेंद्र बेरवाल ने बॉक्सिंग में 92 प्लस किलोग्राम भारवर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता। कुश्ती में सोनीपत के सुनील कुमार ने 87 किलो भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया।

## ' हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो प्रमुख श्री ओ.पी सिंह के दिशानिदेर्शों एवं मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध किया गया जागरुकता कार्यक्रम

# विद्यार्थियों ने नशा न करने की ली शपथ

पंचकूला(संदीप शर्मा)- हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रमुख व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री ओ.पी सिंह के दिशानिदेर्शों एवं मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक श्री शशांक कुमार सावन, कुमारी निकिता खट्टर एवं श्री अनिल कुमार के नेतृत्व में सम्पूर्ण हरियाणा में नशे के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। एक और अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है तो दूसरी और नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम चलाकर युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने का पाठ पढ़ाया जा रहा है।

इस कड़ी में आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरवाला में एक दिवसीय 12वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या पुनिता नेहरा की अध्यक्षता में 323 विद्यर्थियों एवं शिक्षकों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। विद्यार्थियों को नशे की परिभाषा से विस्तारपूर्वक अवगत कराते हुए डॉ. वर्मा ने बताया कि नशा मनुष्य के लिए अच्छा होता तो सबसे पहले हमारी माँ हमें सेवन के लिए देती। जो वास्तु माँ ने हमें सेवन के लिए नहीं दी, वह हमारे लिए विष के समान है। विभिन्न उदाहरण और काव्य एवं गायन द्वारा उन्होंने प्रतिबंधित नशे के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि इनका उत्पादन, सेवन, क्रय विक्रय और तस्करी नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक एक्ट के अंतर्गत दंडनीय अपराध है।





उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा वर्ष 2020 में हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो का गठन इस आशय से ही किया गया है ताकि हरियाणा राज्य को ड्रग फ्री किया जा सके। उन्होंने ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 90508-91508 का वर्णन करते हुए कहा कि इस पर नशा तस्करों की गुप्त सूचनाएं दी जा सकती हैं। नशे की लत में पड़ चुके लोग भी इस पर सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ब्यूरो द्वारा अभी तक सैकड़ों लोगों का नशा भी छुड़वाया गया है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने शपथ ग्रहण करते हुए कहा कि वे जीवन में किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे। प्राचार्या पुनीता नेहरा ने ब्यूरो के अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक बहुत ही आवश्यक और सराहनीय प्रयास है।

# सम्राट हेमचन्द्र विक्रमादित्य के राज्याभिषेक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के हरियाणा भवन में होगा भव्य समारोह

## हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल होंगे मुख्य अतिथि, केंद्रीय राज्य मंत्री श्री देवूसिंह चौहान होंगें विशिष्ट अतिथि

## समारोह में सम्राट हेमचन्द्र विक्रमादित्य की स्मृति में जारी की जाएगी डाक टिकट

चंडीगढ़(संदीप शर्मा) -हरियाणा सरकार द्वारा आगामी 7 अक्तूबर को नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में ह्यसंत महापुरूष सम्मान एवं विचार प्रसार योजनाह्न के अंतर्गत सम्राट हेमचन्द्र विक्रमादित्य के राज्याभिषेक दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि होगें जबकि केन्द्रीय संचार राज्यमंत्री श्री देवूसिंह चौहान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होगें। इस समारोह में सम्राट हेमचन्द्र विक्रमादित्य की स्मृति में एक डाक टिकट जारी कर विमोचन किया जाएगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए हरियाणा के सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल ने बताया कि राज्य सरकार की ह्यसंत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजनाह्न के तहत यह आयोजन किया जा रहा है। समारोह में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के सलाहकार प्रो. रविन्द्र शर्मा, केन्द्र सरकार के पूर्व सचिव श्री विश्वपति त्रिवेदी, दिल्ली सर्कल की चीफ पोस्ट मास्टर जनरल श्रीमती मंजू कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित होंगे।

### मध्यकालीन भारतीय इतिहास के 22 युद्धों में लगातार विजयी रहे सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य

सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य, जिन्हें हेमू के नाम से भी जाना जाता है, के संबंध में जानकारी देते हुए डॉ अमित अग्रवाल ने बताया कि आज से लगभग 450 वर्ष पहले, मध्यकालीन भारतीय इतिहास में, 22 युद्धों में लगातार विजयी रहे व अकबर की फौजों को हराकर दिल्ली की गद्दी पर बैठने वाले, सम्राट हेमचन्द्र विक्रमादित्य ऐसे हिन्दू राजा थे जिनमें वीरता, रणनीतिक कौशल और राजनीतिक दूर दृष्टि का अद्भुत मेल था। उन्होंने बताया कि कई इतिहासकारों ने उनकी शूरवीरता, निर्भीकता और सफलता के दृष्टिगत हेमू को मध्यकालीन भारत का नेपोलियन कहकर संबोधित किया है।

### रेवाड़ी में सम्राट हेमू ने अपनी शिक्षा ग्रहण की, विभिन्न भाषाओं का प्राप्त किया ज्ञान

डॉ. अमित अग्रवाल ने सम्राट हेमू के शुरूआती जीवन और हरियाणा के रेवाडी में आकर बसने के संबंध में प्रकाश डालते हुए बताया कि इतिहासकारों के अनुसार सम्राट हेमू का जन्म सन्‍ 1501 में राजस्थान के अलवर जिले के ह्यमछेरीह्न नामक एक गांव में राय पूर्ण दास के यहां हुआ था। इनके पिता पुरोहिताई का कार्य करते थे व सन्‍ 1516 में व्यापार करने के लिए मछेरी से रेवाड़ी चले आए। रेवाडी उन दिनों एक अच्छा-खासा व्यापार केन्द्र था और रेवाड़ी में रहते हुए ही सम्राट हेमू ने अपनी शिक्षा ग्रहण की और विभिन्न भाषाओं का ज्ञान प्राप्त किया।

### सम्राट हेमू ने एक ही दिन में अकबर की फौजों को हराकर दिल्ली की फतेह

उन्होंने बताया कि इतिहासकारों के अनुसार सम्राट हेमू ने अपने जीवनकाल के दौरान इटावा, काल्पी, बयाना आदि सूबों पर बडी ही सरलता से कब्जाकर कर वर्तमान उत्तर प्रदेश के मध्य एवं पश्चिमी भागों पर अपना नियंत्रण स्थापित कर लिया था। इसके बाद 6 अक्टूबर, 1556 को तुगलकाबाद के पास मात्र एक दिन की लडाई में हेमू ने अकबर की फौजों को हराकर दिल्ली को फतेह कर लिया। तत्पश्चात 7 अक्टूबर, 1556 को सम्राट हेमू का दिल्ली के पुराने किले (जो वर्तमान में प्रगति मैदान के सामने हैं) में अफगान तथा राजपूत सेना नायकों के सानिध्य में पूर्ण धार्मिक विधि-विधान से राज्याभिषेक किया गया।

### सम्राट हेमू ने उत्तर भारत में हिन्दू राज की स्थापना की

# विधायक बांधी ने किया ठाकुरदेवा, गिधपुरी मचहा और ओखर में लाखो के विकास कार्यों का भूमिपूजन

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख

बिलासपुर। मस्तुरी विधायक, ने बुधवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर कार्यकताओं से भेंट मुलाकात की सबसे पहले विधायक ग्राम ठाकुरदेवा पहुंचे और कार्यकताओं से भेंट वार्ता की इस दौरान उन्होंने ग्राम विकास में एक और कड़ी जोड़ते हुए ठाकुरदेवा में 6 लाख से निर्मित होने वाली सीसी रोड सड़क का भूमिपूजन किया

ग्राम गिधपुरी में 2 सामुदायिक भवन का लोकार्पण सहित दो नए सामुदायिक भवन कुल 6 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया इसके बाद मचहा में आहता निर्माण का लोकार्पण कर ग्राम वासियों की सुख सुविधाओं के लिए सोलर लाइट कार्य के लिए भूमिपूजन कर कार्य की शुरूआत की वही ओखर में सांसद मद से 10 लाख के सीसी रोड व विधायक निधि से 7 लाख व सेड निर्माण लागत 3.5 लाख का भूमिपूजन किया इस दौरान उन्होंने गांव के बड़े बुजुर्गो से नारियल फोड़वा कर कार्य का श्री गणेश करवाया लगातार क्षेत्र हो रहे विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों और कार्यकताओं ने उनका आभार प्रकट किया और डॉ.बांधी जिंदाबाद के नारे लगाए



कार्यक्रम में विधायक ने ग्राम के विकास सहित विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा की

कार्यक्रम में ग्राम गिधपुरी और मचहा में डॉ. बांधी के कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकताओं ने उपस्थित होकर उनका अभिनंदन किया इस दौरान मस्तूरी विधायक डॉ कृष्णमूर्ति बांधी ने कहा कि मस्तूरी के विकास से भूपेश सरकार को कोई लेना देना नही है मानिकपुर धूमा के लोग कई बार आंदोलन कर चुके है मेरे द्वारा भी कई बार विभाग के अधिकारियों से चर्चा की गई मगर कांग्रेस के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है।

उन्होंने आगे कहा कि भूपेश सरकार में बिना लेनदेन के कोई काम नहीं हो रहा है।

कांग्रेस नेता विश्व पशु दिवस की बधाई दे रहे है और मस्तूरी में उनके टिकिट के दावेदार के समर्थक गाय की तस्करी कर कमीशन वसूल रहे है। जो कांग्रेस के झूठे गौ प्रेम को दशार्ता है।

कांग्रेस नेता गायों की तस्करी का पैसा अपने आकाओं को भेज रहे है।।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने भाजपा को समर्थन देने की बात कही जिस पर बांधी ने फिर कहा कि आप का विश्वास ही मेरी ताकत है तो मेरी जिम्मेदारी को और बढ़ाता है। उन्होंने ग्रामीणों को मस्तूरी संपूर्ण विकास का भरोसा दिलाया।

आज कार्यक्रम के दौरान विधायक डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी सहित सरपंच गण भाजपा कार्यकर्ता समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता सम्पन्न,ताला विद्यालय ने मारी बाजी

समाज जागरण उमरिया /

जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता 2023 का आयोजन मुख्यालय स्थित शासकीय बालक उ.मा.वि. कालरी उमरिया में किया गया। इस प्रतियोगिता में 50 टीम पंजीकृत थी,परन्तु 47 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ताला की टीम ने अर्जित किया, द्वितीय स्थान शासकीय कुमार मंगलम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नौरोजाबाद रहा जबकि तृतीय स्थान पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरिया रहा।कार्यक्रम में वनमंडलाधिकारी उमरिया मोहित सूद, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ महेंद्र सिंह गौर तथा वन विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को वनमंडलाधिकारी मोहित सूद द्वारा प्रमाण पत्र एवं नगद ईनाम प्रदान किया गया। जैव विविधता के सफल आयोजन में बी. एस.मरावी प्राचार्य कालरी उमरिया उनके स्टाफ एवं क्विज मास्टर नागेंद्र सिंह तिवारी एवं अरविंद कुमार त्रिपाठी की भूमिका महत्वपूर्ण रही।



# रानी दुर्गावती जयंती पर अभाविप बुढार धनपुरी ने संगोष्ठी का आयोजन किया

शहडोल 5 अक्टूबर रानी दुर्गावती जी के जन्म जयंती के अवसर पर अभाविप बुढार धनपुरी ने पूरे हर्षोल्लास के साथ जयंती मनाई। जयंती में लगभग नेहरू डिग्री महाविद्यालय के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत रानी दुर्गावती जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। फिर मंच में बैठे अतिथियों का उद्बोधन क्रमशः हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नेहरू डिग्री महाविद्यालय के गणित विभाग के प्राध्यापक बीएन उपाध्याय जी ने बताया कि किस प्रकार दुर्गावती जी ने अंग्रेजी के सामने संघर्ष किया और आज की महिलाएं उनसे क्या प्रेरणा ले सकती है। अगली कड़ी में मुख्य अतिथि हिंदी विभाग के प्राध्यापक प्रो कमलेश प्रजापति ने बताया कि रानी दुर्गावती जी ने अपने बेटे को साथ लेकर युद्ध लड़ा था और किस प्रकार उनकी मृत्यु हुई। फिर एबीवीपी के पूर्व विभाग संयोजक रविराज साहू जी ने बताया कि आधुनिक युग में महिलाएं किस प्रकार पुरुषो को टक्कर दे रही है एवम संसद में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। कार्यक्रम के अंतिम कड़ी में सभी छात्र छात्राओं ने रानी दुर्गावती जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया। कार्यक्रम का सफल संचालन एबीवीपी भाग संयोजक नवनीत शर्मा ने की। कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर ईकाई बुढार धनपुरी के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्चुअल रूप से किया माडल जैतखाम निर्माण का शिलान्यास

## राज महंत राजेश्वर भार्गव सभापति जिला पंचायत बिलासपुर हुए शामिल

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख



बिलासपुर । रायगढ़ में आयोजित भरोसा के सम्मेलन के माध्यम से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी मल्लिक-ाअर्जुन खरगे और जगतगुरु गुरु रुद्र कुमार गुरु ने छत्तीसगढ़ के 82 विकास खण्ड में परम पूज्य गुरूघासी दास बाबा जी का सत्य की प्रतीक जैतखाम स्वेत झंडा फ-हराने के लिए समस्त मानव समाज को सत्य का निशानी का भूमिपूजन सभी समाज के साथ छत्तीसगढ़ के भरोसे की सरकार समेल्लन में किया इस अवसर पर जगतगुरु गुरु रूद्र-कुमार गुरू के आदेश पर बिलासपुर जिला के सभी राजमहंत मंथन सभा कक्ष बिलासपुर में उपस्थित होकर भूमिपूजन समारोह का गवाह बनकर सत्य मार्ग पर चलने का आह्वान किया जिसमें राजमहंत राजेश्वर भार्गव सभापति ज़िला पंचायत बिलासपुर साथ में राजमहंत दशेराम खाण्डे राजमहंत उमादत्त घृतलहरे राजनारायण निराला भारत सिंह खांण्डेकर लखनटंडन भुलाऊराम कुर्रे पूर्व विधायक मस्तूरी दिलीप लहरिया सेवा सहकारी मर्यादित बैंक बिलासपुर संभाग के अध्यक्ष प्रमोद नायक जिला कलेक्टर जिला मुख्यकार्यपान अधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष टंडन अशोक सिंह रामनारायण राठौर के साथ साथ समस्त समाज प्रमुख अधिकारी कर्मचारी व मिडिया के साथी समिल्लित रहे कांग्रेस सरकार भरोसा के सरकार फिर से आगामी भूपेश सरकार का आना तय है ।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं पीएचसी में दवाइयां की कमी, रोगियों की आफत

समाज जागरण अनूपपुर

अनूपपुर जिला अंतर्गत संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आये दिन दवाईयों की अनुपलब्धता बनी रहती है। जिसके चलते स्वास्थ्य केन्द्रो में आने वाले ग्रामीणों को दवाईयां बाहरी निजी मेडिकल स्टोरों से खरीदनी पड़ रही है। इस आशय की एक शिकायत संभाग आयुक्त से की गई है।शिकायतकताओं ने आयुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताया है कि शासन की योजना अस्पताल आए रोगियों को निः शुल्क उपचार उपलब्ध कराने की है, जबकि जिला स्वास्थ्य विभाग भंडार शाखा के अमले की स्वेच्छाचारिता के कारण गरीबों को दवाओं से वंचित होना पड़ रहा है।

## दवाओं की सप्लाई नहीं

ग्रामीण अंचलों में संचालित स्वास्थ्य केन्द्रो एक अर्से से दवाओं की सप्लाई नहीं की गई में है। इन केंद्रों में कुछ नाममात्र की ही दवाएं मिलती हैं। पदस्थ कर्मचारियों से जब भी दवाईयों के संबंध में पूछा जाता है तो, उनका कहना रहता है कि जब जिले से मिलेगी, तब तो हम उपलब्ध करायेंगे। दवाओं के लिए कई बार बड़े अधिकारियों को जानकारियां दी गई हैं। लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। दवाओं की कमी के कारण आदिकवासी गरीब बजार से दवाएं खरीदने को विवश है। अमले की स्वेच्छाचारिता के कारण गरीब रोगी शासन की योजना से वंचित है।

## फर्मासिस्ट की तानाशाही

जानकारी मिली कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के भण्डार शाखा में फार्मासिस्ट पदस्थ हैं। इनके पास दवाईयों के क्रय करने के भी अधिकार है। लेकिन इनके द्वारा दवाओं के मामले में लापरवाही बरती जा रही है। इनके लिए दवाओं की उपलब्धता से अधिक अपने लाभ मायने रखते हैं। इस मामले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भी कुछ नहीं बोल रहे हैं। माना जाता है कि उनकी शह पर ही फार्मासिस्ट मनमानी कर रहा है।

## अन्य मामलों में होता है खर्च

विभाग को जो दवाईयों के लिए बजट उपलब्ध होता है, उस बजट से अन्य सामग्री खरीद ली जाती है। श्री मिश्रा लगभग 8 वर्षों से अनूपपुर जिले में पदस्थ होने के चलते विभागीय अधिकारियों को अपने पक्ष में रखकर यह खेल कर रहे हैं। इसके अलावा इनके द्वारा अपने रिश्तेदारों की फर्मों को भी उपकृत करा रहे हैं। जिनसे की गई खरीदी के भी बिल विभाग से पास जमा किये गये हैं। जो नियमविरुद्ध हैं। बीते वर्षों में इन्होंने विभाग में पदस्थापना के बाद आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है। लगातार इनकी लापरवाही के चलते चिकित्सा विभाग में पदस्थ` कर्मचारी के अलावा आमजन परेशान हैं। पूर्व में भी जांच के दौरान कई लापरवाहियां सामने आ चुकी है। आयुक्त से मांग की गई कि पूरे मामले में जांच कराई जाए।

# बॉक्सिंग में बुढार की बेटी ने शहडोल जिले का नाम किया रोशन

खेलो एमपी यूथ गेम मे शहडोल जिले के एक छोटे से क्षेत्र बुढार की लड़की अदिति द्विवेदी जो की बुढार के आदर्श कालोनी की रहने वाली है जिनके पिता अंबुज द्विवेदी और माता डॉ. अनुपमा द्विवेदी ने अपने बेटी की रुचि को देखते हुऐ उनको बॉक्सिंग एकेडमी में एडमिशन कराया जो की नेहरु डिग्री महाविद्यालय बुढार के खेल मैदान में चलती है जहा पर नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट और शहडोल जिला बॉक्सिंग कोच शिवांगी विश्वकर्मा द्वारा बच्चो को बॉक्सिंग की ट्रेनिंग दी जाती है उस छोटे से एकेडमी से निकल कर अदिति द्विवेदी द्वारा खेलो एमपी यूथ गेम्स में ब्रोंज मेडल प्राप्त कर अपने जिले एवम अपने क्षेत्र के साथ-साथ अपने माता-पिता एवं अपने कोच और अपने अकादमी का भी नाम रोशन किया अदिति द्विवेदी ने अपने इस जीत का श्रेय अपने कोच शिवांगी विश्वकर्मा एवं अपने माता-पिता भाई बहन को दिया



# केवट समाज विकास समिति ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन शॉप, जातिप्रमाण पत्र से रायकवार विलोपित करने की मांग की

अनूपपुर जिले में सैकड़ो की संख्या में केवट समाज के लोगों ने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा कर जाति प्रमाण पत्र से रैकवार को विलोपित कर उसकी जगह पर केवट जाति लिखने की मांग की गई हैं।



ज्ञापन में उल्लेख किया है कि केवट जाति जिला अनूपपुर संभाग शह-डोल के पुश्तैनी निवासी हैं। सन 2011-12 के बाद स्थाई जाति प्रमाण पत्र में जाति केवट रैकवार लिखा जा रहा है। जबकि रैकवार जाती जिला अनूपपुर संभाग शह-डोल के निवासी नहीं है। केवट जाति माझी से संबंध पर्याय जाती है लेकिन मध्य प्रदेश राज्य के लिए अधिसूचित अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची क्रमांक 12 में विनिर्दिष्ट की गई जबकि माझी जाति को सूचित जनजाति वर्ग सूची में क्रमांक 29 में विनिर्दिष्ट की गई हैं। उन्होंने मांग हैं की अनूपपुर जिले में निवासी समस्त केवट जाति के स्थाई जाति प्रमाण पत्र से रैकवार विलोपित कर केवट (रैकवार) के स्थान पर केवट ( मांझी ) जाति प्रमाण पत्र जारी कराया जाए।

उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश शासन जनजाति कार्य विभाग मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा गठित विशेष समिति द्वारा अनुशंसा की गई थी कि ढीमर , कहार ,भोई, केवट ,निषाद , मल्लाह जातियों को अनुसूचित जनजाति की अनुसूची की मांझी जाति के समक्ष सम्मिलित की जाए ,लेकिन अभी तक भारत सरकार ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की ।

# मुख्यमंत्री ने शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

समाज जागरण शहडोल।प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज शहडोल जिले के प्रवास के दौरान शहडोल रेलवे स्टेशन से शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस ट्रेन सेवा को प्लेटफार्म नम्बर-3 से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गौरतलब है कि शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस ट्रेन सेवा प्रतिदिन शहडोल से नागपुर के लिए प्रातः 6:00 बजे चलाई जाएगी। साथ ही इस ट्रेन सेवा के प्रारंभ हो जाने से शहडोल संभाग सहित क्षेत्र के लोगों को नागपुर तक आने जाने के लिए आसानी होगी।

इस अवसर पर सांसद हिमाद्री सिंह, अध्यक्ष महिला वित्त विकास निगम अमिता चपरा, विधायक जयसिंह मरावी, मनीषा सिंह, शरद कोल, एडीजी डीसी सागर, कलेक्टर वंदना वैद्य, पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक, रेलवे विभाग के डीआरएम प्रवीण पाण्डेय, एआरएम प्रसन्ना लोध, जनप्रतिनिधि कमल प्रताप सिंह, पूर्व अध्यक्ष जनजातीय आयोग नरेन्द्र मरावी, रामदास पुरी, पूर्व विधायक प्रमिला सिंह, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष उर्मिला कटारे सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**विधायक ने किया सड़क निर्माण का भूमिपूजन**

उमरिया जिला मुख्यालय के खलेसर नाका के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 43 से लेकर राधा स्वामी सत्संग भवन तक सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह ( लल्लू भैया) द्वारा किया गया उक्त सड़क ग्रामीण यांत्रिकी विभाग द्वारा तकरीबन 9 लाख रूपए की लागत से बनवाई जा रही है।

# अवैध शराब व्यापार और पैकारी पर रोक लगाने में विभाग मौन

उमरिया, । जिले के अंतर्गत उमरिया जिला मुख्यालय मानपुर ,चंदिया, करकेली, पाली, नौरोजाबाद, घुनघुटी के अलावा अनेक स्थानों में अवैध शराब व्यापार और शराब की पैकारी जोरों पर चल रही है तो दूसरी तरफ अवैध शराब व्यापार को कंट्रोल करने वाला आबकारी विभाग मौन नजर आ रहा है इक्का दुक्का कार्यवाही को छोड़ कर, विभाग ने अवैध शराब व्यापार को रोकने की मुहिम में कोई ठोस कदम अब तक नहीं उठाए हैं जबकि अवैध शराब शहर से निकलकर अब ग्रामीण क्षेत्रों में पान के टपरे, और सब्जी के ठेले तक जा पहुंची है। जिले में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि आबकारी विभाग अवैध शराब माफियाओ पर कार्यवाही करने से बच रहा है। इस बात से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि कुछ समय पहले ही आबकारी अधिकारी को शराब ठेकेदार से रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त रीवा की टीम ने रंगे हाथ पकड़ा था तो इस बात से इतना तो समझ मे आ ही सकता है की अवैध शराब व्यपार में लगाम कैसे लगेगा। बताया जाता है कि पाली ,करकेली एवं मानपुर ब्लॉक के हर गांव और मोहल्लों में अवैध मदिरा दुकानें खुलेआम बिजनिस कर के मोटी रकम कमा रहे हैं। जहा इन दुकानों में पैकारी के माध्यम से देशी और विदेशी मदिरा का व्यवस्था ठेकेदारों के गुर्गों द्वारा करवा दिया जाता है। जहा अब क्षेत्र में खुलेआम चलरहे अवैध पैकारी मंदिरा पर प्रतिबंध और कार्यवाही के लिये विगत कई महीनों से समाचार पत्रों के माध्यम से प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया जा रहा है किंतु आज भी वही स्थित बना हुआ है। वही उदाहरण के लिये कुछ दिन ही पहले मिलीभगत के एक ऐसे ही उमरिया जिला के आबकारी विभागीय अधिकारी पर छापेमार कार्यवाही में दोसी को लोकायुक्त ने अपने सिकंजे मे ले चुका है। जहा अब कई ग्राहकों ने बताया किसेल्श मैनों द्वारा कई क्रेता को पक्का और वर्तमान के बिल रसीद नहीं दियाकरते हैं जो मनमानी रेटदर से मोटी कमाई और ग्राहकों की खुला लुटाई करते रहते हैं। वही अब मानपुर ब्लॉक के समस्त ठेकेदारों के ब्यवस्था से पैकारी के जरिये हर गांव मोहल्लों में मदिरा का पूर्ण ब्यवस्था करवाया जा रहा है। वही एवं हर गांव मोहल्लों में मदिरा दुकान होने से स्कूली बच्चे भी मधुशाला में दाखिला लेने लगे हैं जिससे उनके भविस्य अशिक्षा की ब्यापार बंद रखकर सिर्फ लाइसेंसी दुकानों से ही मानपुर ताला अमरपुर और इंदवार जैसे दुकानों के ओर गतिमान हो रहा है। उमरिया जिला मुख्यालय में कई ढाबा एवं बिरियानी सेंटर में ढाबा के मालिकों द्वारा बैठकर शराब पड़ोसी जा रही है।

# *जमुना कोतमा क्षेत्र आमाडांड ओसीपी के एक्सकैवेशन इंचार्ज के द्वारा किया जा रहा भ्रष्टाचार

## भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में अक्षम साबित हो रहे महाप्रबंधक

जमुना कोतमा क्षेत्र के उच्च अधिकारियों के द्वारा भ्रष्टाचार में लिप्त होकर क्षेत्र को गर्त की ओर धकेला जाना आजकल आम बात हो गई है। कुछ दिन पहले मृत कर्मचारी के पुत्र को नौकरी दिलाने के लिए रिश्वत मांगने वाले कार्मिक प्रबंधक बंजारे साहब का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि आमाडांड ओसीपी के एक्सकैवेशन इंचार्ज पी .के. जेना साहब की कारगुजरिया कर्मचारियों के सामने उजागर हुई । एक्सकैवेशन के ये प्रमुख अधिकारी मशीनों से डीजल निकलवा कर प्राइवेट कंपनी के द्वारा लगे हुए गाड़ियों के द्वारा लाखों रुपए का डीजल डिब्बे में भर -भर कर बाहर ले जाकर बेच रहे है ।इतना ही नहीं स्टोर के अंदर खड़े डीजल टैंकर( ब्राउजर) से भी डीजल निकलवा कर एक्सकैवेशन में लगी प्राइवेट गाड़ियों में डीजल भरा जाता है जबकि इन गाड़ियों का 4500 किलोमीटर प्रतिमाह के टेंडर पर लगी है ।इससे भी इनका पेट नहीं भरता है। इसके पूर्व कई गतिविधियों में दोषी पाए गए हैं। जिनकी पूर्व में जांच होने के पश्चात दोषी भी ठहराया गया है। जैसे बैटरी चोरी ,कबाड़ चोरी इत्यादि गतिविधियां इनसे जुड़ी हुई है। साक्ष्य के रूप में कुछ फोटो प्रस्तुत किए जा रहे हैं। आवश्यकतानुसार वीडियो भी प्रेषित किया जाएगा। अतः संघ चाहती है कि ऐसे भ्रष्टाचारी अधिकारी कि आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जाए। अथवा अन्य किसी क्षेत्र में इनका ट्रांसफर कर ,इस क्षेत्र को डूबने से बचाने का प्रयत्न किया जाना अत्यंत आवश्यक है। एरिया के महाप्रबंधक के संरक्षण में इनके आसपास के अधिकारी इस क्षेत्र को खोखला करने पर तुले हुए हैं। ऐसे भ्रष्ट अधिकारी की जल्द से जल्द भ्रष्टाचारी गतिविधियों पर रोक लगाते हुए कार्यवाही की जाए। अन्यथा संघ 24 घंटे के पश्चात उच्च अधिकारियों को उनके अनैतिक क्रियाकलाप का विवरण देने एवं संघात्मक कार्यवाही के लिए बाध्य होगा। जमुना कोतमा क्षेत्र में सिर्फ एग्जीबिशन विभाग ही नहीं है जहां भ्रष्टाचार हो रहा है बल्कि रोड सेल विभाग, सिविल विभाग, इ एंड एम, कार्मिक विभाग वित्त विभाग सहित अन्य विभागों में मनमानी का आलम बना हुआ है जहां कार्मिक विभाग में पदस्थ अधिकारियों की निरंकुशता के कारण श्रमिकों एवं कार्मिक विभाग से संबंधित कार्य के लिए आने वाले लोगों को घुमाया जाता है और प्रतिदिन आज नहीं कल का बहाना भी बनाया जाता है इसके अलावा सिविल विभाग के अंतर्गत जितने भी कार्य प्रबंधन द्वारा कराए जा रहे हैं उसमें ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है क्योंकि सिविल विभाग में कमीशन खोरी व्याप्त है जिस कारण बिना कमीशन दिए सिविल विभाग के अधिकारी फाइल ही नहीं आगे बढ़ते हैं जिसके कारण ठेकेदार को मजबूर बस गुणवत्ताहीन कार्य करने को मजबूर होना पड़ता है। सिविल विभाग भर का यह हाल नहीं है रोड सेल विभाग में तो बिना लिए दिए कुछ भी नहीं हो रहा है कांटा घर से लेकर गाड़ी बाहर होने तक बिना पैसे के कुछ नहीं होता है और तकनीकी निरीक्षक और कांटा बाबुओं के संरक्षण में रोड सेल विभाग में भ्रष्टाचार किया जा रहा है संवेदनशील विभाग होने के बाद भी वर्षों से पदस्थ तकनीकी निरीक्षकों का स्थानांतरण भी नहीं किया जाता और कांटा बाबू भी वर्षों से जमे हुए हैं ऐसा नहीं है कि रोड सेल विभाग की जानकारी एरिया के मुख्य महाप्रबंधक को नहीं है क्योंकि वह एरिया के मुखिया हैं और उन्हें एरिया में क्या कुछ हो रहा है सब कुछ मालूम है लेकिन उनके द्वारा भी भ्रष्टाचार पर अंकुश ना लगा पाना समझ से परे है। ए एंड एम विभाग में वर्षों से एक बाबू पदस्थ है जो की एरिया के अधिकारियों के संरक्षण में विभाग के अंतर्गत ठेकेदारों से मनमानी भी करता है।

# पाली नगर पालिका में राज्य स्तरीय कृषक सम्मेलन में पार्षदों निभाई किसान की भूमिका नही पहुँचे किसान कुर्सियां रही खाली

## पाली नगर पालिका परिषद में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को नही दी प्राथमिकता

बिरसिंहपुर पालीः- उमरिया जिले के नगर पालिका परिषद पाली में आज दिनांक 05/10/2023 को एक दिवसीय राज्य स्तरीय कृषक सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का आयोजन जिला सतना में किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभान्वित कृषक मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना किसान सम्मान निधि योजना मुख्यमंत्री आवासीय भू अधिकार के हितग्राहियों को हितलाभ का लाइव प्रसारण समस्त नगर पालिका में करना था जिसमें जनप्रतिनिधियों पार्टी पदाधिकारियों कार्यकताओं व विभाग के अधिकारियों सहित वार्ड के लोगों को यह कार्यक्रम दिखाना था लेकिन पाली नगर पालिका की लापरवाह रवैया तो शासन प्रशासन के निर्देश को तब्बजो ही नहीं देते वही नगरपालिका में इस कार्यक्रम में गिनती के सात लोगों द्वारा ही प्रधानमंत्री राज्य स्तरीय कृषक का लाइव प्रसारण देखा गया इससे यह प्रतीत होता है कि समस्त वार्ड के लोगों को जानकारी नही दी गयी यह तो नगर पालिका ही जान सकती हैं। हालांकि वही जब इस मामले को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र सिंह से दूरभाष के माध्यम संपर्क करना चाहा लेकिन उनके द्वारा फोन नही उठाया गया।




# मायूस होकर लोगों ने किया शहडोल नागपुर का स्वागत

लोगों को खटक रहा स्टापेंज न मिलने मलाल

बिरसिंहपुर पाली-----संभाग की बहुप्रतीक्षित शहडोल से नागपुर एक्सप्रेस अंततः आज चल ही पड़ी। ट्रेन संचालन के प्रथम दिवस बिरसिंहपुर स्टेशन पर भाजपा जिला अध्यक्ष समेत सैकड़ों बीजेपी कार्यकर्ता बिरसिंहपुर स्टेशन में बैंडबाजों के साथ इकठ्ठा होकर इस ट्रेन के स्वागत करने पहुंचे । खबर थी कि इस ट्रेन में शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह होगी इसी बहाने उनके भी दर्शन होंगे और लोग अपनी बात भी उन तक पहुंचायेंगे , उनका भी एक बार अभिनंदन करने का सुनहरा अवसर मिलेंगा,लेकिन लोगों का इंतजार बेकार ही गया ।

अंततः लोगों ने उनकी अनुपस्थिति में मायूस होकर ट्रेन चालकों का ही मुंह मीठा कराकर यहां से आगे गंतव्य के लिए विदा किया। सर्व विदित है कि पाली नगर वासी और क्षेत्रीय जनता एक लंबे समय से लगातार बरौंनी गोंदिया एक्सप्रेस के स्टापेंज की मांग करते आ रहा है और इसके लिए पाली नगर का प्रतिनिधि मण्डल गोंदिया बरौनी के स्टापेज की मांग को लेकर ज्ञापन सौंप कर सांसद जी से मिलता आ रहा है इस सबके बावजूद उक्त मांग को पूरा नहीं हो सका। ऊपर से बहु उपयोगी शहडोल नागपुर एक्सप्रेस का स्टापेंज न दिला पाने में असक्षम सांसद आखिर कार किस मुह से आम जनता से मुखातिर होती ।आज जनता बेहद दुखी मन से यह कहते सुने गये कि आज फिर से एक नयी ट्रेन का स्टापेंज सांसद महोदय लोगों को सौगात नहीं दिला सकीं , इतना ही होता तो भला ही था , लेकिन उनका न पहुंचना लोगों को और अधिक निराश कर गया ।आखिर कार अगर नहीं पहुंचना था , तो इसको बहुप्रचारित भी नहीं करना चाहिए ।

लोकतंत्र में एक दिन हर जन प्रतिनिधि को जनता के बीच में जाना पड़ता है और जनता आपके ऊपर विश्वास कर आपको इस ओहदे पर पहुंचाता है कि क्षेत्र के विकास में आप सहायक सिद्ध होगी , लेकिन जब जनता जनप्रतिनिधियों के इस व्यवहार से निराशा मिलती है,तब वह भी ऐसे अवसरों को भुला नहीं पातीं। देखना होगा कि सांसद जी इस लुकाछिपी के खेल से ऊबर पाती है कि ट्रेनों के स्टापेंज मामले में जनता ऐसे ही खून के आंसू रोते रहेंगी ।

# हौज का नाम बदलकर शहीद नगर होगा: संजय जोशी

**विशाल सोनकर (जौनपुर)**

जौनपुर। जनपद आगमन पर गुरूवार को आये भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव संगठन संजय विनायक जोशी का जगह–जगह स्वागत किया गया। इसी क्रम में जौनपुर–वाराणसी मार्ग पर स्थित हौज के शहीद



स्मारक पर जोशी का जोश–खरोश के साथ स्वागत हुआ। इस दौरान उपस्थित लोगों ने हौज गांव का नाम बदलकर शहीद नगर करने की मांग किया जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही ऐसा हो जायेगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक गुलाब चन्द्र सरोज, वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष शुक्ला, आलोक शुक्ला, सूरज शुक्ला, अनुराग शुक्ला, आनन्द राजभर, कुन्दन राजभर, ग्राम प्रधान हौज चन्दन चौहान सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। स्वागत समारोह का संचालन युवा नेता/समाजसेवी नीरज श्रीधर शुक्ला ने किया।

## उप निरीक्षक ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया 51 हजार 500 ई–चालान किया गया

**विशाल सोनकर (जौनपुर)**

केराकत कोतवाली थाना क्षेत्र के मुफ्तीगंज पुलिस ने बृहस्पतिवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया ' इस दौरान पुलिस ने बिना हेल्मेट, गाड़ी पेपर, ड्राइविंग लाइसेंस के चल रहे वाहनों का किया चलान।



जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा के आदेश और सीओ गौरव शर्मा के दिशा निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक केराकत रामजन्म यादव मुफ्तीगंज पुलिस चौकी प्रभारी विद्यासागर सिंह देख रेख में खड़हर डगरा चौराहा से गुजर रहे सभी दो पहिया वाहनों को रोक कर वाहनों के कागजात, हेलमेट एवं ड्राइविंग लाइसेंस के साथ-साथ गाड़ियों के डिक्की खोलकर जांच की।

हालांकि इस दौरान किसी भी वाहन में कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ। वाहन चेकिंग का नेतृत्व कर रहे चौकी उप निरीक्षक विजय प्रताप सिंह ने बताया कि वाहनों की जांच में पाए जाने वाली त्रुटियों के अनुरूप चालान किया गया कुल 51हजार 500 का ई-चालान किया गया।

## गाजीपुर पुलिस बल के द्वारा 82 द0प्र0सं0 की कार्यवाही किया गया।

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

जनपद गाजीपुर थाना रामपुर माँझा पुलिस द्वारा अभियुक्त राजू यादव उर्फ



रजनीश उर्फ रंजन यादव पुत्र रामजनम यादव निवासी ग्राम लमही मटखन्ना थाना रामपुर माँझा जनपद गाजीपुर का फौजदारी मु0नं0 220/20 स्टेट बनाम राजू यादव उर्फ रजनीश उर्फ रंजन धारा 307 भा0द0वि0 के अभियोग में अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय एफटीसी प्रथम / न्यायिक मजिस्ट्रेट गाजीपुर से निर्गत 82 द0प्र0सं0 के अनुपालन में थाना रामपुर माँझा पुलिस के द्वारा अभियुक्त उपरोक्त के घर 82 द0प्र0सं0 ( उद्घोषणा) की कार्यवाही स्थानीय लोगो की मौजूदगी में की गयी।

## चोरी की मोटर पम्प व एक नाजायज देशी तमंचा कारतूस के साथ दो नफर अभियुक्तगण की सफल गिरफ्तारी ।

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

जनपद गाजीपुर स्थानीय थाना पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 180/23 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित चोरी की मोटर पम्प के साथ दो अभियुक्त 1. सुधीर यादव उर्फ मलखान पुत्र रविशंकर यादव निवासी नसरतपुर थाना बिरनो जनपद गाजीपुर 2.विकास यादव उर्फ . छोटू पुत्र राजेश यादव निवासी नसरतपुर थाना बिरनो जनपद गाजीपुर को मुखबीर की सूचना



पर कछुहरा पुलिया से गिरफ्तार कर लिया गया है । जिनके कब्जे से चोरी की दो अदद मोटर पम्प बरामद हुआ है तथा जामा तलाशी से अभियुक्त सुधीर यादव के कब्जे से एक अदद नाजायद देशी तमंचा 315 बोर मय एक कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है मौके पर फर्द बरामदगी व गिरफ्तारी तैयार किया गया है जिस पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 181/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## क्षेत्राधिकारीगण व थाना/चौकी प्रभारियों मय पुलिस बल द्वारा किया पैदल गश्त

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

जनपद भदोही मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में जनपद में चाक चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा बालिका/महिला सुरक्षा



के दृष्टिगत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण व प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष/ चौकी प्रभारी मय पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायं पैदल गश्त किया जा रहा है। पैदल गश्त के दौरान प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई। पैदल गस्त के दौरान आम जन को आश्वस्त कराया जा रहा है कि जनपद भदोही पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है।

# एक महीने में लगा दिया जाय सीसीटीवी : डीएम

**विशाल सोनकर (जौनपुर)**

जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में बुधवार देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, पशुपालन विभाग, समाज कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कृषि विभाग के अन्तर्गत ई-खसरा की प्रगति की समीक्षा करते हुए एक्टिव सर्वेयर्स की संख्या बढ़ाने, एक्टिव सर्वेयर्स को बुलाकर प्रत्येक ग्राम में सर्वे करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने समस्त एडीओ पंचायत को निर्देशित किया त्रिनेत्र प्रोजेक्ट के तहत गांव में सी.सी.टी.वी. कैमरे लगवाए जाएं और यह कार्य प्रत्येक दशा में अगले एक महीने में पूर्ण हो जाना चाहिए।

उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी से मॉडल शॉप के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की जिसपर जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 75 मॉडल शॉप बनाए जाने हैं जिनमें कुछ पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने उन्हे निर्देश दिया कि जिन जगहों पर भूमि से सम्बन्धित विवाद है, सम्बन्धित अधिकारी से समन्वय करते हुए विवाद का निस्तारण कराएं।

जिलाधिकारी ने निमाणाधीन आंगनबाडी केन्द्रों की समीक्षा करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन केन्द्रों पर भूमि सम्बन्धी विवाद है उसका त्वरित निस्तारण कराए और लर्निंग लैब्स भी बनवाने हेतु निर्देशित किया।

जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक पंचायत सहायक को उनके विभाग से संचालित योजनाओं के 30 आवेदन का लक्ष्य दिया जाए।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि निराश्रित गोवंशों के लिए अतिरिक्त शेड बनवाए व निमार्णाधीन शेड का कार्य 01 सप्ताह में पूण कराएं।

जिलाधिकारी ने विस्तार से सामुदायिक शौचालयों के निर्माण, भुगतान की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार का भुगतान लम्बित न हो और शौचालय उपयोग की स्थिति में हों।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, उप जिलाधिकारी सदर रिषभ देवराज पुंडरीक, जिला विकास अधिकारी सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत उप केंद्र का घेराव

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी लंका थाना क्षेत्र के नैपुरा गांव के रहने वाले बद्री यादव की भैंस की करंट की चपेट में आने से गुरुवार को मौत हो गई। भैंस घर के समीप खेत में चर रही थी । इस दौरान खंबे में उतर रहे करंट की चपेट में भैंस की आने से मौके पर मौत हो गई।भैंस की मौत के बाद गांव के लोग आक्रोशित हो गए। नैपुरा उपकेंद्र पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करने लगे । बिजली कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे।विरोध करने वाले लोगों का आरोप महीना भर में करंट की चपेट में आने से तीन चार भैंसों की मौत हो चुकी है। बिजली कर्मी सूचना देने के बाद भी बिजली का मरम्मत नहीं करते हैं।जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है।विरोध प्रदर्शन की सूचना पर रमना चौकी प्रभारी सुफियान खान मौके पर पहुंचे।सभी को समझा बूझकरवापस लौट आया।

## भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे आत्महत्या मामले में हाईकोर्ट में दाखिल हुई उइकजांच के लिए क्रिमिनल रिट याचिका

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी। जनपद के सारनाथ स्थित निजी होटल में मृत मिलीं चर्चित भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की मौत मामले में उइक जांच के लिए बुधवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट याचिका दायर की गई है। अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की मां मधु दुबे के अधिवक्ता सौरभ तिवारी ने इस मामले में अगले हफ्ते कोर्ट में सुनवाई होगी।वही इस मामले में आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी भोजपुरी सिंगर समर सिंह की जमानत अर्जी पर आज (गुरुवार) को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई होगी।

उत्तर प्रदेश भदोही जिले के चौरी बाजार क्षेत्र के बरदहां की रहने वाली आकांक्षा दुबे 26 मार्च को वाराणसी के होटल के कमरे में मृत मिली थीं। अभिनेत्री की मां ने भोजपुरी गायक समर सिंह पर आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के लिए उकसाने और उसके दोस्त संजय सिंह के खिलाफ सारनाथ थाने में मुकदमा दर्ज



करवाया था। अभिनेत्री के परिजनों की ओर से मुकदमा दर्ज होने के पश्चात सिंगर समर और संजय को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। फिलहाल संजय सिंह फिलहाल जमानत पर बाहर है, जबकि समर सिंह अभी भी जेल में ही है। अभिनेत्री आकांक्षा दुबे आत्महत्या मामले में वादी पक्ष के सौरभ तिवारी ने बताया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में दायर याचिका के माध्यम से आकांक्षा दुबे की मां मधु दुबे ने बेटी की मौत जिन परिस्थितियों में हुई है, वह निश्चित तौर पर संदेहास्पद है। वही उन्होंने पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विधि विज्ञान प्रयोगशाला कि रिपोर्ट से जाहिर है कि मौत से पहले उनकी बेटी के साथ शारीरिक रूप से बहुत गलत हुआ था। इसके साथ ही आकांक्षा दुबे की मां मधु दुबे ने मामले में पुलिस जांच की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए है और आरोप लगाया है, कि पुलिस के कुछ लोगो के द्वारा सबूतों को दबाने का पूरा प्रयास किया गया। ऐसी स्थिति में उन्होंने इस मामले में सीबीआई जांच कर सच सामने लाने की मांग किया है।

## पूर्व विधायक अजय राय के साथ हो रहा अन्य वर्तमान सरकार के द्वारा

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

रामनगर / वाराणसी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सरदार सतनाम सिंह ने यहां जारी बयान में अन्याय प्रतिकार यात्रा मामले को लेकर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही पर बेहद नाराजगी जताई है। अन्याय प्रतिकार यात्रा में शामिल 82 आरोपियों में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को छोड़कर बाकी सभी लोगों को दोष मुक्त कर सभी मुकदमे वापस ले जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार बदले की भावना से कार्य कर रही है। गरीबों, किसानों, नौजवानों की आवाज बन कर उभर रहे अजय राय को लगातार तरह-तरह से प्रताड़ित करने के साथ घोर अन्याय कर रही है। यह अब बर्दाश्त से बाहर हो गया है। अजय राय महंगाई, बेरोजगारी भ्रष्टाचार ,जंगल राज, व सरकार की तानाशाही के खिलाफ लगातार आवाज उठाकर मोदी एवं योगी से सवाल कर रहे हैं। इन सवालों से सरकार डरी हुई है। अजय राय की बढ़ती हुई लोकप्रियता से घबराकर सरकार उनका उत्पीड़न कर रही है। सतनाम सिंह ने प्रदेश व केन्द्र सरकार को चेतावनी देते हुये कहा कि यदि इसी प्रकार अजय राय के साथ अन्याय होता रहा तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं को व्यापक पैमाने पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। उन्होंने अन्याय प्रतिकार यात्रा में शामिल सभी साधु संतों से अपील किया है कि एकजुट होकर अजय राय के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज बुलन्द करें।

# कार के धक्के से युवक की मौत

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

चोलापुर। वाराणसी आजमगढ़ हाइवे पर बने नाद नदी पुल के समीप बुधवार शाम को अनियंत्रित कार एक खड़ी बाइक में धक्का मारते हुए पंद्रह फिट गड्ढे में जा गिरी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सी एच सी भेजवाया हालत गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने उसे बी एच यू ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया

सदानंद पुत्र नंदलाल उम्र 25 वर्ष निवासी कोइलरी थाना चंदवक जिला जौनपुर बाइक से निजी कार्य के लिए वाराणसी के तरफ जा रहा था गोला हाइवे स्थित नाद नदी पुल के समीप बाइक रोककर उसके साथ बाइक पर बैठा साथी लघुसंका करने लगा सदानंद बाइक के पास खड़ा था की वाराणसी के तरफ जा रही सेंट्रो कार के ड्राइवर को नीद आने से बाइक में धक्का मारते हुए 15 फिट गड्ढे में जा गिरी धक्का लगने से सदानंद गंभीर राय घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सी एच सी भेजवाया हालत गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जहा इलाज के दौरान रात को उसकी मौत हो गई

# अभिनेश मौर्य को मिला महात्मा गांधी अवार्ड

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिले के राधा नगर सुंदरमती गली के रहने वाले अभिनेश मौर्य को मिला महात्मा गांधी अवॉर्ड अभिनेश मौर्य के द्वारा सुंदरमती गली राधानगर में संचालित की जा रही है वीरांगना स्पोर्ट्स एकैडमी में धूमधाम से मनाई गई थी गांधी जयंती जिसके परिपेक्ष में महात्मा गांधी अवार्ड से संगम



एकैडमी कोटा राज. के द्वारा सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की जा रही है वहीं इस मौके पर हिमांशु ,नैतिक ,सौम्या सिंह,नीशू पाण्डेय ज्योति,रुपाली नविता आदि के द्वारा फूल माला पहना कर शुभकामनाएं दी गई

## जांच में पकड़े गए 14अवैध विद्यालय विभाग ने जारी किया नोटिस

### बिना मान्यता के संचालित विद्यालयो के संचालको पर होगी एफ आई आर

### शिक्षा विभाग की करवाई से मचा हड़कंप

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर । जिले मे बिना शासन से मान्यता लिए संचालित विद्यालयो के खिलाफ शिक्षा विभाग ने करवाई शुरू कर दी है। जिसमे 13विद्यालय नोडल अधिकारी द्वारा चिन्हित किए गए। चिह्नित स्कूलों में राम रति शिक्षा निकेतन अल्लीपुर, यशोदा देवी शिक्षा निकेतन अल्लीपुर तेलियानी, संत निरंकारी पब्लिक स्कूल बहुवा, बाजपेई आदर्श शिक्षा मंदिर शाह, आनंद विद्या मंदिर, अल्लीपुर फतेहपुर, सुरजी देवी बालिका स्कूल, शिव नंदन पाल, दशवा मील, फूल मति देवी पब्लिक स्कूल, बिलियंट पब्लिक स्कूल फतेहपुर, प. देवदत्त पब्लिक स्कूल, स्व शिव सहाय इंटर कॉलेज , सीएसए कान्वेंट स्कूल दसवा मिल, शामिल है इन सभी स्कूलों को जिला विद्यालय निरीक्षक ने नोटिस जारी की तथा तीन दिन के भीतर बंद करने का शपथ पत्र देने के निर्देश दिए गए।

जिला विद्यालय निरीक्षक अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय को नोटिस जारी करके प्रपत्र मांगे गए हैं। तीन दिन के बाद नियमानुसार करवाई की जाएगी।

# चोरी रोकने के लिए किया जा रहा है निरन्तर प्रयास : रेलवे

वाराणसी रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा,चोरी रोकने एवं अवैध सामानों की धर-पकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है।

इसी क्रम में 04 अक्टूबर,2023 को रेलवे सुरक्षा बल द्वारा गठित CPDS टास्क टीम द्वारा ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत रेलवे स्टेशन छपरा पर निगरानी व चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म नंबर 04 पर गाड़ी संख्या 13020 बाघ एक्सप्रेस के आगमन के समय तीन संदिग्ध व्यक्तियों देवरिया निवासी 19 वर्षीय अजय पटेल (2) वैशाली निवासी 30 वर्षीय दिलीप सिंह (3) नकहा जंगल निवासी 20 वर्षीय जीतू राजपूत समेत तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया । इस अभियान में रेलवे सुरक्षा बल के उप निरीक्षक संजय कुमार राय/सीआईबी/छपरा, उप निरीक्षक प्रमोद कुमार/रेसुबल/छपरा, सहायक उप निरीक्षक मिथलेश कुमार शुक्ला/सीआईबी/छपरा, सहायक उप निरीक्षक विजय रंजन मिश्र/रेसुबल/छपरा, कांस्टेबल लक्ष्मण यादव/रेसुबल/भटनी तथा कांस्टेबल सत्य प्रकाश सिंह/रेसुबल/छपरा शामिल थे ।

पकड़े गए अभियुक्तों के पास से चोरित Realme Narzo, POCO व Samsung on 7 Pro मोबाइल, 01 चाकू, आधार कार्ड, पैन कार्ड, श्रम कार्ड व एटीएम कार्ड प्राप्त किया गया। पकड़े गए अभियुक्तों को अग्रिम कार्यवाही हेतु राजकीय रेल थाना छपरा आई पी सी(IPC) की धाराओं में अपराध संख्या- 217/23 धारा 401, 414 / दि. 04.10.23 पंजीकरण कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया ।

# रेड टेप बांधकर वृक्षों को बचाने का लिया संकल्प

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

काशी विद्यापीठ/ वाराणसी प्राथमिक विद्यालय भिटारी, विकास क्षेत्र में शिक्षकों व बच्चों ने वृक्षों को रेड टेप बांधकर बढ़ाने का संकल्प लिया। मिशन शिक्षण संवाद की टीम द्वारा पर्यावरण को बचाने हेतु प्रकृति मित्र अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 5 जून से प्रारंभ होकर 31 अक्टूबर तक चलेगा। इस अभियान में वृक्षारोपण से लेकर वृक्षों को बचाने तक का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में बच्चों का शिक्षकों द्वारा वृक्षों को रेड टेप बांधकर वृक्षों को बचाने का संकल्प लिया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविंद्र कुमार सिंह का कहना है कि इस अभियान में बच्चों



के साथ-साथ अभिभावकों को भी जोड़ा जाएगा जिससे वृक्षों की सुरक्षा हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि यदि बच्चे वृक्षों को बचाने का संकल्प लेते हैं तो निश्चित तौर पर उस संकल्प को पूरा करने का प्रयास करते हैं। रविंद्र कुमार सिंह द्वारा यह भी बताया गया कि मिशन शिक्षण संवाद वह टीचर्स क्लब उत्तर प्रदेश द्वारा प्रत्येक वर्ष या अभियान चलाया जाता है यह मानवता की कल्याण हेतु चलाया गया एक अभियान है। इस अभियान में मुख्य रूप से प्रधानाध्यापक के साथ-साथ विद्यालय के अध्यापक रजनी, मीनू शुक्ला, सविता देवी, सविता कुमारी के साथ-साथ लगभग 50 बच्चों ने प्रतिभाग किया।

# एनडीआरएफ ने दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी-आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत श्री मनोज कुमार शर्मा, उप महानिरीक्षक के दिशा-निर्देशन में 11 एनडीआर-एफ, वाराणसी की टीम द्वारा "क्षमता निर्माण कार्यक्रम" तथा 'स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम' का आयोजन कर आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया।

एनडीआरएफ के प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा 89 उत्तर प्रदेश बटालियन, एनसीसी, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में एनसीसी कैडेट एवं सेना के जवानों को तथा वैभव बालिका विद्यापीठ, साईं महावीर बाजार, आजमगढ़ रोड, वाराणसी में आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। टीम ने भूकम्प से बचाव, बाढ़ में बचाव के तरीके, बाढ़ की स्थिति में क्या करें और क्या न करें,



सीपीआर, गले में फंसी बाहरी वस्तु के निकालने के तरीके, शारीरिक चोटों एवं सांप के काटने का अस्पताल पूर्व उपचार, तात्कालिक स्ट्रेचर बनाना, सड़क सुरक्षा, लिफ्टिंग और मूविंग के तरीके, इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस (राफ्ट) बनाना, जल संरक्षण तकनीकें, अग्निशामक यंत्र का उपयोग, गरजना/बिजली चमकना, दामिनी ऐप, मौसम ऐप, भूकंप ऐप, सचेत ऐप के इंस्टॉलेशन और उपयोग आदि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। श्री मनोज कुमार शर्मा, उप महानिरीक्षक ने बताया कि एनडीआरएफ टीमें द्वारा आज वाराणसी, चंदौली, लखीमपुर खीरी, बहराइच (उत्तर प्रदेश) एवं जबलपुर (मध्य प्रदेश) में आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया हैं आगे भी इस प्रकार का कार्यक्रम जारी रहेगा।

# कला समागम में बच्चों को मिलेगा मंच निखरेगी कला

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

कला समागम की द्वितीय बैठक अग्रसेन युवा मंच काशी परिवार के प्रतिनिधि मंडल एवं अग्रसेन महाजनी महाविद्यालय चौखंभा के मध्य विद्यालय प्रांगण में आहूत हुई । बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा एवं तैयारियों की गयीं साथ ही छात्रों की कलाओं को उभारने एवं निखारने के लिये प्रत्येक बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी । कक्षा 1 से लेकर कक्षा 12 तक के छात्र कला समागम में भाग लेंगे एवं प्राप्त विषय के अनुसार अपने अपने चित्रकला, प्रोजेक्ट, क्राफ्ट, नृत्य, वादन एवं अन्य की प्रस्तुत करेंगे । कला समागम में छात्रों को कार्टून, प्रकृति, ग्रामीण जीवन, स्वच्छ भारत, प्रदूषण, भारतीय सुरक्षा तकनीकी, ब्रह्मांड, एस्ट्रोनॉट्स, और गंगा घाट बिंदुओं पर अपनी चित्रकला एवं क्राफ्ट प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन जमा करेंगे



जिसकी भव्य प्रदर्शनी लगाई जाएगी । बैठक में विद्यालय प्रशासन एवं सभी अध्यापकों को प्रदर्शनी की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां सौंपते हुए प्रदर्शनी स्थल का निरीक्षण किया गया प्रदर्शनी स्थल पर छात्रों के लिए एवं उनके माता-पिता के लिए हेल्थ चेकअप एवं मनोरंजन के स्टॉल्स भी लगाए जाएंगे । बैठक में सर्वसम्मति से कार्यक्रम संयोजक के पद पर सौरभ अग्रवाल एवं सुधांशु मिश्रा का चयन किया गया जिनके निर्देशन में कला समागम को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया जायेगा बैठक में मंच अध्यक्ष अतुल अग्रवाल श्याम के दास, प्रबंधक पंकज अग्रवाल, सहायक मंत्री दिनेश अग्रवाल, महामंत्री सौरभ अग्रवाल, आयुष अग्रवाल बिमल त्रिपाठी उपस्थित हुए साथ ही श्याम दरबारी मण्डल मंत्री अभिषेक अग्रवाल की भी गरिमामयी उपस्थिति रही ।।

## वाराणसी के मलदहिया चौराहे स्थित विनायक प्लाजा में ईडी की छापेमारी

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

छापेमारी में आयकर विभाग के अधिकारी भी मौजूद विनायक प्लाजा में सपा नेता अबू आसिम आजमी के करीबियों के यहां धमकी ईडी टीम विनायक प्लाजा स्थित विनायक निर्माण प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय में चल रही जांच पड़ताल विनायक प्लाजा पर मौजूद पुलिस फोर्स मौजूद विनायक प्लाजा के तीसरे तल पर



स्थित एक दफ्तर में ईडी के अधिकारी कर रहे जांच पड़ताल कार्यालय में लोगों के फोन ईडी अधिकारियों ने लिए कब्जे में तीसरे तल पर लोगों के आने-जाने पर पुलिस ने लगाई रोक

## पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त संदीप कुमार पटेल को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण वाराणसी सिटी रिपोर्ट**

वाराणसी थानामिर्जामुराद पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 0234/2023 धारा 363 भादवि व बढोत्तरी धारा 366/376(3) भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त



संदीप कुमार पटेल पुत्र सदानन्द पटेल, नि0 ग्राम पुरे, थाना मिर्जामुराद, जनपद वाराणसी उम्र करीब 20 वर्ष को रूपापुर चौराहे से गिरफ्तार कर कब्जे से अपहृता/पीड़िता को बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने नौगढ़ ब्लाक में किया प्रेस कॉन्फ्रेंस

### बड़ी संख्या में पहुंचे ग्राम प्रधान, किया प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत

### प्रदेश अध्यक्ष ने कहा सिर्फ नाम की है प्रधानी, प्रधान अपनी मर्जी से खड़ंजा भी नहीं लग सकता

**दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा के जिले में आगमन पर प्रधान संगठन जिला अध्यक्ष पवन मिश्रा के अध्यक्षता में नौगढ़ ब्लॉक सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया साथ में ज्यादा संख्या में





ग्राम प्रधान पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा का स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सीधे भाजपा सरकार पर सीधे निशाना साधा और कहा कि भाजपा सरकार में प्रधानों की पावर अब नही रह गई है एक भी प्रधान अपने मर्जी से इंटरलॉकिंग और खड़ंजा तक नही लगा सकता बहुत ही विडंबना की बात है की प्रधान सिर्फ एक नाम की अब राज गई है और कहा कि इस संबंध में सरकार को अवगत कराएंगे अगर समस्या का निदान नहीं हुआ तो प्रधान संगठन आंदोलन करने को मजबूर हो जायेगा।

## भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हुए घर : बेघर हुए लोग

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी, जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)05 अक्टूबर 2023:- जिले के हंटरगंज प्रखंड के गेंजना पंचायत के खराटी (इंद्राही) गांव मे हफ्ते भर से हो लगातार बारिश से पंचायत मे लोगो के घर धरसायी हो गये। प्राकृतिक आपदा से आहत लोगो मे उक्त गांव के धनेश्वरी देवी पति विनोद यादव,पांचू यादव पिता स्व० गोविंद यादव ,अंकिता देवी पति रविंद्र यादव ,सविता देवी पति योगेंद्र यादव,फूलमंती देवी पति शिबू यादव, कविता देवी पति संजय दास ,रजिया देवी पति लखन यादव,मुनिश्वरी देवी पति देवनारायण यादव,कलावती देवी पति सतेन्द्र यादव है। जो इस प्राकृतिक आपदा की घड़ी मे सरकार की राह देख रहे है।उक्त लोगो से बात करने पर उनलोगो ने बताया की हम लोग मामूली किसान है वर्तमान स्थिति के मुताबिक इस वर्ष खेती भी नही हो पायी है जिससे घर चलाना भी मुश्किल हो रखा है। ऐसे मे ध्वस्त हुए घर को देख के ऐसा प्रतीत हो रहा है की मुश्किल की घड़ी सामने है।उन्होंने ये भी कहा की ऐसे विपरीत परिस्थिति मे सरकार को आगे आना चाहिए और सम्बन्धित विभाग के विभागीय पदाधिकारियों इस आपदा की स्थिति से अवगत होते हुए पीड़ित लोगो तक सरकारी योजना का लाभ देने का कार्य करना चाहिये।



## टुण्डी उच्च विद्यालय के मैदान में जिला स्तरीय ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र जिला संवाददाता**

धनबाद (झारखंड):- 05अक्टूबर 2023 :जिला स्तरीय ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता 07 अक्टूबर दिन शनिवारको टुण्डी उच्च विद्यालय मैदान में होगी ।टुंडी विधायक मथुरा महतो ने टुण्डी उच्च विद्यालय पहूंचकर मैदान की स्थिति का जायजा लिया। जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि आदिवासी एवं ग्रामीण स्तरीय खेल का विकास योजना अंतर्गत "ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता 2023" का आयोजन उच्च विद्यालय टुंडी स्टे-डियम में आगामी 7 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। जिसमें निम्नांकित खेलों का आयोजन करने की योजना है। तीरंदाजी, गुलेल, मटका दौड़, गेड़ी दौड़, भारा दौड़ एवं सेकोर खेल का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु 9 से 12 अक्टूबर तक हजारीबाग ले जाया जाएगा। इस प्रतियोगिता में विशेष रूप से कमजोर आदिम जनजाति तथा अनुसूचित जनजाति के बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग लेंगे जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को झारखण्ड राज्य का निवासी होना अनिवार्य है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की आयु सीमा 14 वर्ष से 40 वर्ष के बीच होना चाहिए। उक्त योजना में भाग लेने हेतु आवेदन एवं अधिक जानकारी के लिए जिला खेल कार्यालय, धनबाद में संपर्क किया जा सकता है। मौके पर मुख्य रूप से टुण्डी के लोकप्रिय विधायक सह पूर्व मंत्री मथुरा प्रसाद महतो, उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अभिमन्यु जायसवाल, उप प्रधानाध्यापक मिलन प्रजापति और जय कुमार, बीआरसी के बीपीओ गौतम दास एवं बीआरपी दिनेश महतो, विधायक अनुज बसंत महतो इत्यादि के अलावें उच्च विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे थे।



## जेजेए सरायकेला परिसदन में जिला कोर कमेटी की बैठक संपन्न

### *जेजेए सरायकेला–खरसावां जिला कमेटी का हुआ विस्तार*

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां झारखंड 05 अक्टूबर 2023 :–झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन सरायकेला-खरसावां जिला कोर कमेटी की बैठक सरायकेला परिसदन में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद महतो की अध्यक्षता में हुई। जिसमें कई बिंदुओं में चर्चा की गई। मुख्य रूप से जिला कमेटी का विस्तार एवं जिले में सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को मजबूत बनाना मुख्य उद्देश्य रहा। इस बैठक में कोर कमेटी द्वारा जिला कमेटी का विस्तार करते हुए सर्वसमिति से उपाध्यक्ष के रूप में उमाकांत प्रधान, सचिव पीतांबर सोय, संगठन सचिव अजीत लाभ और कोषाध्यक्ष के रूप में गणेश स-रकार को मनोनीत किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ पत्रकार शेख अलाउद्दीन ने अपने वक्त में कहा कि संगठन एक परिवार की तरह है हर सुख-दुख में हम लोग एक साथ हैं। संगठन की मजबूती के लिए सभी सदस्यों को एकजुट रहना चाहिए। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष अभय लाभ,संयुक्त सचिव मनोज स्वर्णकार, सुरेंद्र मार्डी, सरायकेला खरसावां जिला कार्यकारी अध्यक्ष के०दुर्गा राव, जिला महासचिव बिल्लू शर्मा, विजय साहू, अन्य लोग उपस्थित थे।



## विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ एजुकेशनल संगठन ए ई एफ ए के द्वारा कार्यक्रम आयोजित

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, जमशेदपुर**

जमशेदपुर (झारखंड) 05 अक्टूबर 2023:– विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ एजुकेशनल संगठन ए ई एफ ए के द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में वेस्ट बंगाल , के कोलकाता का महाबोधि सोसाइटी में सम्मानित हुई झारखंड की राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षिका श्रीमती संध्या प्रधान ।पश्चिम बंगाल के महाबोधि सोसायटी कोलकाता कॉलेज स्क्वेयर में विश्व शिक्षक दिवस पर वर्तमान की शिक्षा नीति के ऊपर एक कार्यक्रम आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर प्रदीप भट्टाचार्य एक्स एमपी ,प्रोफेसर जय गोपाल मंडल। कार्यक्रम के अध्यक्षता ए ई एफ ए ए के वाइस प्रेसिडेंट मिथिलेश शर्मा के द्वारा की गई। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के विभिन्न प्रांत से चार संगठन के शिक्ष-ाक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में शिक्षकों का कर्तव्य एवं विद्यार्थियों के जीवन का लक्ष्य हासिल करने में भूमिका के बारे में सभी ने अपनी मत रखा। यह कार्यक्रम पश्चिम बंगाल के विभिन्न शिक्षक संगठन के मिलित तत्वबधान में आयोजित की गई थी ।कार्यक्रम का संचालन ए ई एफ ए ए के महासचिव नब कुमार कर्मकार के द्वारा तथा धन्यवाद ज्ञापन सचिव श्री अधीर कुमार दास के द्वारा किया गया।




## महिला उत्पीड़न के खिलाफ जागरूकता अभियान एवं बाल श्रमिकों के कानूनी अधिकार का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण,शेखर सुमन, ईचागढ़,सरा-ईकेला**

ईचागढ़ - महिला उत्पीड़न और बाल श्रम के कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूकता और कानूनी जानकारी को बढ़ावा देने के लिए जिला विधिक सेवा समिति द्वारा एक महत्वपूर्ण अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत एसडीएलएससी आनंदिया विधिक सेवा समिति के सचिव अमित आकाश सिन्हा के निर्देशन में पीएलवी कार्तिक गोप ने चिमटिया गांव में महिलाओं के साथ महिला उत्पीड़न के खिलाफ जागरूकता अभियान शुरू किया है. इस अभियान के दौरान महिलाओं के अधिकारों, अनाथ पालन-पोषण योजना, कैदियों के अधिकारों और मानव तस्करी, बाल विवाह और घरेलू हिंसा से संबंधित नियमों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी ग्रामीणों के साथ साझा की गई। इस अभियान के माध्यम से सरकार का लक्ष्य ग्रामीण समुदायों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में समझाना और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सहायता प्रदान करना है। यह अभियान 100 दिनों तक चलाया जाएगा और किसी भी समस्या के लिए ग्रामीणों को पीएलवी कार्तिक गोप से संपर्क करने का मौका दिया गया है. यह पहल एक सुरक्षित और सक्षम समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक और सशक्त बनाने का अवसर प्रदान कर रही है। इस अभियान के तहत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने के लिए दृढ़ संकल्प दिखाया. इस अभियान के माध्यम से महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है, जो एक मजबूत और समर्पित समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण है।



## अधिकारी के कारण 11 वे वेतन समझौता अधर में लटका

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

तिसरा। अधिकारी के कारण 11 वे वेतन समझौता अधर में लटका । उक्त बातें संयुक्त मोर्चा ने नॉर्थ तीसरा 6 नंबर के समीप सभा प्रदर्शन में क-हां। श्रमिक नेताओं ने कहा कि उनका वेतन समझौता शीघ्र बहाल नहीं हुआ, तो 12 से 14 अक्टूबर तक एकजुट होकर सभी कर्मी कोयला जगत में ऐतिहासिक हड़ताल किया जाएगा। बताते चलें कि कोल कर्मियों का 11वां वेतन समझौता रोक लग गया है।वक्ताओं ने कहा कि अदिकारी वर्ग प्रबंधन की ओर से मध्यप्रदेश के जबलपुर कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है,जिसके बाद कोर्ट ने 11वां वेतन समझौता रोकने का आदेश दे दिया है. इस कारण इस माह का वेतन समय पर नहीं मिल सका है.नेताओ ने कहा कि यूनियन प्रबंधन के साथ आर पार की लड़ाई लड़ेगे. अधिकारी का मेडिकल सुविधा एक समान करने सहित सभी अन्य सुविधाओं में बराबर की भागी-दारी कराने की बात कही.कोल इंडिया प्रबंधन के द्वारा जबलपुर हाई कोर्ट का हवाला देकर सितंबर महीने का अक्टूबर में मिलने वाले वेतन पर रोक लगा दी है. प्रबंधन के इस फरमान के विरोध में कोलकर्मियों ने आंदोलन शुरू कर दिया है.कर्मियों ने कहा कि कोल इंडिया अगर उनके हित में फैसला नहीं लेती तो आगामी 12 से 14 अक्टूबर तक पूरे कोल इंडिया में हड़ताल की घोषणा की गई है. प्रबंधन की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी अधिकारी वर्ग ने एक साजिश के तहत वेतन समझौता पर रोक लगाया है वही दुर्गा पूजा बोनस पर अभी तक कोई चर्चा नहीं हो पाया है प्रबंधन की गलत नीति के कारण ही कोल इंडिया में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है निजीकरण को जानबूझकर बढ़ावा दिया जा रहा है इस बार कर्मी अपने अधिकार व मान सम्मान की रक्षा के लिए आर पार की लड़ाई लड़ेंगे. सभा की अध्यक्षता मुद्रिका पासवान व संचालन भगवान प्रसाद पासवान ने किया. मौके पर मानस चटर्जी, रुद्र प्रताप सिंह, लकी सिंह ,बिहारी लाल चौहान , मनोज कुमार पासवान युद्धेश्वर सिंह, शिव कुमार सिंह, रितेश निषाद संतोष मिश्रा ,बाल्केश्वर सिंह, सुजीत मंडल ,फागु नापीत,कन्हैया सिंह, मोहन पांडे ,स-ुदर्शन सिंह, हराधन रजवार, धर्मेंद्र राय, , ,मल्लू सिंह, उमाशंकर शाही, प्रमोद सिंह, अनिमेष सिंह, बंटी सिंह,छोटू सिंह, केल्विन तिर्की आदि थे।




## टुंडी के कोकराद गांव में जनहित मोर्चा के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने कन्यादान में किया आर्थिक सहयोग

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र जिला संवाददाता**

धनबाद (झारखंड):-05अक्टूबर 2023: जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत रतनपुर पंचायत के कोकराद गांव निवासी अत्ताउल अंसारी को पुत्री के विवाह में आर्थिक सहयोग हेतु झा-रखंड जनहित मोर्चा के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने अपने निजी सचिव श्री मुरारी सिंह के द्वारा 5100₹ की राशि भेंट किया ।बताते चले की श्री माना पाठक ने टुंडी विधान सभा के विभिन्न क्षेत्रों में कई एक लोगो को विकट परिस्थितियों में इस प्रकार का आर्थिक सहयोग स्वेक्षा से किया है जिसे नकारा नहीं जा सकता।श्री मु-रारी सिंह ने संवाददाता को बताया कि झारखंड जनहित मोर्चा प्रतिदिन क्षेत्रों में असहायों को आर्थिक सहयोग कर रहा है एवम आगे भी सभी तरह के जरूरतमंद लोगों की सेवा में तत्पर रहेगा। मोर्चा के संस्थापक माना पाठक ने एक गंभीर रूप से बीमार मरीज को रांची रिम्स में भर्ती हेतु खुद अपने कुछ सहयोगियों के साथ रांची चले जाने के कारण कोकराद नही पहुंच सके परंतु बाद में आने का विश्वास दिलाया है।इस तरह से जनहित मोर्चा के द्वारा आर्थिक सहयोग किया जा रहा है और हुक्मरान सरकारी खजाना लूटने में व्यस्त हैं। इस तरह से झारखंड जनहित मोर्चा के द्वारा प्रतिदिन टुंडी विधानसभा क्षेत्रों में असहायों का सहयोग मोर्चा के संस्थापक कर रहे हैं। श्री पाठक का इस तरह के जनहित कार्यों को करना उनका वसूल बताते हैं। मौके पर जनहित मोर्चा के निजी सचिव मुरारी सिंह, प्रकाश पाण्डेय , कन्या के पिता अताउर अंसारी,अकबर अंसारी ,मुस्ताक अंसारी,,जकाउल अंसारी,सुल्तान अंसारी,रजाउदीनअंसारी,जहीररूदीन अंसारी,शमीम आदि मौजूद थे`



## एदल : शिलान्यास के डेढ़ साल गुजरने के बाद भी नही बनी सड़क। 500 से ज्यादा बने गड्ढे और गड्डो में भरा पानी ।बनी है जनता की परेशानी।

**रविकांत गोप,दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता राजनगर(सरायकेला)**

राजनगर(झारखंड) एन एच 220 मुख्य मार्ग से एदल जानी वाली सड़क इन दिनों लोगों की सबसे बड़ी परेशानी का कारण बन गई है ।क्योंकि इस मार्ग में 500 से ज्यादा गड्ढे बन गए है ।और गड्डो में पानी भर जाने से लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।मोटरसाइकिल तो दूर की बात पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। इसी मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों स्कूली छात्र छात्राएं एदल उत्क्रमित उच्च विद्यालय भी जाते है ।और इन गड्डो में फस कर गिर जाते है। ऐसा नही कि इस सड़क को बनाने के लिए स-रकार ने पहल नही की ।पहल की,डेढ़ वर्ष पहले झारखंड सरकार के परि-वहन मंत्री सह स्थानीय विधायक द्वारा सड़क मार्ग का शिलान्यास भी कर दिया गया ।परन्तु डेढ़ साल पूरा होने के बावजूद सड़क नही बन पाया ।केवल अब तक तीन पुलिया बना कर छोड़ दिया गया है। वहीं ग्रामीणों एवं प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरने वाले लोग सरकार व प्रश-ासन से जल्द सड़क मार्ग निर्माण की मांग कर रहे है।

**क्या कहती है जनता:-**

**नटवर महतो(एक्स आर्मी) :-** इस सड़क का शिलान्यास होकर लगभग 2 साल होने को आया ,सड़क तो बनी नहीं लेकिन सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। जहां से लोगों का आना-जाना जोखिम से कम नही ।ना जाने कब बनेगी सड़क, और कब तक लोग प्रतिदिन घायल होते रहेंगे ।लेकिन इसकी सुद्दी लेने वाला कोई नही ।ना सरकार ना प्रशासन।

**नरेश दास (ग्रामीण):-** हमलोग कई वर्षों से इस सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे ।जब सड़क निर्माण कार्य आया ।तो सभी खुश थे ।लेकिन शिलान्यास के डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी सड़क नही बनने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है ।प्रतिदिन इस मार्ग में कई लोग गड्डो में फस कर गिर जाते है।

**बिट्टू मोदक(ग्रामीण) :-** यहाँ मोटरसाइकिल तो दूर की बात पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है ।मुख्य मार्ग जाने का एकमात्र रास्ता है,जहाँ प्रतिदिन लगभग 20 से 25 गाँव के लोग आना जाना करते है।

**रूपेश कुमार महतो (शिक्षक):-** इस मार्ग से पांच से छह गाँव के स्कूली बच्चे स्कूल जाते है ।बड़े बड़े गड्डो के कारण यहाँ गिर जाते है ।यदि इस मार्ग में फिलहाल गड्डो को भी भर दिया जाता तो कम से कम स्कूली छात्र छात्राओं को कोई दिक्कत नही होती।



## बोड़ाम में मंत्री बादल पत्रलेख व बन्ना गुप्ता का जनता दरबार 7 को

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : राज्य सरकार में कांग्रेस कोटे के दो मंत्रियों बादल पत्रलेख व बन्ना गुप्ता का 7 अक्टूबर को बोड़ाम प्रखंड के कुईयानी पंचायत मंडप में जनता दरबार लगाया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए कांग्रेस के जिला महासचिव किशनलाल महतो व बोड़ाम प्रखंड प्रभारी मोहनलाल बनर्जी ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन बोड़ाम प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से किया जाएगा। नेताद्वय ने बताया कि कार्यक्रम में कृषि मंत्री बादल पत्रलेख व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता जनता की समस्याएं सुनेंगे और ऑन द स्पॉट समाधान का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की भीड़ जुटाने के लिए प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रचार-प्रसार का कार्य जारी है।



## बेलटांड़ में दुर्गा पूजा समिति ने लगाया बोर्ड, गंदगी फैलाने पर 1000 जुमार्ना

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति लावा (बेलटांड़) की ओर से गुरुवार को पटमदा के बेलटांड़ बाजार में तीन जगहों पर साइन बोर्ड पर लगाकर लोगों को दुर्गा मंदिर, बजरंगबली मंदिर, बाबा तिलका पार्क एवं आसपास के जगहों पर गंदगी नहीं फैलाने की अपील की गई है। इसके साथ ही यह भी चेतावनी दी गई है कि अगर इस क्षेत्र में कोई पेशाब/शौच करते हैं या कूड़ा करकट फेंकते हैं तो पकड़े जाने पर दोषी व्यक्तियों के खिलाफ 1,000 रुपये का जुमार्ना लगाया जाएगा। इस संबंध समिति के अध्यक्ष ईशान चंद्र गोप ने बताया कि पिछले 2 अक्टूबर को मंदिर के आसपास स्वच्छता अभियान चलाते हुए परिसर में साफ-सुथरा किया गया था और लोगों से गंदगी नहीं फैलाने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि 20 अक्टूबर को पंडाल उद्घाटन के साथ ही दुर्गा पूजा का कार्यक्रम शुरू होने वाला है इसलिए आसपास को स्वच्छ और सुंदर बनाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शनिवार को बेलटांड़ में पूजा समिति के सदस्यों की अति महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई है जिसमें सभी सदस्यों से भाग लेने की अपील की गई है।




## पहली बार आमटाल गांव के पाताल फोड़ बूढ़ा शिव मंदिर में महामृत्युंजय जाप एवं रुद्राभिषेक नवग्रह पूजा का आयोजन किया गया ’

**दैनिक सामान जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झा-रखंड**

बलियापुर आमटाल पंचायत के सबसे पुराने पाताल फोड़ बूढ़ा बाबा शिव मंदिर के प्रांगण में एकदिवसीय महामृत्युंजय जाप एवं रुद्राभिषेक नवग्रह पूजा पुजारी आशीष चक्रवर्ती उर्फ पप्पू ठाकुर एवं बाम’पद (गुजा) आचार्य जो की झरिया राजा के गणक पंडित भी है उनके साथ विश्वजीत मिश्रा एवं चंदन देवघरिया भी इस पूजा आयोजन में पुजारी के रूप में शामिल थे सभी ने विधिवत वैदिक मंत्र उच्चारण करके तमाम आमटाल पंचायत के ग्रामवासी के सुख शांति के लिए भगवान से आशीर्वाद मांगे इस पूजा आयोजन में गांव के सभी वर्ग के लोग उपस्थित थे ’ सिंटू बनर्जी विश्वजीत बनर्जी, शीतल चंद्र सीमा गोराई,सुरजीत आदि के द्वारा सहयोग भी किया गया।



## दुकान बंद करने के बाद लापता हुए युवक का शव बरामद

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

सिंदरी मनोहरटांड़ के समीप आज दीपक महतो का शव प्रशासन एवं ग्रामीणों के द्वारा बरामद किया गया है मृतक के बड़े भाई का कहना है कि मेरा भाई कल दुकान बंद करने के बाद लापता हो गया था काफी खोजबीन के बाद प्रशासन को सूचित किया गया मगर आज उसका शव मनोहरटांड़ के समीप झाड़ियां में मिला मृतक के भाई का कहना है कि उसके भाई को किसी ने मार कर फेंक दिया है फिलहाल पुलिस जांच में जुट गई है



## दस दिन से अंधेरे मे डूबा गांव : विभाग सुध लेने को तैयार नही।

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)05 अक्टूबर 2023:- जिले के हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा पंचायत के करमा ,करानी ,सोनपुरा गांव पिछले दस दिनों से अंधेरे मे डूबा हुआ है। बताते चले की दस दिन पूर्व ही ट्रांसफार्मर तक आने वाले ग्यारह हजार के कनेक्शन के बिजली के खम्भे टूट के गिर गये जिसकी जानकारी विभाग को दी गयी पर इस-ाकी मरम्मत का कार्य अभी तक नही हो पाया है। जिस-ाके चलते उक्त गांव के सैकड़ो घर पिछले दस दिनों से अंधेरे मे डूबे हुए है ।ग्रामीणों से बात करने पर बताया की ये बिजली विभाग की निष्क्रियता है जिसको आम ग्रामीण झेलने को मजबूर है ।उक्त समस्या की जानकारी विभाग तक पहुँचाने का कार्य भी किया गया लेकिन अभी तक विभाग इस विकट समस्या विभाग के उदासीन रवैया अपना रहा है जो सम्बन्धित विभाग के लिए निंदनीय है ।विभाग की उ-दासीनता से लोगो मे आक्रोश पनप रहा है।





## फुटबॉल खेल प्रतियोगिता का किया गया उद्धघाटन।

**दैनिक समाज जागरण, आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ चतरा**

चतरा (झारखंड) 05 अक्टूबर 2023 :- जिले के कुन्दा प्रखंड के ग्राम बौधाडीह के कासिलोंग फुटबाल मैदान में गुरुवार को जेबीकेएसएस कमिटी चतरा के द्वारा फुटबॉल टूनार्मेंट मैच का उद्धघाटन विधिवत फीता काटकर किया गया। जिसमे पहले दिन लमटा शि-ावराजपुर एवं सती टाड लावालौंग के बीच खेला गया ।इस मौके पर जेबीकेएसएस चतरा के जिला उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिन्हा ,प्रेमलाल कुमार महतो ,कार्यकरणी अध्यक्ष राजू दा, जिला कोशाध्यक्ष उपेन्द्र भोक्ता,उप कोशाध्यक्ष जयकिशोर कुमार महतो,जिला मीडिया प्रभारी लोकनाथ महतो, जिला प्रवक्ता महेश बांडो ,एवम चतरा जिला के सक्रिये सदस्य मादी उरांव , बिजली महतो, दिलीप यादव , जितेंद्र कुमार यादव,राकेश महतो,रंजीत भोक्ता सहित कुन्दा प्रखंड के जेबीकेएसएस के सभी सदस्य उपस्थित थे।





## कुचाई अंचल में भूमि सत्यापन पर चल रही जोर शोर कार्य

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता खरसावां**

अबुआ वीर दिशुम अभियान वन कानून अधिनियम 2006 के तहत कुचाई अंचल कार्यालय में छोटासेगोई,बडाबांडी,चंपद,पुनीबुढी, गोपीडीह,गोगामोर्चा,पागारडीह गांव में सामुदायिक वन पट्टा की वितरण हेतु भूमि सत्यापन की कार्य काफी जोर शोर से चल रही है। वहीं अंचल के अंचल निरीक्षक एवं राजस्व कर्मचारियों के द्वारा गांव एवं स्थल का निरीक्षण कर खाता प्लॉट एवं रखवा की भुमि सत्यापन की कार्य किया जा रहा है ।ताकि ग्रामीणों को सामुदायिक वन पट्टा अंचल से मिल सकें मौके पर उपस्थित झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन के कुचाई प्रभारी भरत सिंह मुंडा ने कहा कि राज्य सरकार की नियम को पालन करते हुए।आबुआ वीर दिशुम अभियान वन कानून अधिनियम 2006 के तहत विभिन्न गांव में सामुदायिक वन पट्टा का वितरण व मुहिया करने के लिए भूमि सत्यापन की कार्य चल रही है। ताकि समय पर ग्रामीणों के बीच सामुदायिक वन पट्टा का वितरण किया जा सके। इस दौरान मुख्य रूप से अंचल निरीक्षक फूल कुमारी सोय मुखिया करम सिंह मुंडा झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन के कुचाई प्रभारी भरत सिंह मुंडा राजस्व कर्मचारी सानो मुर्मू प्रकाश लमाय अंचल अमीन सुरेश कुमार महतो विनोद मानकी दुर्गा मुंडा बेरगा सोय आदि उपस्थित थे।